जन्म जरा अने मरण मिटावे, नावे फरी गर्भावास रे प्राणी–साधुजी०

८. एक वचन श्री सतगुरु केरो, जो पैठे दिल माय रे प्राणी ।
नरक गतिमां ते नहि जावे, एम कहे जिनराय रे प्राणी–साधुजी०

९. प्रात: उठी ने उत्तम प्राणी, सुणो साधुजी रो व्याख्यान रे प्राणी ।
एवा पुरुषां नी सेवा करता, पावे अमर विमान रे प्राणी–साधुजी०

१०. संवत् अठारह ने वर्ष अडतीसे, बूसी गाव चौमासो रे प्राणी ।
'मुनि आसकरण' इण पर जंपे, हु तो उत्तम साधारो दास रे प्राणी–सा०

(६१)

अयवता मुनिवर, नाव तिराई वहता नीर मे ।।टेर।।

१. पोलासपुरी नगरी के राजा, विजय सेन भूपाल ।
श्री देवी के अग ऊपन्या, अयवता कुमारजी—अय०

२. बेले बेले करे पारणो, गणधर पदवी पाया ।
महावीरजो की आज्ञा लेकर, गौतम गोचरी आयाजी—अय०

३. खेल रहे थे खेल कवरजी, देखा गौतम आता ।
घर घर माहि फिरो हिंड़ता, पूछे दूजी वाताजी—अय०

४. असनादिक लेने के काजे, निर्दोषज हम बहरां।
अंगुली पकड़ी कुंवर ऐवंता, लायो गौतम लारेजी—अय०
५. माता देखी कहे पुण्यवंता, भली जहाज घर आणी।
हर्ष भाव धर निज हाथन से बहराया अन्न पाणीजी—अय०
६. लारे लारे चल्या कंवरजी, भेट्या मोटा भाग।
भगवंता की वाणी सुणने, उपना मन वैराग्यजी—अय०
७. घर आवी माता सुं कीनी, अनुमति की अरदास।
बात सुनी माता पुत्र की, मन मे आई हांसजी—अय०
८. तूं क्या जाणे साधुपणा में, बाल अवस्था थारी।
ऐसो उत्तर दियो कंवरजी, मात कहे बलिहारीजी—अय०
९. महोत्सव करीने संजम लीनो, हुआ बाल अणगार।
भगवंता का चरण भेंटिया, धन ज्यांरा अवतारजी—अय०
१०. वर्षा काल बरसियां पीछे, मुनिवर थंडिल जावे।
पाल बांध पानी मे पातरा, नावां जाण तिरावेजी—अय०
११. नाव तिरे म्हारी नाव तिरे यो, मुख से शब्द उच्चारे।
साधां के मन शंका उपनी, किरिया लागे थांरेजी—अय०
१२. भगवंत भाखे सब साधां ने, भक्ति करो तहे दिल से।
हीला निन्दा मती करो कोई, चरम शरीरी जीवजी—अय०
१३. शासन पति का वचन सुणी ने, सबही शीश चढ़ाया।
ऐवता की हुण्डी सिकरी, आगम मांहि गायाजी—अय०
१४. संवत उन्नीसे साल छेयालिस, भीलाड़ा सेखे काल।
'रतनचन्दजी' गुरु प्रसादे, गाई 'हीरालाल' जी—अय०

(६२)

१. अरणक मुनिवर चाल्या गोचरी, धरती दाझै ज्यूं शीशो जी।
पांव उभराणा रे सिर-पद जले, तन सुकुमाल मुनीश्वरो जी—अर०

२. मुख कमल ज्यांरा मालती फूल ज्यूं, ऊभो गोखे हेठो जी।
भरी दुपेरी में दीख्यो एकलो, मोहिनी स्वामिनी दीठो जी–अर०

३, वयण रंगीली रे नयणा विधिया रिख ढव्यो तिण ठामोजी।
दासी ने कहे जाय उतर वलि, रिख तेड़ी ने लाम्रो जी–अर०

४. पावन कीजे हो मुझ घर-आंगणो, वेहरो मोदक सारोजी।
नवजोवन मारी काया कांई दहो, सफल करो जमारोजी–अर०

५. अरणक अरणक मां करती फिरे, गलियां गलियां भ्रमतीजी।
कहो किण दीठो रे मारो बालूड़ो, लारे वहु नर नारी जी–अर०

६. तिहाँ थी उतरी ने जननी पाय नमीयो, हुलसायो मन माता जी।
धिग् वत्स तोने रे चारित्र चूकियो, जेथी शिवपुर जाता जी–अर०

७. अगन ज्यूं तपत सिल्ला ऊपरे, अरणक अणसण कीधो जी।
'समय सुन्दर' कहे धन्य ते मुनिवर, मनवांछित पद लीधो जी–अर०

(६३)

१. नाम ऐला पुत्र जाणियो, 'धनदत्त' सेठ नो पूत।
नटवी देखी ने मोहियो, नही लखियो घर नो सूत—करम०

२. करम न छूटे रे प्राणियां, पूरव नेह विकार।
निज कुल छांड़ी रे नट थयो, न आणी शरम लिगार—करम०

३. एक पुर आव्यो रे नाचवा, ऊंचो वांस विशेष।
तिहां राय आव्यो रे जोयवा, मिलिया लोक अनेक—करम०

४. दोय पग पेहरी रे पांवड़ी, वांस चढ्यो गज गेल।
निरधारा ऊपर नाचतो, खेले नवा नवा रे खेल—करम०

५. ढोल बजावेरे नटवी, गावे किन्नर साद।
पांय घुंघरू घमघमे, गाजे अम्बर नाद—करम०

६. तब राजेन्द्र मन चिंतवे, लुभाव्यो नटवी रे साथ।
जो नट पड़े रे नाचतो, तो नटवी आवे मुझ हाथ—करम०

७. दान न आपेरे भूपति, नट जाणी नृप बात।
"हूं धन वंछु रे रायनो, राय वंछे मुझ घात"—करम०

८. तब तिहां मुनिवर पेखिया, धन धन साधु निराग।
धिग् धिग् भिख्यारी जीव ने, इम पाम्यो वैराग—करम०

९. संवर भावे रे केवली, थयो करम खपाय।
केवल महिमा रे सुर करे, 'लब्ध विजय' गुण गाय—करम०

(६४)

१. राजगृहीना वासियाजी, 'जंबू' नाम कुमार,
'ऋषभदत्त'रा डीकराजी, 'भद्रा' ज्यांरी मांय।
जंबू कह्यो मान ले जाया, मत ले संजम भार।।टेर।।

२. सुधर्मा स्वामी पधारियाजी, राजगृही रे मांय।
'कोणिक' वांदण चालियोजी, जंबू वांदण जाय—जंबू०

३. भगवंत वाणी वागरीजी, वरसै अमृतधार।
वाणी सुणी वैरागियाजी, जाण्यो अथिर संसार—जंबू०

४. घर आया माता कनेजी, विनवे बारं बार।
अनुमति दीजो मोरी मातजी, माता लेसूं संजम भार।
माता मोरी सांभलो, जननी लेसूं संजम भार।।टेर।।

५. ये आठूंही कामणी जंबू, अपछर रे उणिहार।
परणी ने किम परिहरो, ज्यांरा किम निकले जमार—जंबू०

६. ये आठूंही कामणी जंबू, तुम बिन विलखी थाय।
रमियां ठमियां सुं नीसरे, ज्यांरा बदन कमल विलखाय—जंबू०

७. मत हीणो कोई मानवी, माता मिथ्या मत भरपूर।
रूप रमणी सूं राचियां, ज्यांरा नही हुवे दुरगत दूर—माता०

८. पाल पोस मोटो कियो, जंबू इम किम दो छिटकाय।
मात पिता मेले झूरता, थांने दया नही आवे दिल मांय—जंबू०

९. एक लोटो पानी पीयो, माता मायर बाप अनेक।
सगलांरी दया पालसूं, माता आणी ने चित्त विवेक—माता०

१०. ज्यूं आंधारे लाकड़ी जंबू, तूं म्हारे प्राण आधार।
तुझ बिन म्हारे जग सूनो, जाया जननी जीतब राख—जबू०

११. रतन जड़त रो पींजरो माता, सुओ जाणे फंद।
काम भोग संसारना माता, ज्ञानी जाणे झूठो वंद—माता०

१२. पंच महाव्रत पालणो जंबू, पाचूं ही मेरु समान।
दोष बयालीस टालणा जंबू, लेणो सूझतो आहार—जंबू०

१३. पंच महाव्रत पालसूं माता, पांचूं ही सुख समान।
दोष बयालीस टालसूं माता, लेसूं सूझतो आहार—माता०

१४. संजम मारग दोहिलो जंबू, चलणो खांडेरी धार।
नदी किनारे रूंखडो जंबू, जद तद होय विनास—जबू०

१५. चांद बिना किसी चांदणी जंबू, तारा विन किसी रात।
वीरा बिना किसी वेनड़ी जंबू, झुरसी वार तिवार—जंबू०

१६. दीपक बिना मन्दिर सूनो जंबू, पुत्र बिना परिवार।
कंत बिना किसी कामिनी जंबू, झुरसी वारू मास—जंबू०

१७. माता पिता मेलो मिल्यो, माता मिली अनंती बार।
तारण समरथ कोई नहीं माता, पुत्र पिता परिवार—माता०

१८. मोह मतकर मोरी मात जी, मोह कियां बंधे कर्म।
हालर हूलर कांई करो माता, करजो जिनजीरो धर्म—माता०

१६. ये आठूं ही कामणी जंवू, सुख विलसो संसार।
दिन पीछा पड़ियां पछे, थेंतो लीजो संजम भार—जंवू०

२० ए आठूं ही कामणी माता, समझाई एकण रात।
जिनजीरो धर्म पिछाणियो माता, संजम लेसी म्हारे साथ—माता०

२१. मात पिता ने तारिया जंवू, तारी छे आठूं ही नार।
सासू सुसरा ने तारिया जंवू, पांचसे प्रभव परिवार।
जंवू भलो चेतियो जाया, लीनो संजम भार ।।टेर।।

२२. पांचसे ने सत्ताईस जणा साथे, जवू लीनो संजम भार।
इग्यारे जीव मुगते गया सरे, बाकी स्वर्ग मंझार—जंवू०

(६५)

१. वीरा ! म्हारा गज थकी हेठो उतर रे,
गज चढ्यां केवल नहीं होसी बंधव मांहरा गज थकी हेठो उतर रे–वीरा०

२. राज तणां लोभियो भरत-बाहुबली रे,
जूझे मूठ कटारी मारवा, बाहुबलि ! प्रतिबूझ रे—वीरा०

३. ब्राह्मी सुन्दरी इम भाखे रे,
"ऋषभ जिनेश्वर मोकली, मोकली बाहुबलि तुम पासे रे—वीरा०

४. लोच करी संजम लीनो आयो बलि अभिमानो रे,
'लघु बन्धव वंदूं नही' काउसग्ग रह्या शुभ ध्यानो रे—वीरा०

५. वर्ष दिवस काउसग्ग रह्या बेलडियां लिपटाणी रे,
पंखेरु माला मांडिया-शीत ताप बहु सहणो रे"—वीरा०

६. साध्वी वचन सुणि करि, चमक्या चित्त मंझारो रे,
"हय गय पैदल रथ तज्या पण चढ्यो अहंकारो रे—वीरा०

७. वैराग्य मन में धारियो हूं तो तजूं अभिमानो रे",
चरण उठायो वांदवा–पाम्यो केवलज्ञानो रे—वीरा०

८. पहुंच्या है केवली परिषदा, बाहुबलि मुनिराजो रे,
अजर अमर पदवी लही 'समयसुन्दर' वंदे पायो रे—वीरा०

(६६)

गुण-स्थानक

१. अपूर्व अवसर एवो क्यारे आवशे,
क्यारे थइशुं बाह्याभ्यन्तर निर्ग्रन्थ जो।
सर्व सम्बन्ध नुं बन्धन तीक्षण छेदीने,
विचरशुं कब महत्पुरुष ने पंथ जो—अपूर्व०

२. सर्व भावथी औदासीन्य वृत्ति करी,
मात्र देह ते संयम-हेतु होय जो।
अन्य कारणे अन्य कशुं कल्पे नही,
देहे पण किंचित मूर्च्छा नवि जोय जो—अपूर्व०

३. दर्शन मोह व्यतीत थइ उपज्यो बोध जे,
देह भिन्न केवल चैतन्यनुं ज्ञान जो।
तेथी प्रक्षीण चारित्र मोह विलोकिये,
वर्ते एवुं शुद्ध स्वरूप नुं ध्यान जो—अपूर्व०

४. आत्म-स्थिरता त्रण संक्षिप्त योगनी,
मुख्य पणे तो वर्ते देह-पर्यन्त जो।
घोर परीषह के उपसर्ग-भये करी,
आवी शके नही ते स्थिरता नो अन्त जो—अपूर्व०

५. संयम ना हेतु थी योग-प्रवर्तना,
स्वरूप-लक्षे जिन आज्ञा आधीन जो।
ते पण क्षण क्षण घटती जाती स्थितिमां,
अन्ते थाये निज स्वरूप मा लीन जो—अपूर्व०

६. पंच विषय मां रागद्वेष-विरहितता,
पंच प्रमादे न मिले मन नो क्षोभ जो।
द्रव्य क्षेत्र ने कालभाव-प्रतिवन्ध विण,
विचरवु उदयाधीन पण वीत-लोभ जो—अपूर्व०

७. क्रोध प्रत्ये तो वर्ते क्रोध-स्वभावता,
मान प्रत्ये तो दीन पणानुं मान जो।
माया प्रत्ये माया-साक्षी भाव नी,
लोभ प्रत्ये नहीं लोभ समान जो—अपूर्व०

८. बहु उपसर्ग-कर्त्ता प्रत्ये पण क्रोध नहीं,
वन्दे चक्री तथापि न थाये मान जो।
देह जाय पण माया थाय न रोम मां,
लोभ नहीं छो प्रबल सिद्धि निदान जो—अपूर्व०

९. नग्नभाव मुंडभाव सह अस्नानता—
अदन्त धोवन आदि परम प्रसिद्ध जो।
केश, रोम, नख के अंगे शृंगार नही,
द्रव्य भाव संयम मय निर्ग्रन्थ सिद्ध जो—अपूर्व०

१०. शत्रु मित्र प्रत्ये वर्ते समदर्शिता,
मान अमाने वर्ते स्वभाव जो।
जीवित के मरणे नही न्यूनाधिकता,
भव-मोक्षे पण वर्ते समभाव जो—अपूर्व०

११. एकाकी विचरतो वली श्मसान मां,
वली पर्वतमां बाघ सिंह संयोग जो।
अडोल आसन ने मन मां नहि क्षोभता,
परम मित्र नो जाणे पाम्या योग जो—अपूर्व०

१२. घोर तपश्चर्या मां पण मन ने ताप नहीं,
सरस अन्ने नही मन ने प्रसन्न भाव जो।
रज-कण के ऋद्धि वैमानिक देवनी,
सर्वे मान्या पुद्गल एक स्वभाव जो—अपूर्व०

१३. एम पराजय करी ने चारित्र मोहनो,
आवु ं त्यां ज्यां करण अपूर्व भाव जो।
श्रेणी क्षपक तणी करी ने आरूढ़ता,
अनन्य चिन्तन अतिशय शुद्ध स्वभाव जो—अपूर्व०

१४. मोह स्वयंभूरमण समुद्र तरी करी,
स्थिति त्यां ज्यां क्षीण मोह गुणस्थान जो—अपूर्व०
अंत समय त्यां पूर्ण स्वरूप वीतराग थई,
प्रगटावु ं निज केवल ज्ञान निधान जो।

१५. चार कर्म घनघाती ते व्यवच्छेद ज्यां,
भव ना बीज तणो आत्यन्तिक नाश जो।
सर्वभाव ज्ञाता द्रष्टा सह शुद्धता,
कृतकृत्य प्रभु वीर्य अनन्त प्रकाश जो—अपूर्व०

१६. वेदनीयादि चार कर्म वर्ते जहां,
वली सीदरिवत् आकृतिमात्र जो।
ते देहायुष आधीन जेनी स्थिति छे,
आयुष पूर्णे मिटिये दैहिक पात्र जो—अपूर्व०

१७. मन वचन काया ने कर्मनी वर्गणा,
छूटे जहां सकल पुद्गल सम्बन्ध जो।
एवु ं अयोगी गुणस्थान त्यां वर्ततु ं,
महाभाग्य सुखदायक पूर्ण अबन्ध जो—अपूर्व०

१८. एक परमाणुमात्रनी मले न स्पर्शता,
पूर्ण कलंक-रहित अडोल स्वरूप जो।
शुद्ध निरजन चैतन्य मूर्ति अनन्तमय,
अगुरुलघु अमूर्त सहज पद रूप जो—अपूर्व०

१९. पूर्व प्रयोगादि कारण ना योग थी,
उर्ध्व गमन सिद्धालय प्राप्त सुस्थित जो।
सादि अनन्त अनन्त समाधि सुख मां,
अनन्त दर्शन ज्ञान अनन्त सहित जो—अपूर्व०

२०. जे पद श्री सर्वज्ञ दीठूं ज्ञान मां,
कही शक्या नही पण ते श्री भगवान जो।
तेह स्वरूप ने अन्य वाणी शुं कहे,
अनुभव गोचर मात्र रह्यूं ते ज्ञान जो—अपूर्व०

२१. एह परम पद प्राप्ति नुं कयूं ध्यान मैं,
गजा वगर नो हाल मनोरथ रूप जो।
तो पण निश्चय 'राजचन्द्र' मन में रह्यो,
प्रभु आज्ञाये थाशुं तेज स्वरूप जो—अपूर्व०

(६७)

१. अब हम अमर भये ना मरेंगे,
या कारण मिथ्यत दियो तज, क्यो कर देह धरेंगे—अब०
२. राग द्वेष जग बन्ध करत हैं इनका नाश करेंगे,
भ्रम्यो अनन्त काल ते प्राणी सो हम काल हरेंगे—अब०
३. देह विनाशी हूं अविनाशी अपनी गति पकरेंगे
नासी जासी हम थिरवासी चोखे व्है निखरेंगे—अब०
४. मर्यो अनन्त वार बिनु समज्यो अब सुख दुःख विसरेंगे,
'आनन्दघन' निपट निकट अक्षर दो नही सुमरे सो सुमरेंगे—अब०

(६८)

१. अहो जगत गुरु एक, सुनिये अरज हमारी ।
तुम हो दीन दयाल, मैं दुखिया संसारी ।।

२. इस भव वन वादि में, काल अनन्त गमायो ।
भ्रमत चहुं गति मांहि, सुख नही दुःख बहु पायो ।।

३. कर्म महारिपु जोर, एक न कान धरेजी ।
मन मान्या दुःख देहिं काहू सौ न डरे जी ।।

४. कबहूं इतर निगोद, कबहूं नरक दिखावै ।
सुर नर पशु गति मांहि, बहू विधि नाच नचावे ।।

५. प्रभु ! इनके परसंग, भव मांहि बुरेजी ।
जे दुःख देखे देव ! तुम सों नाहिं दुरे जी ।।

६. एक जन्म की बात, कहि न सको सुन स्वामी ।
तुम अनन्त परजाय, जानत अन्तर जामी ।।

७. मैं तो एक अनाथ, ये मिलि दुष्ट घनेरे ।
किया बहुत बेहाल, सुनिये साहिब मेरे ।।

८. ज्ञान महानिधि लूटि, रंक निर्बल करि डार्यो ।
इन्ही तुम मुझ मांहि, हे जिन ! अन्तर पार्यो ।।

९. पाप पुण्य की दोई, पांयनि बेडी डारी ।
तन कारागृह मांहि, मोहिं दियो दुःख भारी ।।

१०. इनको नेक बिगार, मैं कछु नांहि कियो जी ।
बिन कारण जगवद ! बहु विधि वैर लियो जी ।।

११. अब आयो तुम पास, सुनि जिन सुजस तिहारो ।
नीति निपुण जग राय ! कीजे न्याय हमारो ।।

१२. दुष्टन देहु निकास, साधन को रख दीजे ।
विनवें 'भूधरदास' हे प्रभु ! ढील न कीजे ।।

(६६)

१. इम समकित मन थिर करो, पालो निर अतिचार ।
मनुष्य जन्म छै दोहिलो, भमतां जगत मंझार ॥

२. नर भव आरज कुल तिहा, सुणवी जिनवर वाण ।
होय यथारथ श्रद्धना, चउ अंग दुर्लभ जान ॥

३. आरम्भ परिग्रह दोय ए, तेइस विपय कपाय ।
जव लग पतला ना पड़े, तब लग समकित नाय ॥

४. आत्म, लोक, कर्म, क्रिया, शुद्ध वाद है चार ।
चिंतवतां समकित लहे, जीव जगत मंझार ॥

५. जीव अभूरत शाश्वतो, तीन रत्न सुभाय ।
पर संयोगे ऊपजे, तस विपय कपाय ॥

६. आतम सम छहकाय हैं, दुःख निर अभिलाप ।
परलोक परवश जाइवो, जिन आगम है साख ॥

७. संपत् विपत् सुखी-दु.खी, मूढ़ 'रु चतुर सुजान ।
न:टक कर्मना जाणज्यो, नाना जगत विधान ॥

८ बिन कीधां लागे नही, कीधां कर्मज होय ।
कर्म कमाया आपणा, तेह थी सुख दुःख होय ॥

६ जीव अजीव वेहू मिल्या, खीर नीर ने न्याय ।
अज्झत्त गुण ने कारणे, ते थी वन्धन थाय ॥

१०. आस्रव हेतु छे वन्धनो, शुभ–अशुभ दो भेद ।
क्रम थी पुण्य ने पाप छे, मोक्ष तेहनो छेद ॥

११. संवर रोके आवतां, क्षीण तप थी होय ।
तेहनो नाम छे निर्जरा, मुगति कारण दोइ ॥

१२. पहली त्रिक मन धारिये, ज्ञेय अरु बीजी हेय।
तीजी उपादेय जानिये, इम मन समकित सेय ॥
१३. उपशम जेह कषाय नो, तेहनो शम अभिधान।
मुगति पंथ नी चाहना, सो सम्वेग प्रधान ॥
१४. होइ उदास विषय विषै जाणीजो निरवेद।
पर दुःख देखी दुख-दया, ओ छे चौथो भेद ॥
१५. इह परलोक छतापणो, होइ आस्तिक भाव।
कर्म कर्या तेना फल सही, होइ पुण्य ने पाप ॥
१६. तर्क अगोचर 'सद्दहो', द्रव्य धर्म अधर्म।
केई 'प्रतीतो' युक्ति सो पुण्य-पाप जु कर्म ॥
१७. तप चरित ने रोचवो, कीजे तस अभिलाख।
'श्रद्धा' 'प्रत्यय' 'रुचि' तिहुं, है जिन आगम साख ॥
१८. पंथ, धर्म, जिय, साधु छे सिद्ध शेतर[1] जान।
एह पदारथ जाणिये, 'सण्णा' (सज्ञा) दस विध मान ॥
१९. जाति सुभ्रति औधि आदि सो, उपजे बोधि निसर्ग १।
छद्मस्थ जिन उपदेश सो, पावे भविजन वर्ग २ ॥
२०. आदेश गुरुमुख सुन लहे, 'आणारुचि' ३ या होइ।
पढतां श्रुत के ऊपजे, 'सूत्र रुचि' है ४ सोय ॥
२१. तेल सलिल के न्याय सो, बोधि बीज को लाह।
ते तुम जाणो 'बीज रुचि' ५, भाखे जिनवर नाह ॥
२२. अर्थ विचारे सूत्र के, 'अभिगम रुचि' ६ सो जान।
सब गुण पर्यव भाव नय, इम विस्तारे ७ मान ॥
२३. 'क्रिया रुचि' ८ क्रिया विषै, उद्यम करतां होई।
चारित्र मे उद्यम किया, 'धर्म रुचि' ९ है सोई ॥

---

१. मार्ग, धर्म, जीव, साधु एवं सिद्ध—इन पाचो के इतर उन्मार्ग, अधर्म, अजीव, असाधु एवं असिद्ध—ये दस प्रकार की सज्ञाए हैं।

२४. जांने कुदर्शंण ना ग्रह्यो, जांहि समय प्रवीन।
'संक्षेप रुचि' १० सो जानिये, भाखे बुद्धि-प्रहीन ॥

२५. चार अनंतानुबंधिया, मिथ्या-मोहनी मीस।
ए सब समकित को हणे, भाख्यो श्री जगदीश ॥

२६. देश हणे सम मोहनी, सपतक एही जान;
क्षय उपसम इनका कह्यो, मीस उदय प्रमान ॥

२७. उपसम क्षय छे सात नो, क्षय अरु उपसम भेद।
च्यारि भनंतानुबंधिया, निश्चय छे इह छेद ॥

२८. दसन एक दुहून को, क्षय - उपसम शेप।
समकित मोहनी उपसमै नियमा ए तिहुं लेख ॥

२९. वेदक मे नियमा उदय, होई समकित मोह।
शेष छह प्रकृति उपशमै, अथवा पावे छोह ॥

३०. चार कपाय क्षय हुवै, दंसण दो उपशाम।
अथवा मीसा उपसमैं, पंच पावे विराम ॥

३१. ए नव भेद समकित कह्यो, जेह थी शिवसुख थाइ ॥
क्षय उपसम दोय वेद छे, ए ही च्यारैं भाई ॥

३२. शंका १ कंखा २ कर रहित, वितिगिच्छा ३ जी नांहि।
दिट्ठी अमूढ ४ थिरीकरण ५ जिनमत के मांहि ॥

३३. धर्म विपै उच्छाहना, तस उववूह ६ नाम।
वात्सलय ७, प्रभावना ८, ए आचार ना ठाम ॥

३४. शंका संशय ऊपजै, सब - देसे होइ।
सवथी अनाचार देश थी, अतिचार छे सोइ ॥

३५. धर्म करंतां मन धरे, देवादिक नी भीति।
अथवा लज्जा लोकनी, ए छे शंका रीति ॥

३६. कंखा परमत वांछवो, सब देशे जो होइ।
सब थी अनाचार देश थी–अतिचार छे सोइ॥

३७. सहाय वांछे धर्म में, नर अरु सुर थी कोय।
लब्ध्यादिक वांछा करे, ए है कखा जोय॥

३८. तप चारित्र ना फल विषै वितिगिच्छा संदेह।
साधु–उपधि मलिन लखि, दुग्गछा छे एह॥

३९. संसार कारज साधवा, जो परजुंजे धर्म।
सभी अतिचार ऊपजे, सममोहनी कर्म॥

४०. पासत्थादि कुदर्शनी, जेह शिथिलाचार।
निन्हव जेय असाधु छै, एहनो कर परिहार॥

४१. एह प्रशसे – सथवे, अतिचार छे पच।
समदृष्टी ! तुम जाणज्यो, ए मति सेवो रंच॥

४२. क्षण क्षण जो क्रोध करे, धरे अति दीरघ रोष।
इह – पर जग – जस – वदना – कारण तप पोष॥

४३. निमित्त करी अजीविका, एह थी असुरज थाय।
च्यार पदे संमोह छे, ते थी समकित जाय॥

४४. उन्मारग नी देशना, पंथ – विघ्न – सुजान।
गिरधी भाव विषय तणो, काम भोग निदान॥

४५. अरिहन्त – धर्म तथा गुरु – संघ अवरणवाद।
एह थी किल्विषता लहे, मिथ्यामति उत्पाद॥

४६. अपना गुण पर–औगुणों, भूति कौतुकाकार।
अभियोगी सुर जे हुवे, ते छे चार प्रकार॥

४७. कंदर्पी विकथा करै, भण्ड – चेष्टा – जान।
चपलाई परिहास छै, ते कंदर्पी थान॥

४८. आरम्भ परिग्रह मोट को, पंचेन्द्रिय नी घात।
निंद्य आहार नरक तणां, हेतू च्यारे बात ॥

४९. माया करै तस गोपवै, कूड़ा देवे आल।
कूड़ा मापा तोलतां, तिर्यंच बंधे काल ॥

५०. चारित्र दर्शन ज्ञान को, कीजिये अभ्यास।
संगति कीजै साधुनी, जे छे जगथी उदास ॥

५१. भ्रष्ट कुदर्शन की तजो, संगति ए व्यवहार।
समकित ना ए जाणज्यो, इम ए चारि प्रकार ॥

५२. अन्यमती तस देवता, चैत्य वंदे नांहि।
राजा–गण–सुर गुरु – सबल – वृत्ति – छांडी मांहि ॥

५३. न्याय करे न्याय भाषही, न्याय को पक्षपात।
न्याय विचारे मन धरे, लज्जा–नीति की बात ॥

५४. जाको बल्लभ न्याय है, न्याय ही को आचार।
न्याय ही सों सबही करे, वृत्ति ओ' व्यवहार।

५५. नौ तत्व जान १ सहाय न वंछे, डिगे नहीं देव अदेव डिगाये २।
३ दोष विना जो धरे जिन दर्शन ४ निरनै सब अर्थ करी समझाये ॥

५६. धर्म के राग रंग्यो हिरदे ५ अति धर्म कहे आपस में मिलायै।
निर्मल चित्त ७ अभंग दुवार ८ अंतेउर नाहि परे घर जायै ॥

५७. पोषध छहु तिथि को करै ९ प्रतिलाभे शुभ साध १०।
ऐसे समदृष्टि तथा, श्रावक हैं आराध ॥

(७०)

१. उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहां जो सोवत है ॥ध्रु०॥
जो सोवत है सो खोवत है, जो जागत है वो पावत है।

२. टुक नीद से अंखियां खोल जरा, ओ गाफिल रब (प्रभु) से ध्यान लगा।
यह प्रीत करन की रीत नही, रब जागत है तूं सोवत है॥

३. अनजान ! भुगत करणी अपनी, ओ पापी ! पाप में चैन कहां ?
जब पाप की गठड़ी शीश धरी, फिर शीश पकड़ क्यो रोवत है ?

४. जो काल करे सो आज ही कर, जो आज करे सो अब करले।
जब चिड़ियन खेती चुगि डारी, फिर पछताये क्या होवत है ?

(७१)

१. उठ भोर भई टुक जाग सही, भज वीर प्रभु भज वीर प्रभु।
अब नीद अविद्या त्याग सही, भज वीर प्रभु भज वीर प्रभु॥

२. जग जाग उठा तूं सोता है, अनमोल समय यह खोता है।
तूं काहे प्रमादी होता है, भज वीर प्रभु भज वीर प्रभु॥

३. यह समय नही है सोने का, है वक्त पाप–मल धोने का।
अरु सावधान चित होने का, भज वीर प्रभु भज वीर प्रभु॥

४. तूं कौन कहा से आया है, अब गमन कहां मन लाया है।
टुक सोच यह अवसर पाया है, भज वीर प्रभु भज वीर प्रभु॥

६. रे चेतन चतुर हिसाब लगा, क्या खाया खरचा लाभ हुआ।
निज ज्ञान जमा तूं संभाल सही, भज वीर प्रभु भज वीर प्रभु॥

५. गति चार चौरासी लाख रुला, यह कठिन कठिन शिवराह मिला।
अब भूल कुमार्ग विषे मत जा. भज वीर प्रभु भज वीर प्रभु॥

(७२)

एकज ए अभिलाष – मम हृदये तव वास—एकज०

१. ना चाहूं जग कीरति मेवा, ना स्वर्ग निवास।
सिद्धि मिले, भले जीवन बलि हो, ए अन्तर नी आस—एकज०

२. सफल विफलनी ना मुझ परवाह, परवाह गुरुजन सेवा।
महा आंधी मां भले रहूं निरन्तर, तुझ चरणे विश्वास—एकज०

(७३)

१. एक सांस खाली मत खोय रे जगत् बीच,
कीचड़ कलक अग धोयने तो धोयले ।।टेर।।
२. उर अन्धियार पाप पूर को भरियो है जामें।
ज्ञान की चिराग चित्त जोय ले तो जोय ले—एक सांस०
३. मानुष जनम ऐसो फेर न मिलेगो मूढ़।
परम प्रभु से प्यारे होय ले तो होय ले—एक सांस०
४. क्षण भगुर देह या में जनम सुधारबो है।
बिजली के झलके मोती पोय ले तो पोय ले—एक सांस०

(७४)

१. ए जी ! थांने आई अनादि की नींद, जरा टुक जोवो तो सही।
ए जी ! थांने सुमति कहे कर जोड़, सन्मुख होओ तो सही–एजी०
२. मोह मद छक रही नीद निवाणी, टोओ तो सही।
अजी जरा ! ज्ञान शुद्धोदक छांट, अंखियन पट खोलो तो सही–एजी०
३. काल अनन्त दुःख देख पिया ! क्यों फिर मोहो छो सही।
अजी ! इन कुमति सखियन संग बैठ बैठ, पेठ क्यों खोओ छो सही–एजी०
४. क्रोध कपट मद लोभ, विषयवश होओ छो सही।
अजी यो ! चतुर्गति को बीज, चतुरां ! किम बोओ छो सही–एजी०
५. सत्य – मत – मुक्ता – माल प्रेम धर पोओ तो सही।
अजी ! या निज-सुख-सेज 'सुजाण' सुगुण मन सोओ तो सही–एजी०

(७५)

करलो श्रुतवाणी का पाठ, भविक जन मन मल हरने को ।।टेर।।

१. बिन स्वाध्याय ज्ञान नही होगा ज्योति जगाने को ।
राग द्वेष की गाठ गले नही बोधि मिलाने को ।।

२. जीवादिक स्वाध्याय से जानो करणी करने को ।
बंध मोक्ष का ज्ञान करो भव भ्रमण मिटाने को ।।

३. तुंगियापुर में स्थविर पधारे ज्ञान सुनाने को ।
सुज्ञ उपासक मिलकर पूंछे सुर पद पाने को ।।

४. स्थविरों के उत्तर थे सब जन मन हर्षाने को ।
गौतम पूछे स्थविर समर्थ है उत्तर देने को ।।

५. जिनवाणी का सदा सहारा श्रद्धा रखने को ।
बिन स्वाध्याय न संगत होगी भव दुःख हरने को ।।

६. सुबुद्धि ने भूप सुधारा भव जल तिरने को ।
पुद्गल परिणति को समझा कर धर्म दिपाने को ।।

७. नित स्वाध्याय करो मन लगाकर शक्ति बढ़ाने को ।
'गज मुनि' चमत्कार कर देखो निज बल पाने को ।।

(७६)

करलो सामायिक रो साधन जीवन उज्वल होवेला ।।टेर।।

१. तन का मैल हटाने खातिर नित प्रति नहावेला ।
मन पर मैल चहूं ओर जमा है कैसे धोवेला—करलो०

२. बाल्यकाल मे जीवन देखो दोष न पावेला ।
मोहमाया का संग कियां से दाग लगावेला—करलो०

३. ज्ञान गंगा ने क्रिया घुलाई जो कोई धोवेला ।
काम क्रोध मद लोभ दाग को दूर हटावेला—करलो०

४. सत्संगत और शान्त स्थान दोष बचावेला।
फिर सामायिक साधन करने शुद्धि मिलावेला—करलो०

५. दोय घड़ी निज रूप रमणकर जग विसरावेला।
धर्मध्यान में लीन होय चेतन सुख पावेला—करलो०

६. सामायिक से जीवन सुधरे जो अपनावेला।
निज सुधार से देश जाति सुधरी हो जावेला—करलो०

७. घिसत घिसत प्रतिदिन रस्सी भी शिला घिसावेला।
करत करत अभ्यास मोह का जोर मिटावेला—करलो०

(७७)

१. कैसे करि केतकी कणर एक कह्यो जाय।
आक-दूध गाय-दूध अन्तर घणेरो है॥

२. रीरी होत पीरी पण हौंस करे कंचन की।
कहां काग-वाणी कहां कोयल की टेर है॥

३. कहां भानु तेज कहां आगियो विचारो कहां।
पूनम उजियारो कहां अमावस अंधेरो है॥

४. पक्ष छोड़ि पारखी निहारो नेक नीके करी।
जैन वैन और वैन अन्तर घणेरो है॥

५. वीतराग वाणी सांची मुक्ति की निसण्णी जाणी।
सुकृत की खानि ज्ञानी मुख से बखाणी है॥

६. इनको आराध के तिरे हैं अनन्त जीव।
ताको ही जहाज जान श्रद्धा मन आणी है॥

७. सरधा है सार धार सरधा से खेवो पार।
श्रद्धा विन जीव ख्वार निश्चै कर मानी है॥

८. वाणी तो घणेरी पर वीतराग तुल्य नहीं।
इसके सिवाय और छोरो-सी कहानी है ।।

(७८)

घणो सुख पावेला, जो गुरु वचनों पर प्रीति वढावेला ।।टेर।।

१. विनयशील की कैसी महिमा, मूल सूत्र बतलावेला।
वचन प्रमाण करे सो जन सुख सम्पति पावेला ।।

२. गुरु सेवा और आज्ञाधारी, शिक्षा खूब मिलावेला।
जलपाये तरुवर सम वे, जग मे सरसावेला ।।

३. वचन प्रमाणे जो नर चाले, चिन्ता दूर भगावेला।
आपमती आरति नित भोगे, धोखा खावेला ।।

४. एकलव्य लखि चकित पाडुसुत, मन मे सोच करावेला।
कहा गुरु से हाल भील की भक्ति बतावेला ।।

५. देख भक्ति उस भील युवा की, वन देवी खुश होवेला।
बिना अंगूठे बाण चले यो वर दे जावेला ।।

६. गुरु कारीगर के सम जग मे वचन टंक जो खावेला।
पत्थर से प्रतिमा जिम वो नर महिमा पावेला ।।

७. कृपा दृष्टि गुरुदेव की मुझ पर ज्ञान शांति बरसावेला।
'गजेन्द्र' गुरु महिमा का नहीं कोई पार मिलावेला ।।

(७९)

१. चेतन ! अब मोहि दर्शन दीजे।
तुम दर्शन शिवसुख पामीजे, तुम दर्शन भव छीजे ।।ध्रु०।।

२. तुम कारन तप संयम किरिया, कहो कहां लौ कीजै ?
तुम दर्शन बिनु सब या झूठी, अन्तर चित्त न भीजै ।।

(८०)

चेतन रे ! तूं ध्यान आरत क्यूं ध्यावे, हां रे नाहक कर्म संचावे—चे०

१. जो जो भगवन्त भाव देखिया सो सो ही बरतावै।
घटै बढै नहीं रंचहु तामें, तो काहे तूं मन डोलावे—चे०

२. आरत ध्यान ज्यों चिन्ता अग्नि, उपजत सहू विरणसावै।
शोकातुर वीते दिन रैणी, तो धर्म ध्यान घट जावे—चे०

३. सुख सूं निद्रा आत न रातन, अन्न उदक नहि भावै।
पहिरण ओढण चित्त नही चावे, नही राग न रंग सुहावे—चे०

४. भुगत्यां विन छूटै नहि कबहूं, अशुभ उदय जब आवै।
साहूकार शिरोमणि सो ही, जो हर्ष सुं कर्ज चुकावै—चे०

५. सुख न रहे तो दुःख किम रहसी, यह भी श्यात् गुजर जावै।
कर्म बन्ध भुगतण सही पड़सी, तो आतम ने ढंढावै—चे०

६. प्रभु सुमरण अरु तपस्या करतां, दुष्कृत रज झड़ जावै।
'ज्येष्ठ' कहे समता रस पीतां, तुरत ही आनन्द पावै—चे०

(८१)

१. वृषभ चिह्न ऋषभ को, अजित को गजराज।
संभव को अश्व, अभिनन्दन को कपि है॥
सुमति प्रभु को क्रौंच, कमल पद्म प्रभुजी को।
स्वस्तिक सुपार्श्व अरू, चन्द्र चन्द्रप्रभ को॥

२. मकर सुविधि को चिह्न, शीतल को है श्रीवत्स।
श्रेयांस को गेंडा, वासुपूज्य को महिष है॥
विमल वराह, श्येन अनन्त, वज्र धर्मनाथ।
शान्ति को हरिण, कुंथुनाथजी को छाग है॥

६. नन्द्यावर्त अरजी को, मल्ली को कलश पुनि ।
कूर्म मुनिसुव्रत, नीलोत्पल नमि जिन को ।।
शंख नेमिनाथजी को, पारस को सर्पराज ।
'गजसिंह' कहे चिह्न, सिंह महावीर को ।।

(८२)

१. जग उठरे रे मारा चतुर पांवणा अब थारी गाड़ी हकबा में ।
पल पल में थारी ऊमर जावे–मौत फागती आवे जीवड़ा–अब०
२. मोह नींद रे वश में सोग्यो भूल आपणो पथ जीवड़ा–अब०
बचपन खेलण मांही गंवायो जोबन मे मद छायो जीवड़ा–अब०
३. पर की निन्दा कर कर आपणा घर मे कचरो लायो जीवड़ा–अब०
मुनियांरो उपदेश न मान्यो धरम ध्यान नही आयो जीवड़ा–अब०
४. ज्ञान्यां रो उपदेश न धार्यो धरम ध्यान नही ध्यायो जीवड़ा–अब०
बीती सो तो बीत गई रे अब तूं चेत चेत जीवड़ा–अब०
५. पाप करम सब भरम छोड़ कर धरम सुं नेह लगा जीवड़ा–अब०
प्रभु सुमिरण है सब दुःख नासी 'कुमुद' सदा सुखदाई जीवड़ा–अब०

(८३)

१ जगत में, बडो समझ को आंटो, बड़ो समझ को आंटो ।।टेर।।
सुण सुण धर्म शर्म नही उपजत, विषम कर्म को काटो ।
२. सवर त्याग वटोरत आश्रव कष्ट करे उफराटो ।
मन वच काय कमावत सावज्ज पड़ रही भूल निराटो–जगत०
३. जग दुःख टाल हिये सुख माने रुक्यो ज्ञान गुण घाटो ।
आपो भूल पड्यो इन्द्रिय वश मिटे न मोह को फांटो–जगत०
४ श्री जिन वचन दिवाकर प्रगट्या, उड्यो भर्म को टाटो ।
'रतनचन्द' आनद भयो अब, लख्यो सार रस लाटो–जगत०

(८४)

१. जिनदेव ! तेरे चरणों में मुझे ऐसा दृढ़ विश्वास हो ।
जीवन-समर में हे प्रभो ! मुझे एक तेरी आस हो ॥
२. कर्त्तव्य-पथ से जो डिगाने विघ्न-गण आवें मुझे ।
सन्तोष, भक्ति और दया का मन्त्र मेरे पास हो ॥
३. संसार-सागर में बहा दूं प्रेम की मन्दाकिनी ।
दिल में तड़प हो प्रेम की और प्रेम जल की प्यास हो ॥
४. निज भाव भाषा देश का गौरव मुझे दिन रात हो ।
निज धर्म हित यह प्राण हों और मन कभी न निराश हो ॥
५. संसार-सागर में न भटके नाव मेरी हे प्रभो ।
मैं खुद खिवैया बन सकूं वह शक्ति मेरे पास हो ॥
६. मैं बालपन में ब्रह्मचारी, रह सभी विद्या पढ़ूं ।
यौवन दशा में बन के श्रावक अन्त में सन्यास हो ॥
७. यह आत्मा ही बन सके ऐ राम ! खुद परमात्मा ।
हे नाथ ! मेरी आत्मा का अन्त मोक्ष-निवास हो ॥

(८५)

१. जीवन उन्नत करना चाहो तो सामायिक साधन कर लो ।
आकुलता से बचना चाहो तो—सा०
२. तन धन परिजन सब सुपने हैं, नश्वर जग में नहीं अपने हैं ।
अविनाशी सद्‌गुण पाना हो तो—सा०
३. चेतन निज घर को भूल रहा, पर घर माया मे भूल रहा ।
सद् चित् आनन्द को पाना हो तो—सा०
४. विषयों में निज गुण भूलो मत, अब काम क्रोध में मत भूलो ।
समता के सर में नहाना हो तो—सा०

५. तन पुष्टि हित व्यायाम चला, मन पोषण को शुभ ध्यान भला ।
आध्यात्मिक बल पाना चाहो तो—सा०

६. सब जग जीवो मे बन्धु भाव, अपना लो तज के वैर भाव ।
सब जन के हित मे सुख मानो तो—सा०

७. निर्व्यसनी-हों प्रामाणिक-हो, धोखा न किसी जन के संग हो ।
संसार मे पूजा पाना हो तो—सा०

८. स्वाध्याय सामायिक संघ बने, सब जन सुनीति के भक्त बनें ।
नर लोक मे स्वर्ग बसाना हो तो—सा०

(८६)

१. जीवन चरित महापुरुषो के हमे नसीहत देते हैं,
हम भी अपना अपना जीवन स्वच्छ रम्य कर सकते हैं ।

२. हमे चाहिए हम भी अपने बना जायं पद चिह्न ललाम,
इस धरती की रेती पर जो, वक्त पड़े आवें कुछ काम ।

३. देख देख जिनको उत्साहित, हो पुनि वे मानव मतिधर,
जिनकी नष्ट हुई हो नौका, चट्टानो से टकराकर ।

४. लाख लाख संकट सहकर भी, फिर भी हिम्मत बांधें वे,
जाकर मार्ग मार्ग पर अपना, 'गिरिधर' कारज साधें वे ।

(८७)

१. जो केश काले भवर थे, गाले रुई के बन गये ।
थे दांत हाथीदांत सम, मजबूत गिरने लग गये ।।

२. आखें चुरा आखे गई हैं, दृष्टि मन्दी पड़ गई ।
मुख हो गया है खोखला, तृष्णा अधिक है बढ गई ।।

३. नहिं कान देते काम अब, ऊचा बहुत सुनने लगे।
पग डगमगाते चल रहे हैं, हाथ भी हिलने लगे ॥

४. काया गली, झुर्री पड़ी, हड्डी हुई है खोखली।
ज्यों जौंक चिन्ता-सर्पिणीने रक्त चर्बी शोष ली ॥

५. इन्द्रियां बलहीन हैं, धनु सम कमर है झुक गई।
काया हुई बूढ़ी मगर, आशा नहीं बुड्ढी हुई ॥

६. यमदूत तुमको दे रहे हैं, कूच की यह सूचना।
आश्चर्य है आश्चर्य अति, होती नहीं क्यों चेतना ॥
आश्चर्य है अब भी तुम्हें, होती नहीं क्यों चेतना ॥

(८८)

१. जो दस बीस पचास भये, शत होंय हजार तो लाख मगेगी।
कोटि अरब्ब खरब्ब भये तो, धरापति होने की चाह जागेगी ॥

२. स्वर्ग पाताल को राज मिले, तृष्णा तबहूं अति आगे बढ़ेगी।
'सुन्दर' एक संतोष बिना, शठ ! तेरी तो भूख कभी न भगेगी ॥

(८९)

१. जोवनियां की मौजां फौजां जाय नगाड़ा देती रे,
चेत ! चेत रे ! चेत ! चतुर नर ! चिड़ियां चुग गई खेती रे–जोव०

२. छिनक छिनक मे आयुष छीजै क्यों कड़िया वरण एती रे,
ओछा जीवत कारण चेतन ! पड़ मुगत सूं छेनी रे–जोव०

३. मात पिता त्रिया सुत बन्धव मिली सम्पदा एती रे,
पलक पलक में सघली पलटे ज्यों जल भरियो रेती रे–जोव०

४. काल की फौज चढ़ी शिर ऊपर फिरे लपेटा लेती रे,
अविचल सुख की चाह हुए तो प्रीति करो प्रभु सेती रे–जोव०

५. जोवन लहर रंग पतंग सम कहूं खीजावण केती रे,
इण में 'रतन' वया सुखकारी आराध्या सुख देती रे–जोव०

(९०)

तूं क्यों ढूंढे वन वन मे, तेरा नाथ बसे नैनन में ।।टेर।।

१. कई यक जात प्रयाग वाराणसी, कई यक वृन्दावन मे ।
प्राणवल्लभ बसे घट अन्दर, खोज देख तेरा मन मे—तूं०

२. तज घर वास बसे वन भीतर, राख लगावे तन मे ।
धर बहु भेष रचे बहु माया, मुगत नही छे इन में—तूं०

३. कर बहु सिद्धि, रिद्धि निधि आपे, बगसे राज बचन मे ।
ये सहु छोड़ जोड़ मन जिन सुं, मुगति देय इक छिन में—तूं०

४. मूल मिथ्यात मेट मन को भ्रम, प्रकटे ज्योत 'रतन' मे ।
सद् गुरु ज्ञान अजब दरसायो, ज्यों मुखड़ा दरपण मे—तूं०

(९१)

१. दयामय होवे मंगलाचार, दयामय होवे वेडा पार ।
करें विनय हिल-मिल कर सब ही, हो जीवन उद्धार ।।टेर।।

२. देव निरंजन ग्रन्थहीन गुरु, धर्म दयामय धार ।
तीन तत्व आराधन मे मन, पावे शान्ति अपार—दयामय०

३. नर भव सफल करण हित हम सब, करें शुद्ध आचार ।
पावें पूर्ण सफलता इसमे, ऐसा हो उपकार—दयामय०

४. ज्ञान धर्म में रमे रहे हम, उज्ज्वल हो व्यवहार ।
तन धन अर्पण करें हर्ष से, नही हो शिथिल विचार—दयामय०

५. दिन दिन बढे भावना सब की, घटे अविद्या भार ।
यही कामना 'गजमुनि' की हो, तुम्हीं एक आधार—दयामय०

(६२)

१. दया सुखों नी वेलड़ी, दया सुखों नी खान।
अनन्ता जीव मुक्ति गया, दया तणां फल जान ॥

२. हिंसा दुःखों नी वेलड़ी, हिंसा दुःखों नी खान।
अनन्ता जीव नरके गया, हिंसा तणा फल जान ॥

३. चेतो रे! भवी प्राणियां, ओ संसार असार।
स्थिरता कोई दीसे नहीं, धन जोवन परिवार ॥

४. धर्म करो तमे प्राणियां, धर्म थकी सुख होय।
धर्म करंतां जीव ने, दुखिया न दीठा कोय ॥

५. जीव दया पाली सही, पाली सही छ काय।
वस्ता घरनो पाहुणो, मीठा भोजन खाय ॥

६. जीव दया पाली नही, पाली नहीं छ काय।
सूना घरनो पाहुणो, जिम आयो तिम जाय ॥

७. रत्न पड्युं छे बाजारमां, रह्यो गरद लिपटाय।
मूरख जाणे काकरो, चतुरां लियो उठाय ॥

८. चौहटा केरा बजारमां, लांबा पान खिजूर।
चढ़े सो चाखे प्रेम रस, पड़े सो चकना चूर ॥

९. ए शीखामण सांची कही, सर्व ने हितकार।
कांइक दया करुणा राखजो, थांने साभल्या नुं परिमाण ॥

१०. खरो मारग वीतरागनो, सूक्ष्म जेहना भेद।
शाणा थईने श्रद्धजो, मनमां राखि उमेद ॥

११. डिगाव्या डिगजो मती, निश्चल राखजो मन।
हिंसाथी रहेजो वेगला, कहेवाशो धन धन ॥

१२. ढील न कीजे धर्मनी, तप जंप लीजे लूट ।
जैसी सीसी काचकी, जाय पलकमों फूट ॥

१३. दुषम आरो पंचमो, निश्चल राखजो मन ।
थोड़ामां नफो घणो, जेम कूंडा मांही रतन ॥

१४. साधु चन्दन बावना, शीतल जांको अंग ।
लहर उतारें भुजंग की, देवें ज्ञानको रंग ॥

१५. साधु बड़े परमारथी, मोटो जिनको मन ।
भर भर मुष्टी देत है, धर्म रुपियो धन ॥

१६. हलु करमी जीवने, रुचे ए उपदेश ।
खरो मारग वीतरागनो, जेमां कूड़ नहीं लवलेश ॥

(६३)

१. दया सुखां री बेलडी, दया सुखां री खान ।
अनन्त जीव मुगते गया, दया तणां फल जान ॥

२. हिंसा दुःखां री बेलड़ी, हिंसा दुःखां री खान ।
अनन्ता जीव नरके गया, हिंसा तणां फल जान ॥

३. जिम सुणो तिम ही कहो, तो पहुंचो निर्वाण ।
कइ एक हिरदे राखजो, थांने सुण्यांरो परमाण ॥

४. साधु भाव समुचे कह्या, मत कोई लीजो ताण ।
कइ एक हिरदे राखजो, थांने सांभलियां रो परमाण ॥

५. चेतो रे भवि प्राणियां, यो ससार असार ।
थिर कोई दीसे नही, धन, जोवन, परिवार ॥

६. धर्म करो तमे प्राणियां, धर्म थकी सुख होय ।
धर्म करंतो जीव ने, दुखिया न दीठा कोय ॥

७. धर्म करत ससार-सुख, धर्म करत निर्वाण ।
धर्मपंथ साधे बिना, नर तिर्यंच समान ॥

८. जहां दया तहां धर्म है, जहां लोभ तहां पाप ।
जहां क्रोध तहां काल है, जहां क्षमा तहां आप ॥

९. क्षमा तुल्य कोउ तप नहीं, सुख सन्तोष समान ।
नहिं तृष्णा सम व्याधि हूं, धर्म दया सम जान ॥

१०. दु.ख मे सुमरण सब करे, सुख में करे न कोय ।
जो सुख में सुमरण करे, दुःख काहे को होय ॥

(९४)

दुनिया दुःखकारी तूं छोड़ सके तो छोड़ ॥टेर॥

१. पाप अठारह करना पड़ता पाप कर्म भी बढ़ता जाता ।
करम बन्ध की ठोड़ दुनिया दुःखकारी—तूं०

२. पेट पापीयो खूब सतावे देश देशावर में भटकावे ।
करनी दौडा दौड़-दुनियां दुःखकारी—तूं०

३. कोई के घर मे पुत्र कंस-सा कोई के घर नार कर्कशा ।
होती माथा फोड़-दुनियां दुःखकारी—तूं०

४. कोई के घर सासु लडती, नणन्द भोजाई झगड़ा करती ।
बोले कड़वा बोल-दुनियां दु.खकारी—तूं

५. घर में बेटा पोता पोती, दादी रसोई न्यारी करती ।
दुःख सूं कांपे हाड़-दुनियां दुःखकारी—तूं०

६. कोई के घर मे नौ दस बेटा, परण्या न्यारा हो गया मोटा ।
बूढो कमावे दौड़, दुनियां दुःखकारी—तूं०

७. लड़की मोटी वर नही मिलियो कोई कहवे वर खोटो मिलियो ।
गयो दिशावर छोड़-दुनियां दुःखकारी—तूं०

८. घणी बेटिया दुःखड़ो मोटो, इज्जत राखनी धन को टोटो ।
पुत्र मर्यो दिल तोड़, दुनियां दुःखकारी—तूं०

९. मनको चायो कुछ नही होवे, जो नही चावे वो झट होवे ।
या जग मे मोटी खोड़-दुनिया दुःखकारी—तूं०

१०. तन मे मन मे लगी बिमारी, रोगशोक से दुखि यों भारी ।
जीव झुरे चहूं ओर, दुनिया दुःखकारी—तूं०

११. जन्म मरण रा दुःख अनन्ता, दुखड़ा जैसा सुई चुभता ।
साड़ा तीन करोड़-दुनियां दुःखकारी—तूं०

१२. गर्भावास मे उन्धो लटक्यो, नौ महिना मल मूत्र मे लिपट्यो ।
पढ़ियो थो अग सिकोड, दुनिया दु.खकारी—तूं०

१३. नरक गति का दुःख अनन्ता, छेदन भेदन खूब करन्ता ।
सिला पर देत पछाड़-दुनिया दु.खकारी—तूं०

१४. तिर्यन्च गति का दुःख अपारा मरता, डुलाता भागे विचारा ।
दुःख सुं पाड़े राड़-दुनियां दुःखकारी—तूं०

१५. जो सुख चाहो दुनियां छोड़ो, संयम से तुम नाता जोडो ।
पाप कर्म सब छोड़-दुनिया दुःखकारी—तूं०

(९५)

नर नारायण बन जावेगा, जो आत्म ज्योति जगावेगा ।।टेर।।

१. पापो के बन्धन टूटेंगे, विषयों के नाते छूटेंगे ।
जो सोया सिंह जगावेगा, नर नारायण०

२. घट में बैठा इक ईश्वर है, जाने माने ज्ञानेश्वर हैं ।
सब जन्म मरण मिट जावेगा, नर नारायण०

३. बादल के पीछे दिनकर है, कर्मों के पीछे ईश्वर है ।
जो सर्वही ज्योति जगायेगा, नर नारायण०

४. गुरु के चरणो में जाकर के, श्रद्धा के कुसुम चढा करके ।
'मुनि कुमुद' जो आनन्द पावेगा, नर नारायण बन जावेगा ॥

(९६)

नहिं ऐसो जन्म बारम्बार ।
क्या जानूं कछु पुण्य प्रगटे मानुसा अवतार—ध्रु०

१. बढ़त पल पल, घटत छिन छिन, चलत न लागे वार ।
बिरछके ज्यों पात टूटे, लागे नहीं पुनि डार—नहिं०

२. भवसागर अति जोर कहिये विषम श्रोखी धार ।
सुरतका नर बांधे बेड़ा वेगि उतरे पार—नहिं०

३. साधु सन्तां ते महंतां चलत करत पुकार ।
दासी 'मीरां' लाल गिरिधर जीवना दिन चार—नहिं०

(९७)

नाम जपन क्यों छोड़ दिया ?
क्रोध न छोड़ा, झूठ न छोड़ा, सत्यवचन क्यों छोड़ दिया ?—ध्रु०

१. झूठे जग में दिल ललचा कर, असल वतन क्यों छोड़ दिया ?
कौड़ी को तो खूब सम्हाला, लाल रतन क्यों छोड़ दिया ?

२. जिहिं सुमिरन ते अति सुख पावे, सो सुमिरन क्यों छोड़ दिया ?
'खालस' इक भगवान भरोसे, तन, मन, धन क्यों न छोड़ दिया ?

(९८)

१. प्रथम कषाय वश पड़्यो है जगत जीव ।
अनन्तानुबन्धी चौकड़ी मे उमर गमाई है ॥

२. क्रोध है पत्थर लीक, मान है वज्र थंभ ।
मुड़यो न मुड़त जाकी ऐसी करड़ाई है ॥

३. माया है बांस केरी जड, लोभ है किरमची रंग ।
धोयो न धोवत जाकी, ऐसी छवि छाई है ॥

४. मरि जावे नरक घोर, ताकूं नही और ठौर ।
ऐसे दुष्ट जीव जेहने समकित न पाई है ॥

५. जासुं आगे चौकडी को नाम है अप्रत्याख्यान ।
जामे जीव वर्ष एक, केरी स्थिति पाई है ॥

६. क्रोध, मान, माया, लोभ जामे जीव रह्यो खोभ ।
आदि केरी चौकड़ी सुं अति हलकाई है ॥

७. क्रोध है तालाब की लीक, मान दात केरो थंभ ।
माया मीढा सींग सम, एवी दुःख दाई है ॥

८. लोभ है मोरी केरो रंग ताको नही होत भंग ।
मरीने तिर्यन्च होय, शुद्ध वृत्ति नही आई है ॥

९. प्रत्याख्यानी चौकड़ी मे, बस्यो है, चेतन राय ।
जीव जीहा चार मास, केरी स्थिति पाई है ॥

१०. क्रोध है बालू की लीक, मान वेंत केरो थभ ।
पिछली से कछु कम ज्ञानी बतलाई है ॥

११. माया वैल केरो मूत, समय की नही कूत ।
धर्म सेती राखे हेत, श्रावक वृत्ति पाई है ॥

१२. लोभ है खंजन (गाडा) को रंग, तासु जीव राखे संग ।
तिर्यन्च देह छांड़ि जीव मनुष्य देह पाई है ॥

१३. संज्वलन को क्रोध जैसो, पाणी केरी लीक जान ।
आगे होय काढत है, पाछे ही मिटाई है ॥

१४. मेण थंभ मान कह्यो, धूप लागी गली गयो ।
ताकी मास केरी थिती पाई है ॥

१५. माया तागा केरो बल, ऐसो जीव करे छल ।
केवल की हाण करे, साधु विरती ग्राई है ॥

१६. लोभ है हलद रंग, धोयां सेती होय भंग ।
मोक्ष नही जासी जीव, देवगति पाई है ॥

(६६)

१. प्रभु ! मोरे अवगुण चित न धरो ।
सम-दरशी है नाम तिहारो, चाहो तो पार करो ॥

२. इक नदिया इक नाड़ कहावत मैलो ही नीर भर्यो ।
जब मिल करके इक बरन भये सुरसरि नाम पर्यो ॥

३. इक लोहा पूजामें राखत, इक घर बधिक पर्यो ।
पारस गुण अवगुण नहि चितवत, कंचन करत खरो ॥

४. यह माया भ्रम-जाल कहावत 'सूरदास' सगरो ।
अबकी बेर मोहि पार उतारो, नहि प्रण जात टरो ।

(१००)

पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो ॥टेर॥

१. वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, किरपा कर अपनायो ।
जनम जनमकी पूंजी पाई, जगमें सभी खोवायो ॥

२. खरचै न खुटै, वाको चोर न लूटै, दिन दिन बढ़त सवायो ।
सत की नाव, खेवटिया सतगुरु, भवसागर तर आयो ॥

३. मीरांके प्रभु गिरिधर नागर, हरख हरख जस गायो ।

(१०१)

१. बालो पांखा बाहिर आयो, माता बेण सुणावे यूं ।
म्हारी कोख सराहिजे बाला, मैं थने सखरी घूंटी दूं—माता०

२. तेज कटारी नाड़ो मोड्यो, नाड़ो मोड़त बोली यूं ।
बैर्यांरी फौजां मे जाईने, सत्य विजय कर आइजे तूं—माता०

३. मेड़ी चढ़कर थाल बजायो, थाल बजावत बोली यूं ।
चार खूंट चौखण्ड रे बाला, नोपतड़ी घमकाइजे तूं—माता०

४. कुए पूजकर फलसे आई, फलसे बढ़तां बोली यूं ।
फलसा में ढोला रे ढमके आरतड़ी करवाइजे तूं—माता०

५. गोदयां सूतो बालो चूंखे माता बोल सुणावे यूं ।
धोला दूध में कायरता रो कालो दाग न लगाइजे तूं—माता०

६. बालो मां छाती से चेप्यो छाती चेपत बोली यूं ।
दीन दुखी असहाय जणां ने, छाती से चिपकाइजे तूं—माता०

७. बालो मांय भुजा पर लीन्हो, भार वहन्ती बोली यूं ।
धरती मां को भार हटाइजे, मत ना भार बढाइजे तूं—माता०

८. सोहन पालने बालो झूले, झोटत झोटत बोली यूं ।
इतनी बार हिलाइजे धरती, मैं थंने जितरा झोटा दूं—माता०

९. उड़न खटोले बालो सूतो, माता बोल सुणावे यूं ।
बैर्यांरी चतुरंगणी सेना, गाढ़ी नीद सुलाइजे तूं—माता०

(१०२)

१. बीत गये दिन भजन विना रे ।।ध्रु०।।
बाल-अवस्था खेल गंवाई, जब जोबन तब मान घना रे ।

२. लाहे कारन मूल गंवायो, अजहुं न गई मनकी तृस्ना रे ।।
कहत 'कबीर' सुनो भाई साधो, पार उतर गये सन्त जना रे ।

(१०३)

भजमन भक्तियुक्त भगवान, भरोसा क्या जिन्दगानी का ।
क्या जिन्दगानी का, भरोसा क्या जिन्दगानी का ।।टेर।।

१. चंचल अमल कमल दल ऊपर, ज्यों कण पानी का।
जान तरल त्यों तन क्षण भंगुर, जग में प्राणी का—भ०

२. उदय अस्त लौं राज हुवा था, पति इन्द्राणी का।
बना तद्यपि रहा लोभ, तोय हा, कौड़ी कानी का—भ०

३. शरद जलद बुदबुद सम जाहिर, जोर जवानी का।
मत कर गर्व गुमान, मान कहना गुरु ज्ञानी का—भ०

४. या जग मे कहो कौन दैत्य, दशमुख की सानी का।
बता पता है कहां, उसी रावण अभिमानी का—भ०

५. है दुर्गति दातार प्रेम, दूजी दिल-जानी का।
को नही पाया क्लेश, प्रेमकर त्रिया विरानी का—भ०

६. क्या विश्वास श्वास का पुनि, इस दुनिया फानी का।
लेले संबल संग, नही घर आगे नानी का—भ०

७. जिनधर्म का श्रीसंघ रसिक है, श्री जिनवाणी का।
'माधव मुनि' कहे कथन मान मन सुमति सयानी का—भ०

(१०४)

१. भावना दिन रात मेरी सब सुखी संसार हो।
सत्य संयम शील का, प्रचार घर-घर द्वार हो॥

२. शान्ति अरु आनन्द का, हर एक घर में वास हो।
वीरवाणी पर सभी, संसार का विश्वास हो॥

३. रोग अरु भय शोक होवे, दूर सब परमात्मा।
कर सके कल्याण 'ज्योति', सब जगत की आत्मा॥

४. गुरुजनों के चरणों में, दृढ़ प्रीति अरु उल्लास हो।
काम अरु क्रोधादि दुष्टों, का सर्व संहार हो॥

५. ज्ञान अरु विज्ञान का, सब विश्व मे प्रचार हो।
सब जगत् के प्राणियों का, धर्म मे संचार हो ॥

६. आचार्य देवो के विचारो, का जगत् मे मान हो।
'दास देवी' को गुरु की शान पर अभिमान हो ॥

(१०५)

भेष धर यूं ही जनम गमायो।
लच्छन स्याल, स्वांग धर सिंह को, खेत लोकां को खायो ॥टेर॥

१. कर कर कपट निपट चतुराई, आसण दृढ जमायो,
अन्तर भोग, योग की बतियां, बग-ध्यांनी छल छायो—भेष०

२. कर नर नार निपट निज रागी, दया धर्म मुख गायो,
सावज्ज-धर्म सपाप सरूपी, जग सघलो बहकायो—भेष०

३. वस्त्र—पात्र—आहार—थानक मे, सबलो दोष लगायो,
सन्त दशा बिन सन्त कहायो, ओ कांई कर्म कमायो—भेष०

४. हाथ सुमरणी, हिये कतरणी, लट पट होठ हिलायो,
जप तप सयम आतम गुण बिन, गाडर सीस मुंडायो—भेष०

५ आगम वयण अनुपम सुणने, दयाधर्म दिल भायो,
'रतन चन्द' आनन्द भयो अब, आतम राम रमायो—भेष०

(१०६)

मनवा माटी की या काया—आखिर माटी मे मिल जासी।

१. हिंसा बढा कर, पाप कमाकर—जोडे धन की राशि,
काना की कुड़क्यां तक बेटो—गांठ बाध ले आसी—मनवा०

२. फूलो की शैया भी चुभती—वा देह मित्र उठासी,
नीचे लकडी ऊपर लकडी—चुन चुन चिता बणासी—मनवा०

३. जिण रे मोह में हुवो दीवाणो–वे या प्रीत निभासी,
प्राण प्यारो बेटो ही पहले–थांरे आग लगासी—मनवा०

४. फुंक गया, कई फुंक रया है–फेर कई फुंक जासी,
पण या भी राखजे याद एक दिन–तूं भी अठे ही आसी—मनवा०

५. माटी बण माटी में मिलग्यो–फेर बण्यो बणतो जासी,
जब तक है माटी सुं ममता–मिटे न यम की फांसी—मनवा०

६. काला का तो धोला होग्या–फेर क्यूं करावे हांसी,
जनम मरण का बन्ध बढ्या तो–जनम जनम पछतासी—मनवा०

७ काल अनन्ता चक्कर खायो–फिर्यो लाख चोरासी,
पण अब के तो बणजा 'जीतमल'–अजर-अमर-अविनासी–मनवा०

(१०७)

मानवता की भव्य भूमि से बोल गये भगवान।
मानव मानव एक समान ।।टेर।।
यही शान्ति का राज मार्ग है महावीर फरमान–मानव०

१. विषम वर्ग की आग बुझाना, अब न ज्यादा लोभ बढ़ाना,
गिरा पड़ोसी दौड़ उठाना, पढ़ना समता पाठ पढ़ाना।
तभी विश्व प्रेमके होंगे सफल सभी अरमान–मानव०

२. भूखा पेट और फटी लंगोटी मांगे तुमसे कपड़ा रोटी,
बोलो कितनी मांग है छोटी आज तुम्हारी खरी कसौटी।
दुखियाओ का करुणा क्रन्दन गाता क्रान्ति गान–मानव०

३. अब नही उल्टी हवा बहेगी, दुःखी आत्मा साफ कहेगी,
भूखी जनता अब ना सहेगी धन और धरती बटके रहेगी।
खूनी क्रान्तियां रोकन हो तो देदो झटपट दान–मानव०

४. धरती किसकी बनी रही है, किसी एक के बंधी नही है,
माया बादल छाया कही है, बोलो, किसके साथ गई है।
धन धरती का गर्व न करना यह तो है महमान–मानव०

५. प्राणी मात्र से प्रेम बढाग्रो मानवता के फूल खिलाओ,
अपनी अच्छी याद बसाओ सुख चाहो तो सुख पहुंचाग्रो।
'अशोक मुनि' मानव जीवन से कर लो परम उत्थान–मानव०

(१०८)

१. मानव तन को पायो हो हो करणी कर लो रे।
लक्ष चौरासी मे भटकत आयो,
चिन्तामणि सम नरतन पायो, इसको सार्थक कर लो–हो हो०

२. दुर्व्यसनो मे व्यर्थ ही फसकर,
प्राप्त समय को यों ही गंवाकर पुण्य कलश मत ढोलो–हो हो०

३. कौन हूं मैं अरु कहां से आया,
ऐसा विचार जरा कर लो धर्म ध्यान दिल धर लो–हो हो०

४. सब स्वारथ की ही है माया,
इसमे दिल को क्यो उलझाया जिन चरणन मन कर लो–हो हो०

५. 'श्रेयस्कर' की यही कामना,
अपना कर्त्तव्य पालन करना, पाप कर्म सब टालो–हो हो०

(१०९)

१. जिस ने राग-द्वेप कामादिक, जीते सब जग जान लिया।
सब जीवो को मोक्ष मार्ग का, निस्पृह हो उपदेश दिया॥

२. बुद्ध, वीर, जिन, हरिहर, ब्रह्मा, या उसको स्वाधीन कहो।
भक्ति-भाव से प्रेरित हो, यह चित्त उसी मे लीन रहो॥

३. विषयों की आशा नही जिनको, साम्य-भाव धन रखते हैं।
निज-पर के हित साधन में जो, निशि दिन तत्पर रहते हैं॥

४. स्वार्थ त्याग की कठिन तपस्या, बिना खेद जो करते हैं।
ऐसे ज्ञानी साधु जगत के, दु:ख समूह को हरते है॥

५. रहे सदा सत्संग उन्ही का, ध्यान उन्ही का नित्य रहे।
उन्ही जैसी चर्या में यह, चित्त सदा अनुरक्त रहे॥

६. नहीं सताऊं किसी जीव को, झूठ कभी नही कहा करूं।
पर धन वनिता पर न लुभाऊ, सन्तोषामृत पिया करूं॥

७. अहंकार का भाव न रक्खूं, नही किसी पर क्रोध करूं।
देख दूसरों की बढती को, कभी न ईर्ष्या भाव धरूं॥

८. रहे भावना ऐसी मेरी, सरल सत्य व्यवहार करूं।
बने जहां तक इस जीवन में, औरों का उपकार करूं॥

९. मैत्री-भाव जगत में मेरा, सब जीवो से नित्य रहे।
दीन-दु:खी जीवो पर मेरे, उर से करुणा-स्रोत बहे॥

१०. दुर्जन-क्रूर कुमार्ग-रतो पर, क्षोभ नही मुझको आवे।
साम्य-भाव रक्खूं मैं उन पर, ऐसी परिणति हो जावे॥

११. गुणी जनों को देख हृदय मे, मेरे प्रेम उमड़ आवे।
बने जहां तक उनकी सेवा, कर के यह मन सुख पावे॥

१२. होऊं नहीं कृतघ्न कभी मैं, द्रोह न मेरे उर आवे।
गुण-ग्रहण का भाव रहे नित, दृष्टि न दोषों पर जावे॥

१३. कोई बुरा कहो या अच्छा, लक्ष्मी आवे या जावे।
लाखो वर्षों तक जीऊं या मृत्यु आज ही आ जावे॥

१४. अथवा कोई कैसा ही भय, या लालच देने आवे।
तो भी न्याय मार्ग से मेरा, कभी न पद डिगने पावे॥

१५. हो कर सुख मे मग्न न फूलें, दु:ख में कभी न घबरावें।
पर्वत नदी श्मशान भयानक, अटवी से नही भय खावें॥

१६. रहे अडोल अकंप निरंतर, यह मन दृढतर बन जावे।
इष्ट-वियोग अनिष्ट-योग मे, सहन-शीलता दिखलावें॥

१७. सुखी रहे सब जीव जगत के, कोई कभी न घबरावे।
वैर, पाप अभिमान छोड़ जग, नित्य नये मंगल गावे॥

१८. घर घर चर्चा रहे धर्म की, दुष्कृत दुष्कर हो जावें।
ज्ञान चरित उन्नत कर अपना, मनुज-जन्म फल सब पावें॥

१९. ईति भीति व्यापे नही जग मे, वृष्टि समय पर हुआ करे।
धर्म-निष्ठ होकर राजा भी, न्याय प्रजा का किया करे॥

२० रोग मरी दुर्भिक्ष न फैले, प्रजा शान्ति से जिया करे।
परम अहिंसा धर्म जगत मे, फैल सर्व-हित किया करे॥

२१. फैले प्रेम परस्पर जग मे, मोह दूर पर रहा करे।
अप्रिय कटुक कठोर शब्द नही, कोई मुख से कहा करे॥

२२. बन कर सब 'युगवीर' हृदय से, देशोन्नतिरत रहा करें।
वस्तु-स्वरूप विचार खुशी से, सब दु:ख संकट सहा करे।
वस्तु-स्वरूप विचार खुशी से, निजानन्द मे रमा करें॥

(११०)

मेरे अन्तर भयो प्रकाश, नहीं अब मुझे किसी की आश ॥टेर॥

१. काल अनन्त रुला भववन में बंधा मोह के पाश,
काम क्रोध मद लोभ भाव से बना जगत का दास—मेरे०

२. तन धन परिजन सब ही पर हैं, परकी निवारो आश,
पुद्गल को अपना कर मैंने किया स्वत्व का नाश—मेरे०

३. रोग शोक का नही मुझको रे! जरा मात्र भी त्रास,
सदा शान्तिमय मैं हूं मेरा, अचल रूप है खास—मेरे०

४. इस जग की ममता ने मुझको डाला गर्भावास,
अस्थि मांस मय अशुचि देह में मेरा हुआ निवास—मेरे०
५. ममता से संताप उठाया, आज हुआ विश्वास,
भेद ज्ञान की पैनी धार से काट दिया वह पाश—मेरे०
६. मोह मिथ्यात्व की गांठ गले तब हो विज्ञान प्रकाश,
'गजेन्द्र' देखे अलख रूप को फिर न किसी की आश—मेरे०

(१११)

मैं हूं उस नगरी का भूप, जहां नहीं होती छाया धूप।
१. तारा-मण्डल की न गति है, जहां न पहुंचे सूर।
जग मग ज्योति सदा जगती है, दीसे यह जग कूप—मैं०
२. मैं नही श्याम-गौर वर्णी हूं, मैं न सुरूप कुरूप।
नाहिं लम्बा-बौना भी मै हूं, मेरा अविचल रूप—मैं०
३. अस्थि मांस मज्जा नहिं मेरे, मैं नहिं धातु रूप।
हाथ पैर शिर आदि अंग में, मेरा नही स्वरूप—मैं०
४. दृश्य जगत पुद्गल की माया, मेरा चेतन रूप।
पूरण गलन स्वभाव धरे तन, मेरा अव्यय रूप—मैं०
५. श्रद्धा नगरी वास हमारा, चिन्मय कोष अनूप।
निराबाध सुख में झूलूं मैं, सद् चिद् आनन्द रूप—मैं०
६. शक्ति का भण्डार भरा है, अमल अचल मम रूप।
मेरी शक्ति के सम्मुख नहिं, देख सके अरि भूप—मैं०
७. मैं न किसी से दबने वाला, रोग न मेरा रूप।
'गजेन्द्र' निजपद को पहचानो, सो भूपों का भूप—मैं०

(११२)

१. यदि भला किसी का कर न सको तो बुरा किसी का मत करना।
अमृत न पिलाने को घर में तो जहर पिलाते भी डरना।।

२. यदि सत्य मधुर न बोल सको तो झूठ कठिन भी मत बोलो।
यदि मौन रखो सबसे अच्छा, कम से कम विष तो मत घोलो ।।

३. बोलो तो ! पहले तुम तोलो फिर मुख ताल खोला करना।
यदि घर न किसी का बांध सको तो झौपड़िया न जला देना ।।

४. यदि मरहम पट्टी कर न सको तो खार नमक न लगा देना।
यदि दीपक ! बनकर जल न सको तो अन्धकार भी मत करना ।।

५. यदि फूल नही बन सकते तो काटे बन कर न बिखर जाना।
मानव बनकर सहला न सको तो दिल भी किसी का दुखाना ना ।।

६. यदि देव नही बन सकते तो दानव बन कर भी मत मरना।
यदि सदाचार अपना न सको तो पापो मे मत पग धरना ।।

७. किन्तु न कभी शैतान बनो और कभी न तुम हैवान बनो।
'मुनि पुष्प' अगर भगवान नही तो कम से कम इन्सान बनो ।।

(११३)

यह पर्व पर्यूषण आया, सब जग मे आनन्द छाया रे ।।टेर।।

१. यह विषय कषाय घटाने, यह आतम गुण विकसाने।
जिनवाणी का बल लाया रे—यह०

२. यह जीव रुले चहु गति मे, ये पाप करण की रति मे।
निज गुण सम्पद को खोया रे—यह०

३. तुम छोड़ प्रमाद मनाओ, नित धर्म ध्यान रम जाओ।
लो भव भव दुःख मिटाओ रे—यह०

४. तप जप से कर्म खपाओ, दे दान द्रव्य फल पाओ।
ममता त्यागो सुख पाओ रेय—ह०

५. मूरख नर जन्म गमावे, निन्दा विकथा मन भावे।
इनसे ही गोता खाया रे—यह०

६. जो दान शील अराधें, तप द्वादश भेदे साधें।
शुद्ध मन जीवन सरसाया रे—यह०

७. बेला तेला और अठायां, संवर पौषध करे मन भाया।
शुद्ध पालो शील सवाया रे—यह०

८. तुम विषय कषाय घटाओ, मन मलिन भाव मत लाओ।
निन्दा विकथा तज माया रे—यह०

९. कोई आलस में दिन खोवे, सतरंज तास रमे या सोवे।
पिक्चर में समय गमाया रे—यह०

१०. संयम की शिक्षा लेना, जीवों की जयणां करना।
जो जैन धर्म तुम पाया रे—यह०

११. जन जन का मन हरषाया, बालक गण भी हुलसाया।
आत्म शुद्धि हित आया रे—यह०

१२. समता से मन को जोड़ो, ममता का वन्धन तोड़ो।
है सार ज्ञान का पाया रे—यह०

१३. सुरपति भी स्वर्ग से आवें, हर्षित हो जिन गुण गावें।
जग जन को अभय दिलाया रे—यह०

१४. 'गज मुनि' निज मन समझावे, यह सोई शक्ति जगावे।
अनुभव रस पान कराया रे—यह०

(११४)

रहना नहिं देस बिराना है ।।ध्रु०।।

१. यह संसार कागदकी पुड़िया, बूंद पड़े घुलि जाना है।
यह संसार कांटे की बाड़ी, उलझ उलझ मरि जाना है ।।

२. यह संसार झाड़ औ झांखर, आग लगे बरि जाना है।
कहत 'कबीर' सुनो भाई साधो, सतगुरु नाम ठिकाना है ।।

(११५)

राम कहो, रहमान कहो कोऊ, कान्ह कहो, महादेव री ।
पारसनाथ कहो, कोऊ ब्रह्मा, सकल ब्रह्म स्वयमेव री ।।ध्रु०।।

१. भाजन-भेद कहावत नाना, एक मृत्तिका रूप री ।
तैसे खंड कल्पनारोपित, आप अखंड सरूप री ।।

२. निजपद रमे राम सो कहिये, रहम करे रहिमान री ।
कर्षे करम कान्ह सो कहिये, महादेव निर्वाण री ।।

३. परसे रूप पारस सो कहिये, ब्रह्म चिन्हे सो ब्रह्म री ।
इह विधि साधो आप 'आनन्दघन', चेतनमय निकर्म री ।।

(११६)

१. रे चेतन पोते तूं पापी, पर ना छिद्र चितारे क्यूं ।
निरमल होय कर्म कर्दम सूं, निज गुण अंबु नितारे तूं ।।

२. सम्यक्दृष्टि नाम धरावे, सेवे पाप अठारे तूं ।
नरक निगोद थकी किम छूटे, जो पर हियो न ठारे तूं ।।

३. जिम-तिम करने शोभा अपणी, या जग माहि दिखावे तूं ।
प्रकट कहाय धर्म को धोरी, अन्तर भर्यो विकारे तूं ।।

४. परमेश्वर साखी घट-घट को, जांकी शरण न धारे तूं ।
कुंभीपाक नरक मे पड़सी, अन्तर सल न निवारे तूं ।।

५. पर निन्दा अघ पिंड भरीजे, आगमसाख संभारे तूं ।
'विनयचन्द' कर आतम निन्दा, भव-भव दुष्कृत टारे तूं ।।

(११७)

रे मन ! भज-मन दीनदयाल ।
जाके नाम लेत इक छिन में, कटें कोटि अघजाल ।।टेर।।

१. परम ब्रह्म परमेश्वर स्वामी, देखे होत निहाल ।
सुमरन करत परम सुख पावत, सेवत भाजे काल ।।

२. इन्द फनिंद चक्कधर गावें, जाको नाम रसाल ।
जाको नाम ज्ञान परगासै, नाशै मिथ्या-जाल ।।

३. जाके नाम समान नही कछु ऊरध मध्य पाताल ।
सोई नाम जपो नित 'द्यानत', छोड़ विषय विकराल ।।

(११८)

१. रे मन ! मूरख जनम गंवायो ।
करि अभिमान विषय-रस राच्यो श्याम-सरन नहिं आयो ।।

२. यह संसार फूल सेमर को सुन्दर देखि लुभायो ।
चाखन लाग्यो रुई गई उड़ि, हाथ कछू नहिं आयो ।।

३. कहा भयो अबके मन सोचे, पहिले नाहिं कमायो ।
कहत 'सूर' भगवंत भजन बिनु सिर धुनि धुनि पछितायो ।।

(११९)

रोज शाम को जीवन खाता खोलो करो विचार-।
श्रावक यह तेरा आचार ।
मोक्ष मार्ग मे चरण बढ़ाये, कितने दो या चार ?
करले बारम्बार विचार ।

१. जो शुभ निश्चय किये सवेरे, कितने पूर्ण हुए वे तेरे ?
विघ्न देखकर घबराया या, डटकर रहा तैयार—करले०

२. कितने कार्य किये पुण्यों के ? कितने कार्य किये पापों के ?
देख तोलकर पुण्य-पाप को किधर है कितना भार—करले०

३. कितने अवगुण त्यागे तू ने ? कितने सद्‌गुण धारे तू ने ?
तूं तूं मैं मैं व्यर्थ लगाकर, अथवा की तकरार—करले०

४. कितना संग किया गुणियोंका, कितना लाभ लिया मुनियोंका ?
या खेल तमाशे ठट्टे हंसी में, मस्त रहा बेकार—करले०

५. मानव जीवन सफल बनाले, इस नर तन से लाभ उठाले ।
लक्ष चौरासी योनि मे यह, मिले न बारम्बार—करले०

६. संवर करले तप ग्रादर ले, पुण्य कमा ले पाप खपाले ।
केवल कहते 'पारस' सुन रे, यह जीवन दिन चार—करले०

(१२०)

राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् ।
सुजलां सुफलां मलयज-शीतलां शस्य-श्यामलां मातरम् ।
शुभ्र-ज्योत्स्नां पुलकित-यामिनी फुल्ल-कुसुमित-द्रुम-दल-शोभिनीम् ।।
सुहासिनीं सुमधुर-भाषिणी सुखदां वरदां मातरम्—वन्दे मातरम् ।

जनगणमन-ग्रधिनायक जय हे भारत-भाग्यविधाता ।
पंजाब सिंधु गुजरात मराठा, द्राविड उत्कल बंगा ।
विन्ध्य हिमाचल यमुना गंगा, उच्छल-जलधि तरंगा ।
तव शुभ नामे जागे, तव शुभ ग्राशिस मागे—गाये तव जय-गाथा ।
जनगण-मंगलदायक जय हे भारत-भाग्यविधाता ।
जय हे ! जय हे ! जय हे ! जय जय जय जय हे !

(१२१)

वाट घणो दिन थोड़ो, बटाऊ वीरा ! वाट घणो दिन थोड़ो ।
घर रयो दूर सूरज घर हाल्यो, दौड़ सको तो दौड़ो ।
निरभे होय नगर जा पहुंचो, ग्रध बिच पड़सी थाने फोड़ो ।।
होय हुसियार हिम्मत मत हारो, हांक घणेरो घोडो ।
'ग्रोघड़' कहे रह गुरों रे सरणे, मारग लख्यो मोड़ो ।।

(१२२)

१. वीर-हिमालय तें निकसी, गुरु गौतम के मुख-कुंड ढरी है।
मोह-महाचल भेद चली, जग की जड़तातप दूर हरी है।।

२. ज्ञान-पयोदधि मांहि रली, बहु भंग तरंगन तें उछरी है।
ता शुचि शारद-गग नदी प्रति, मैं अंजली निज शीश घरी है।।

३. ज्ञान-सुनीर भरी सरिता, सुरघेनु प्रमोद सुखीर निधानी।
कर्मज व्याधि हरंत सुधा, अघ-मैल नसन्त शिवाकर मानी।।

४. वीर जिनागम ज्योति बड़ी, सुरवृक्ष समान महा सुखदानी।
लोक अलोक प्रकाश भयो, मुनिराज वखानत है जिनवानी।।

५. शोभित देव विषे मघवा, उडुवृन्द विषे शशि मंगलकारी।
भूप समूह विषे वलि चक्र-पति प्रगटे बल केशव भारी।।

६. नागन मे घरणेन्द्र बड़ो, चमरेन्द्र असुरन में अधिकारी।
त्यों जिनशासन संघ विषै, मुनिराज दिपै श्रुतज्ञान भंडारी।।

(१२३)

१. वृक्षनसे मति ले, मन तूं वृक्षनसे मति ले,
काटे वांको क्रोध न करहीं।
सिंचत न करहि सनेह—मन तूं०

२. घूप सहत अपने सिर ऊपर, औरको छांह करेत।
जो वाहीको पत्थर चलावे, ताहीको फल देत—मन तूं०

३. धन्य धन्य ये पर-उपकारी, वृथा मनुजकी देह।
'सूरदास' प्रभु कहं लगि बरनौं, हरिजन की मति ले—मन तूं०

(१२४)

वैष्णव (श्रावक) जन तो तेने कहीए, जे पीड़ पराई जाणे रे,
पर दुखे उपकार करे तो ये, मन अभिमान न आणे रे—ध्रु०

१. सकल लोकमां सहुने वन्दे, निन्दा न करे केनी रे,
वाच काछ मन निश्चल राखे, धन्य धन्य जननी तेनी रे–वैष्णव०

२. समदृष्टि ने तृष्णा त्यागी, पर स्त्री जेने मात रे,
जिह्वा थकी असत्य न बोले, परधन नव झाले हाथ रे–वैष्णव०

३. मोह माया व्यापे नहि जेने, दृढ वैराग्य जेना मनमां रे,
रामनाम शुं ताली लागी, सकल तीरथ तेना तनमां रे–वैष्णव०

४. अणलोभी ने कपटरहित छे, काम क्रोध निवार्या रे,
भणे 'नरसैयो' तेनुं दरसन करतां, कुल एकोतेर तार्या रे–वैष्णव०

(१२५)

१. श्री जिनेश्वर देव की दृढ भक्ति मेरे पास हो।
जिन प्ररूपित तत्व पर, मेरा अटल विश्वास हो॥

२. त्याग मय जीवन बनाया त्याग कर ससार को।
ऐसे गुरुओ की चरण सेवा का नित अभ्यास हो॥

३. मद्य मांस शिकार जुवा, चोरी पर नारी विषय।
स्वप्न मे भी इनके सेवन की नही अभिलाष हो॥

४. सत्य सेवा तप क्षमा, सन्तोष उच्च विचार हो।
व्याप्त इस जीवन के उपवन मे सदैव सुवास हो॥

५ धर्म मय आजीविका हो मधुरतम व्यवहार हो।
आचरण की शुद्धता से, पूर्ण आत्म विकास हो॥

६. वीतरागो का बताया मार्ग ही सन्मार्ग हो।
इसपे चलने मे लगा प्रत्येक श्वासोच्छ्वास हो॥

(१२६)

१. शिवपुरपथ-परिचायक जय हे, सन्मति युग-निर्माता !
गगा कल-कल स्वर मे गाती, तव-गुण-गौरव-गाथा।

सुर-नर-किन्नर, तव पद-युग में, नित नत करते माथा ।
सब तेरे गुण गाते, सादर शीश झुकाते ॥
हे सद्बुद्धि प्रदाता !
दु:ख-हारक, सुख-दायक जय हे, सन्मति युग-निर्माता ।
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ॥

२. मंगल-कारक, दया-प्रचारक, खग-पशु-नर-उपकारी ।
भविजन-तारक, कर्म-विदारक, सब जग तव आभारी ॥
जब तक रवि शशि तारे, तब तक गीत तुम्हारे ।
विश्व रहेगा गाता, चिर सुख शान्ति-विधायक जय हे ॥
सन्मति युग-निर्माता !
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ॥

३. भ्रातृ-भावना भुला परस्पर, लड़ते है जो प्राणी ।
उनके उर मे प्रेम बसाती, तेरी मीठी वाणी ॥
सब मे करुणा जागे, जग से हिंसा भागे ।
पावें सब सुख साता !
हे दुर्जय, दु:ख-त्रायक जय हे, सन्मति युग-निर्माता ।
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ॥

(१२७)

१. शूर संग्रामको देख भागै नही, देख भागै सोई शूर नाही ।
काम औ' क्रोध, मद, लोभसे जूझना, मंडा घमसान तहं खेत मांही ॥
२. शील औ' शौच, संतोप साही भये, नाम समसेर तहं खूब बाजे ।
कहै 'कवीर' कोई जूझि है शूरमा, कायरां भीड़ तहं तुरत भाजै ॥

(१२८)

१. षट्द्रव्य ज्यामें कह्यो भिन्न भिन्न आगम सुणत वखान ।
पंचास्तिकाया नव पदारथ, पांच भाख्या ज्ञान ॥

२. चारित्र तेरह कह्या जिनवर, ज्ञान दर्शन प्रधान ।
जो शास्त्र नित सुणो भवियण, आण शुद्ध मन ध्यान ।।

३. चौबीस तीर्थङ्कर लोक माही, तिरण तारण जहाज ।
नव बासु–नव प्रतिवासुदेवा, बारह चक्रवर्ती जाण ।।

४. बलदेव नव सब हुआ त्रेसठ, घणा गुणारी खान ।
जो शास्त्र नित सुणो भवियण, आण शुद्ध मन ध्यान ।।

५ चार देशना दिवी हो जिनवर, कियो पर उपकार ।
पाच अणुव्रत तीन गुणव्रत, चार शिक्षा धार ।।

६. पाच संवर जिनेश भाख्या, दया धर्म प्रधान ।
जो शास्त्र नित सुणो भवियण, आण शुद्ध मन ध्यान ।।

७. और कहां लग करू जी वर्णन, तीन लोक परमाण ।
सुणत पाप विनाश जावे, पावे पद निरवाण ।।

८ देव विमाणिक माहे पदवी, कहीज पच परधान ।
जो शास्तर नित सुणो भवियण, आण शुद्ध मन ध्यान ।।

(१२६)

समझो चेतन जी ! अपना रूप, यो अवसर मत हारो ।।टेर।।

१. ज्ञान दर्शन मय रूप तिहारो, अस्थि मास मय देह न थारो ।
दूर करो अज्ञान, होवे घट उजियारो--समझो०

२. पोपट ज्यूं पिंजर वधायो, मोह कर्म वश स्वांग रचायो ।
रूप धरे है अनपार, अब तो करो किनारो–समझो०

३. तन धन के नहिं तुम हो स्वामी, ये सब पुद्गल पिंड है नामी ।
सद् चिद् गुण भण्डार, तू जग देखन हारो–समझो०

४. भटकत-भटकत नर तन पायो, पुण्य उदय सब योग सवायो ।
ज्ञान की जोति जगाय, भर्मतम दूर निवारो–समझो०

५. पुण्य पाप का तूं है कर्त्ता, सुख-दुःख का भी तूं है भोक्ता।
तूं ही छेदन हार, ज्ञान से तत्व विचारो–समझो०

६. कर्म काट कर मुक्ति मिलावे, चेतन निज पद को तब पावे।
मुक्ति के मारग चार, जानकर दिल में धारो–समझो०

७. सागर में जलधार समावे, त्यूं शिव पद मे ज्योति मिलावे।
होवे 'गज' उद्धार अचल है निज अधिकारो–समझो०

(१३०)

साधो मनका मान त्यागो।
काम क्रोध संगत दुर्जनकी, ताते अहनिस भागो ॥ध्रु०॥

१. सुख-दुःख दोनों सम करि जानैं, और मान अपमाना।
हर्ष शोक ते रहे अतीता, तिन जग तत्त्व पिछाना–साधो०

२. अस्तुति निन्दा दोऊ त्यागे, खोजैं पद निरवाना।
जन 'नानक' यह खेल कठिन है, कोऊ गुरु-मुख जाना–साधो०

(१३१)

सुने री मैंने निर्वलके वल राम।
पिछली साख भरूं संतनकी अड़े संवारे काम ॥ध्रु०॥

१. जब लग गज वल अपनो बरत्यो नेक सर्‌यो नहिं काम।
निर्वल ह्वै वल राम पुकार्यो आये आधे नाम ॥

२. द्रुपद-सुता निर्वल भई ता दिन गहलाये निज धाम।
दुःशासनकी भुजा थकित भइ वसन रूप भये श्याम ॥

३. अप-वल तप-वल और बाहु-वल चौथा है वल दाम।
'सूर' किशोर कृपासे सब बल हारेको हरिनाम ॥

(१३२)

१. संग से पुष्प को चन्द्र मिले, अरु संग से लोहा स्वर्ण कहावे ।
संग से मूरख ज्ञानि बने, अरु संगसे शूद्र अमर-पद पावे ॥
२. संग से काष्ठ के लोह तरे, तन को सत्संग हि पार लगावे ।
संग से सन्त को स्वर्ग मिले, अरु संग कुसंग से नरक मे जावे ॥

(१३३)

१. सन्त समागम कीजे रे भवियां, सन्त समागम कीजे ।
दुष्कृत हरण चरण धर मस्तक, परम विनय सांचीजे—संत०
२. चन्द चकोर ज्यूं आनन निरखी, नयनामृत भरलीजे ।
सुख साधन की गिरा सुधा सम, उमग उमग रस पीजे—संत०
३. सूत्र अर्थ कुं स्वाति बूंद ज्युं, चातक जेम ग्रहीजे ।
पुद्गल रो परपंच समझ ने, आतम रूप लखीजे—संत०
४. किंचित् वित्त रे प्रापत हुयां, बदन कमल विकसीजे ।
अखय खजाना ज्ञान देत तसु, गुण निधि केम तजीजे—संत०
५. लोह अचेतन चुम्बक सगे, कहो केहवो बिलमीजे ।
तूं चेतन सेवे नहिं तारक, किसो उलंभो दीजे—संत०
६. परदेसी राजा गुरु भेटी, छोड़ मिथ्या धर्म भीजे ।
क्रोध कियो नहिं निज तिय पे ज्यों, समकित रंग रंगीजे—संत०
७. 'ज्येष्ठ' कहे निस्तार चहे तो, विषय कषाय तजीजे ।
सकट सकल टलें भव संचित, सिद्ध स्वरूप थईजे—संत०

(१३४)

१. हे प्रभो ! आनन्द दाता ! ज्ञान हमको दीजिये ।
शीघ्र सारे दुर्गुणों को दूर हमसे कीजिये ॥

२. लीजिये हमको शरण में हम सदाचारी बनें।
ब्रह्मचारी, धर्मरक्षक, वीर व्रतधारी बनें॥

३. प्रेम से हम गुरुजनो की नित्य ही सेवा करें।
सत्य बोलें, झूठ त्यागें, मेल आपस मे करें॥

४. निंदा किसी की हम किसी से भूल कर भी ना करे।
धैर्य बुद्धि मन लगाकर वीर गुण गाया करें॥

५. हे सरस्वती मात ! हमको ज्ञान का भण्डार दो।
हम अबोधों के हृदय में आप अपना वास दो॥

६. ऐसा अनुग्रह औ कृपा हम पर करो परमातमा !
हो प्रजा शासक सभी ससार में धर्मात्मा॥

७. हे प्रभो ! यह प्रार्थना है, आपसे स्वीकृत करें।
सब सुखी संसार हो यह भाव रग-रग में भरे॥

(१३५)

१२ अणुव्रत

जैनागमों में जैन श्रावको के लिये १२ अणुव्रती होने का विधान है। संक्षेप मे इन १२ अणुव्रतो को निम्न रीति से प्रत्येक जैन धर्मावलम्बी धारण करके प्रभु महावीर का सही अनुयायी एवं जैन धर्म का सच्चा आराधक बन सकता है। इन व्रतो सम्बन्धी विस्तृत एवं सूक्ष्म विवेचनात्मक जानकारी अपने धर्मगुरु एवं तत्वो के ज्ञाता से ली जा सकती है।

प्रथम अणुव्रत–स्थूल प्राणातिपात-विरमण—मैं सब निरपराधी दो-तीन-चार तथा पांच इन्द्रियो वाले त्रस जीवो का मन वचन काया से हनन करने एवं कराने का जीवन पर्यन्त त्याग करता हूं।

दूसरा अणुव्रत–स्थूल मृषावाद विरमण—मैं ऐसे मोटे झूठ बोलने एवं दूसरो से बुलवाने का भी मन-वचन-काया से जीवन पर्यन्त त्याग करता हूं,

जिससे संसार में निन्दा हो, अप्रतीति हो, किसी प्राणी को भारी हानि पहुँचे, कुल, जाति, समाज व देश को कलंक लगे एवं उनमे अशान्ति पैदा हो जैसे कन्या या वर सम्बन्धी, गाय-बैल आदि पशु-पक्षी सम्बन्धी, भूमि-भवन एव धन-सम्पत्ति सम्बन्धी, किसी की धरोहर दवा लेने सम्बन्धी, झूठी गवाही देने या जाली दस्तावेज बनाने सम्बन्धी इत्यादि इत्यादि ।

तीसरा अणुव्रत–स्थूल अदत्तादान विरमण—मै सब प्रकार की बडी चोरी, जिसके कारण राज्य दण्ड दे या कुल जाति समाज एव देश मे अपमान का एव अपयश का पात्र बनना पड़े, जैसे किसी के मकान अथवा दुकान मे, गोदाम मे अथवा कार्यालय आदि मे सेंध कर चोरी करना, गाठ खोलकर किसी वस्तु की चोरी करना, तिजोरी, आलमारी-मकान अथवा सन्दूक इत्यादि का ताला तोड़कर या स्वामी की बिना स्वीकृति के कुंजी से ताला खोलकर किसी वस्तु की चोरी करना, राह चलते या न चलते किसी को लूट लेना, किसी की गिरी हुई वस्तु को उठा लेना, या विना स्वामी की आज्ञा के किसी की कोई भी वस्तु ले लेना इत्यादि प्रकार की चोरी करने का अथवा दूसरों के द्वारा करवाने का जीवन-पर्यन्त मन, वचन, काया से त्याग करता हू ।

चौथा अणुव्रत–स्थूल मैथुन विरमण—मै गुरु अथवा पंचो की साक्षी से केवल स्व-पत्नी के साथ एक मास/वर्ष मे[1] ———दिनो से अधिक मैथुन सेवन का जीवन-पर्यन्त पच्चक्खाण करता हू एव देव-देवी सम्बन्धी काम-भोग सेवन करने एवं कराने का मन, वचन व काया से एव मनुष्य तिर्यञ्च सम्बन्धी काम-भोग काया से सेवन करने का जीवन-पर्यन्त त्याग करता हूं ।

(१ यहां अपनी शक्ति अनुसार जितने दिन रखने हो, रक्खे । जिन श्रावको ने पूर्ण ब्रह्मचर्य व्रत अंगीकार कर लिया हो वे इस व्रत को इस तरह से स्वीकार करे—"मैंने स्त्री/पुरुष सम्बन्धी मैथुन सेवन का पूर्ण रूप से पच्च-क्खाण जीवन-पर्यन्त के लिये ले लिया है । अब मैं उसे शुद्ध रूप से पालूंगा ।")

पांचवां अणुव्रत–परिग्रह का परिमाण—मैं समस्त लोक के द्रव्यों में से नौ प्रकार के द्रव्यों का उपभोग करने की जीवन-पर्यन्त एक करण तीन योग से (यानि मन, वचन व काया से) नीचे लिखे अनुसार मर्यादा करता हूं:-

१. **खुली जमीन** यानि खेत, बाग, बगीचा आदि——एकड़ से अधिक नही रक्खूंगा। २. **ढकी हुई जमीन** यानि घर, मकान, दुकान, बंगला, गोदाम इत्यादि के रूप में——संख्या/परिमाण से अधिक नहीं रक्खूंगा। ३. **चांदी** एवं इससे निर्मित जेवर आदि वस्तुएं——वजन से अधिक नहीं रक्खूंगा। ४. **सोना** एवं इससे निर्मित जेवर आदि वस्तुएं——वजन से अधिक नहीं रक्खूंगा। ५. **सोना चांदी से निर्मित** मोहर, गिन्नी, रुपया, अथवा किसी प्रकार का सिक्का एवं अनेक प्रकार के हीरा, माणक, मोती आदि रत्नादि एवं इनसे निर्मित वस्तुएं——वजन/परिमाण/नग से अधिक नहीं रक्खूंगा। ६. **सभी प्रकार के धान्य** एक वर्ष मे——वजन से अधिक नहीं रक्खूंगा। ७. **द्विपद** यानि नौकर, चाकर, दास, दासी अथवा दो पैरों वाले कोई भी प्राणी——संख्या से अधिक नहीं रक्खूंगा। ८. **चतुष्पद** यानि चार पैरों वाले गाय, भैंस, बैल, बकरी आदि पशु——संख्या से अधिक नही रक्खूंगा। ९. **कुप्य (कुविय) धातु** यानि सोना, चांदी से भिन्न अन्य धातुओं जैसे तांबा, पीतल, लोहा, जस्ता आदि से निर्मित वस्तुएं एवं अन्य गृहोपयोगी लकड़ी आदि से निर्मित पलंग, टेबुल, कुर्सी, चौकी, रेडियो, टेलीफोन, टेलीविजन आदि वस्तुएं एवं सूती, ऊनी, रेशमी एवं टेरीन आदि कपड़े एवं इनसे सिले वस्त्र एवं इनसे निर्मित सभी प्रकार की अन्य वस्तुएं आदि वर्ष भर में/अथवा जीवन भर में ——नग/मूल्य की से अधिक नहीं रक्खूंगा।

(नोट—ये उपरोक्त मर्यादाएं केवल घर खर्च अथवा स्व उपयोग के निमित्त से सम्बन्धित हैं। जो साधक/श्रावक इन वस्तुओं के व्यापार में लगे हुए हों अथवा लगना चाहते हों वे इन वस्तुओं की मर्यादा उस हिसाब से अपने व्यापार की सुविधाओं को देखते हुए कर लें। इसके लिये अपने धर्म गुरुओं

अथवा इस विषय के ज्ञाताओं से विस्तार से और भी सूक्ष्म जानकारी एवं परामर्श ले लेना उत्तम रहेगा ।)

छठा अणुव्रत-दिशा परिमाण—अपने निवास स्थान से जल, स्थल, आकाश मार्ग अथवा भूमिगत मार्ग से घरेलू कार्य पर्यटन अथवा व्यापारादि के निमित्त से यात्रा करनी पड़े तो पूर्व दिशा मे——,पश्चिम दिशा में——, दक्षिण दिशा मे——उत्तर दिशा मे——, ऊर्ध्व दिशा मे——, अधो दिशा मे——कोस/मील/किलो मीटर के उपरान्त जाने का जीवन-पर्यन्त एक करण तीन योग से त्याग करता हूं ।

सातवां अणुव्रत-भोगोपभोग परिमाण—जो वस्तु एक बार भोगने मे आती है उसे भोग्य वस्तु कहते है जैसे अन्न, जल, फल आदि एवं जो वस्तु अनेक बार भोगने मे आए उसे उपभोग्य वस्तु कहा जाता है जैसे वस्त्र, पात्र, आभूषण, मकान आदि । गृहस्थ जीवन इन दोनो प्रकार की वस्तुओ के उपभोग के बिना नही चलता । गृहस्थ इनका व्यापार भी करते है । ऐसी स्थिति मे पांचवें अणुव्रत मे निर्दिष्ट दिशा के अनुसार स्व जीवन निर्वाह के निमित्त मैं निम्न प्रकार की वस्तुएं जैसे.—१. **अंगोछा,** २. **दतौन,** मजन, पेस्ट आदि, ३. **स्नान में** काम आने वाले फल एव उनके चूर्ण आदि, जैसे–आवला, शीका काई आदि, ४. **मालिश** के योग्य तेल, ५. **उबटन** पीठी आदि, ६. **स्नान** के लिये जल की मात्रा, ७. **वस्त्र**-ऊनी, सूती, रेशमी, टेरीन आदि, सभी प्रकार के पहिनने, बिछाने, ओढ़ने के निमित्त, ८. **चन्दन,** इत्र, तेल विलेपन हेतु ९. **फूल** सभी प्रकार के, १०. **आभूषण,** ११ **धूप**–अगरबत्ती-कपूर आदि, १२. **पेय पदार्थ** दूध, चाय, शरबत, लेमन आदि सात्विक पदार्थ मात्र, १३. **मिष्टान्न**–पक्वान्न, १४. **रांधे हुए अन्न** थूली, खिचडी, चांवलादि, १५. **दालें,** १६. **विगय,** घी, तेल, दूध, दही, मीठा शहद आदि, १७. **साग** हरी व सूखी, १८ **मधुर फल** हरे व सूखे मेवे के रूप मे, १९. **भोजन**–जीमण, २०. **पीने का पानी,** २१ **मुखवास**–सुपारी, इलायची, चूर्ण आदि, २२. **वाहन** सभी प्रकार के रेल, मोटर, तागा, स्कूटर, साइकिल, नाव, जहाज,

हवाई जहाज आदि, २३. **उपानह** जूते, बूट, मौजे आदि, २४. **शयन**–खाट-पलंग-पाट आदि, २५. **सचित्त--द्रव्य** २६. **द्रव्य**–सचित्त एवं अचित्त सभी प्रकार के द्रव्य ---मात्रा/संख्या/तोल/नाप आदि से अधिक नहीं भोगने का जीवन-पर्यन्त एक करण तीन योग से पच्चक्खाण करता हूं एवं कर्मादान के नाम से कहे जाने वाले निम्न पन्द्रह प्रकार के अत्यधिक हिंसाकारी एवं पाप कर्मवर्धक व्यापारों का सम्पूर्ण त्याग तीन करण तीन योग से (करूं नहीं–कराऊ नही–करते को भला जानू नही–मन-वचन और काया से) जीवन-पर्यन्त के लिये करता हूं:—(१) **इंगाल कर्म** यानि लकड़ी से कोयला बनाना, चूने-ईंटे-लोहा इत्यादि के भट्टे पकाना आदि अगार-जनक व्यापार, (२) **वन कर्म** यानि वन कटवाने और उनको वेचने आदि का व्यापार, (३) **साड़ी कर्म** यानि भाडे पर चलाने के हेतु सभी प्रकार के वाहन गाडी, ट्रके, कारें, स्कूटरें, इक्का, तागा आदि बनाने और वेचने का व्यापार, (४) **भाड़ी कर्म** घोड़ा, तांगा, मोटर, ट्रक, स्कूटर आदि रखकर उनको भाड़े पर चलाने का व्यापार, (५) **फोड़ी कर्म**–खाने, तालाब, नहरे–बाध आदि खुदवाने का व्यापार, (६) **दन्त वाणिज्य**—हाथी दात, हड्डी व केसर–कस्तूरी आदि आदि का व्यापार, (७) **लाख वाणिज्य**–लाक्षा, चपड़ी, साबुन, सोड़ा, नमक आदि का व्यापार, (८) **रस वाणिज्य**–मादक अपेय समझे जाने वाले रस पदार्थ, मद्य, मदिरा, ताड़ी आदि नशीली वस्तुओं का व्यापार, (९) **केश वाणिज्य**–चमरी गाय, घोड़ा एवं दास-दासी आदि का व्यापार, (१०) **विष वाणिज्य** विष, सखिया, अफीम, गाजा, चरस आदि विषैले, नशीले एवं समाज मे हेय समझे जाने वाले पदार्थों का व्यापार, (११) **यन्त्र-पीलण-कर्म**–कल-कार-खाने, कोल्हू, चक्की आदि बनाने एव चलाने का व्यापार, (१२) **निलंछन-कर्म**–बैल आदि को खस्सी कराने का कार्य, (१३) **दावाग्नि-कर्म**–जंगल, खेत, घास आदि जलाने का कार्य, (१४) **सर-दह-तालाब-परिशोषण कर्म**–तालाब, द्रह, नदी, बन्ध आदि जलाशयो को सुखाने का कार्य, १५. **असंयति-जन-पोषण-कर्म**–वैश्या, दुश्चरित्र पुरुष-महिला, शिकारी-पशु-पक्षियों आदि के पोषण-पालने आदि के कार्य।

आठवां अणुव्रत-अनर्थादण्ड-विरमण—अनर्थ-दण्ड मे गिने जाने वाले निम्न प्रकार की चार प्रमुख बातो को सेवन करने एव कराने का मैं मन, वचन, काया से जीवन-पर्यन्त पच्चक्खाण करता हूं। उसमे आठ आगार रखता हूं जो आत्मा, राजा, जाति, परिवार, देव, नाग, यक्ष, एव भूत-पिशाचादि से सम्बन्धित है :—

(१) **अपध्यान** यानि आर्त्त-रौद्र ध्यान, इष्ट-वियोग-अनिष्ट योग मे चिन्ता, क्रन्दन आदि करना, दूसरों को मारने-काटने दु:खी बनाने आदि का विचार करना आदि, (२) **प्रमाद-चर्या** मदिरा-पान, निद्रा आलस्य मे ही अधिक समय गंवाना, विकथा करना, विषय एवं कपायादि का सेवन करते रहना, (३) **हिंसा-प्रधान** उपकरणो, तलवार, बन्दूक, राइफल, पिस्तौल, हथगोले, कुदाली आदि का सग्रह करना एवं इन्हे दूसरो को देना आदि, (४) **पाप कर्म का उपदेश**—निरर्थक आरम्भ-समारम्भ आदि पाप-कर्म प्रधान कार्यो का उपदेश देना जैसे–मकान-भवन, महल, कल-कारखाना आदि बनाना।

नवमां अणुव्रत–सामायिक— सर्व प्रकार की सावद्य (पापकारी) क्रियाओ के सेवन से निवृत्त रहते हुए एव दूसरो को भी इन क्रियाओ के सेवन के लिये प्रेरित नही करते हुए आत्म-चिन्तन, धर्म ध्यान एव प्रभु-भजन-भक्ति-भाव आदि मे लगे रहने को सामायिक कहते है। घड़ी भर यानि ४८ मिनट तक की जाने वाली इस प्रकार की क्रिया को एक सामायिक करना कहते है इस प्रकार की सामायिक मैं कम से कम एक साल/मास/प्रतिदिन मे——सख्या मे सुखे समाधे जीवन-पर्यन्त करूगा।

दसवां अणुव्रत–दिसावगासिक व्रत–प्रथम अणुव्रत से सातवे अणुव्रत तक जो मर्यादाए जीवन भर के लिये की है उनको सूर्योदय से लेकर एक अहोरात्रि तक सक्षिप्त करने को दिशावगासिक व्रत कहते है। इस व्रत मे सभी दिशाओ की मर्यादा की जाती है। उस मर्यादा से बाहर जाकर पाच प्रकार के आश्रव सेवन का त्याग दो करण तीन योग से यानि करना नही, कराना नही,

मन, वचन, काया से व भोगोपभोग द्रव्यों का पच्चक्खाण एक करण तीन योग से किया जाता है। ऐसा व्रत सुखे समाधे एक वर्ष/मास में——संख्या में करने की मैं प्रतिज्ञा लेता हूं।

इस व्रत के अन्तर्गत "दया" व्रत भी गिना गया है। "दया व्रत" भी मैं एक वर्ष/मास में——संख्या में सुखे समाधे करने की प्रतिज्ञा लेता हूं।

ग्यारहवां अणुव्रत–प्रतिपूर्ण पौषधव्रत—इस व्रत में सूर्योदय से लेकर एक अहोरात्रि तक चार प्रकार के आहारो का, मैथुन सेवन का, मणि-स्वर्ण-माला आदि आभूषणों का और लेप, विलेपन, फूल-माला आदि से शरीर को अलंकृत करने का व शस्त्र मूसलादिक सावद्य योग सेवन करने का त्याग दो करण तीन योग यानि करूं नही, कराऊं नहीं, मन, वचन, और काया से, किया जाता है। ऐसे पौषध व्रत सुखे समाधे एक वर्ष/मास में——संख्या में करने का मैं व्रत लेता हूं।

बारहवां अणुव्रत-अतिथि संविभाग—इस व्रत में श्रावक को, मुनियों को, साधु-साध्वियों को प्रासुक एवं एषणीय १४ प्रकार के आहार आदि निर्दोष वस्तुओं के दान देने का विधान है। इस व्रत में केवल भावना होती है प्रतिज्ञा करना सम्भव नही। अतः मैं भावना करता हूं कि ऐसे सत्पात्रो को दान देने का योग मिलने पर उत्कृष्ट भाव से निष्काम बुद्धि से केवल आत्म-कल्याण हेतु दान दूंगा।

इन बारह प्रकार के अणुव्रतों के शास्त्रकारों ने प्रत्येक के मोटे तौर पर पांच के हिसाब से ६० अतिचार बताये हैं। इन ६० अतिचारों की जानकारी १२ अणुव्रतधारी को रखनी चाहिये पर उनका सेवन नही करना चाहिये। इन ६० अतिचारों को श्रावक प्रतिक्रमण में विस्तार से समझाया गया है।

अत्यन्त महत्वपूर्ण होते हुए भी इन बारह अणुव्रतों को धारण करना साधक की शक्ति-सामर्थ्य पर निर्भर करता है।

इन अणुव्रतों को धारने के साथ ही, अथवा इसके पूर्व या इसके बिना भी प्रत्येक जैन धर्मावलम्बी साधक या श्रावक के लिये सम्यक्त्व/समकित अथवा सम्यग्दर्शन का धारण करना अत्यन्त महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि अनिवार्य है। इसके बिना साधक की सारी साधनाएं एवं क्रियाएं निरर्थक हैं। अतः सम्यक्त्व (समकित अथवा सम्यग्दर्शन) को प्रत्येक जैन धर्मावलम्बी, श्रावक या साधक अनिवार्य रूप से सर्व प्रथम निम्न प्रकार से स्वीकार करे:-

अरिहंतो मह देवो, जावज्जीवाए सुसाहुणो गुरुणो।
जिणपण्णत्तं तत्तं इअ सम्मत्तं मए गहियं॥

अर्थात्—जिन्होने रागद्वेषादि समस्त कर्म-शत्रुओ को जीत लिया है वे अरिहन्त मेरे उपास्य देव हैं। पंच महाव्रतधारी, जिन धर्म के उपासक सुसाधु मेरे गुरु हैं और उन्ही वीतराग जिनेश्वर द्वारा प्ररूपित दयामय, विनयमूलक, आत्मा एवं कर्म के भेद-विज्ञान को प्रकट कराने वाला एवं मोक्षतत्व का प्रकाशक जिन धर्म ही मेरा धर्म है। ऐसी समकित (सम्यक्त्व अथवा सम्यग्दर्शन) मैं श्रद्धापूर्वक जीवन भर के लिये स्वीकार करता हूं। यही नही, जिन प्रभु से मैं निरन्तर प्रार्थना करता हू कि यही समकित मुझे जन्म जन्मान्तर तक प्राप्त होती रहे ताकि मैं इस ससार-कारागार से मुक्त होकर सिद्ध-बुद्ध, निरंजन-निराकार अजर अमर हो सकूं और तब वह मेरी समकित भी सादि अनन्त बन जाय।

इस समकित—पाठ के भी छ आगार एव पांच अतिचार आचार्यों ने बतलाये हैं, जिनका वर्णन—विवेचन भी श्रावक प्रतिक्रमण मे किया गया है। साधक इसकी जानकारी वहा से करें।

इसी समकित धारण करने को जैन दर्शन मे बोधिरत्न की प्राप्ति होना भी कहा गया है। इसी की सही अर्थो मे प्राप्ति की आन्तरिक अभिलाषा अनेकानेक जैनाचार्यों, जैन धर्मोपदेष्टाओ एवं निर्ग्रन्थ जैन सन्त-सतियों ने जिन प्रभु से अनेकानेक प्रकार की स्तुतियों, प्रार्थनाओं एवं गाथाओ के माध्यम से प्रकट की है और इसकी सर्वोच्च महिमा गाई है। उदाहरण के रूप में एक-दो

आचार्यों द्वारा की गई वहु प्रचलित एक-दो प्रार्थनाओं की कुछ कड़ियां नीचे दी जाती हैं :—

(१) इय संथुओ महायस ! भत्तिब्भरनिब्भरेण हियएण।
ता देव ! दिज्ज बोहिं भवे भवे पास जिणचन्द !

(२) दीनोद्धार धुरन्धरस्त्वदपरो, नास्ते मदन्यः कृपा—,
पात्रं नात्र जने जिनेश्वर ! तथाप्येतां न याचे श्रियम्।
किन्त्वर्हन्निदमेव केवलमहो, सद्बोधिरत्नं शिवम्,
श्रीरत्नाकर – मगलैकनिलय ! श्रेयस्करं प्रार्थये ॥

(३) नो मुक्त्यै स्पृहयामि नाथ ! विभवै कार्यं न सांसारिकै,
किन्त्वायोज्य करौ पुनः पुनरिदं त्वामीशमभ्यर्थये।
स्वप्ने जागरणे स्थितौ विचलने सुखे-दुःखे मन्दिरे,
कान्तारे निशिवासरे च सततं भक्तिर्ममास्तु त्वयि ॥

(१३६)

सात कुव्यसनों का निषेध

जुआ खेलना, मास, मद, वैश्या—व्यसन, शिकार।
चोरी, पर – रमणी – रमण, सातो नरक द्वार ॥

१. जुआ—शर्त लगा कर ताश आदि खेलना, चांदी का व अन्य पदार्थों का सट्टा व रेस का भी सट्टा एक प्रकार का जुआ है। (इसका यदि सर्वथा त्याग न कर सकें तो परिमाण अवश्य करना चाहिये।) २. मांस-भक्षण करना, अण्डे, मछली आदि का प्रयोग करना। ३. मदिरापान करना, भांग, गांजा, सुलफा, चरस, तम्बाखू आदि का सेवन करना। ४. वैश्या-गमन करना। ५. शिकार खेलना, अथवा विना अपराध किसी भी नर-नारी, बालक एव अन्य त्रस प्राणी को सकरण पूर्वक मारना, उन पर घातक हमला या वार करना। ६. चोरी करना यानि विना दी हुई वस्तु लेना, अथवा ७. पर-स्त्री गमन करना।

ये सातों नरक के द्वार है। प्रत्येक साधक व्यक्ति को इन सातों ही कुव्यसनों का जीवन-भर के लिये त्याग कर देना चाहिये। इनका त्याग करने से प्राणीमात्र के लिये कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, अन्यथा नही। जीवन को उन्नत बनाने व चरित्र-निर्माण के लिये निर्व्यसनी होना आवश्यक है। ये सातो व्यसन दुर्गति के कारण एवं अधर्म को वढाने वाले हैं। अतः साधको एवं व्रती बनने वालो को इन कुव्यसनो का पहले त्याग करना आवश्यक है। प्राथमिक साधना की दृष्टि से भी इनका जीवन भर के लिये त्याग कर देना चाहिये। इनका त्याग ही वस्तुत मनुष्य को मनुष्य बनाने वाला है, मानव जीवन का उत्थान एवं कल्याण करने वाला है।

(१३७)

श्रावक के ३ मनोरथ

वो दिन धन होसी, जद करस्यू धर्म विचार ।।टेर।।

१. एक जीव के कारणे कियो आरम्भ वेशुमार।
परिग्रह की सीमा नही कोई दिन दिन वढे अपार – वो०

२. धर्म ध्यान निपजे नही, नही कीनो पर उपकार।
आरंभ परिग्रह छोडने, निवृत होसूं जिण वार – वो०

३. भव-भव मे भटकत फिर्यो, कोई चोरासी मझार।
साधु या श्रावक पणो, नही कीनो अगीकार – वो०

४. ब्रह्मचर्य व्रत पालसूं, कोई सजम सतरे प्रकार।
पंच महाव्रत धार ने, कोई वणसूं जद अणगार – वो०

५. अत सथारो धारसूं, अट्ठारे पाप परिहार।
अरिहन्त सिद्ध साधु केवली, ए चारो शरणा धार – वो०

६. सव ही जीव खमावसूं, कोई खमशु वारबार।
शुद्ध भावे पडित मरण, कोई करशुं देह विसार – वो०

७. तीन मनोरथ ए कह्या, जो नित चिन्ते नर नार।
इण भव पर भव जीव के, कोई खर्ची बांधे लार।
तीन मनोरथ पूरजो, म्हारे होसी मंगलाचार – वो०

श्रावक के लिए यह आवश्यक है कि वह प्रतिदिन प्रातःकाल सामायिक करते समय अथवा वैसे भी मनोरथो के द्वारा भविष्य के लिए शुभ संकल्प करे। भगवान् महावीर ने स्थानांग सूत्र में ३ मनोरथों का वर्णन किया है।

१. श्रावक पहले मनोरथ में यह विचार करे कि "वह धन्य दिन कब होगा, जब मैं अपने धन संपत्ति-रूप परिग्रह का पीड़ित जनता के हित के लिए त्याग करूंगा। यह परिग्रह मेरी आत्मा के लिए सबसे बड़ा बन्धन है। यह ममता का जहर आध्यात्मिक जीवन को दूषित कर रहा है। धन का सच्चा उपयोग सग्रह में अथवा अपने स्वार्थ के पोषण मे नही है, प्रत्युत जन-हित के लिए अर्पण कर देने मे है। अस्तु, जिस दिन मैं अपने परिग्रह को जन सेवा मे त्याग कर प्रसन्नता अनुभव करूंगा ममता के भार से हल्का हो जाऊंगा, वह दिन मेरे लिए महान कल्याणकारी होगा।"

२. श्रावक दूसरे मनोरथ मे यह विचारे कि "वह धन्य दिन कब होगा, जब मैं संसार की मोह, माया और विषय वासना का त्याग करके साधु जीवन स्वीकार करूंगा? अहिंसा आदि पांच महाव्रतों को धारण कर और परिषह उपसर्गों को समभाव से सहन कर जिस दिन मुनि पद की ऊंची भूमिका मे विचरण करूंगा, वह दिन मेरे लिए महान् कल्याणकारी होगा।"

३. श्रावक तीसरे मनोरथ में यह चिन्तन करे कि "वह धन्य दिन कब होगा, जब मैं अपनी संयम यात्रा को सकुशल-निर्विघ्न भाव से पूर्ण कर अन्त समय मे आलोचना, निंदना एवं गर्हणा करके संथारा ग्रहण करूंगा? सब प्रकार की उपधि, आहार और जीवन की ममता का भी त्याग कर जिस दिन मैं पूर्ण रूप से अपने आपको वीतराग भगवान् की उपासना में लगाऊंगा, वह दिन मेरे लिए कल्याणकारी होगा।"

(१३८)

चौवह-नियम

सचित दव्व विगग्न पन्नी तबोल वत्थ कुसुमेसु ।
वाहण सयण विलेवण, बम्भ दिसि न्हाण भत्त सु ।।

१. **सचित**–जीव सहित वस्तु अर्थात् कच्चा पानी, फल फूल, मूल, बीज आदि । कोई भी सचित वस्तु, जो छेदन-भेदन होकर तथा अग्नि आदि का शस्त्र पाकर अचित न हुई हो ।
२. **द्रव्य**–रोटी, दाल, भात आदि द्रव्य ।
३. **विगय**–दूध, दही, घी, तेल आदि ।
४. **उपानत्**–जूते, चप्पल आदि ।
५. **ताम्बूल**–मुखवास, पान, सुपारी आदि ।
६. **वस्त्र**–पहनने-ओढ़ने के सब वस्त्र ।
७. **कुसुम**–सूंघने की वस्तु-फूल, इतर आदि ।
८. **वाहन**–घोड़ा, हाथी, जहाज, मोटर आदि ।
९. **शयन**–पलंग, खाट, बिछौने आदि ।
१०. **विलेपन**–चन्दन, तेल, उबटन आदि ।
११. **ब्रह्मचर्य**–मैथुन का त्याग ।
१२. **दिशा**–ऊंची, नीची, तिरछी, दिशा ।
१३. **स्नान**–स्नान का जल ।
१४. **भक्त**–मिष्ठान्न आदि भोजन ।

सूचना–चौदह नियम नित्यप्रति ग्रहण करें । ऊपर लिखित चौदह वस्तुओं की, आवश्यकता के अनुसार, जितनी मर्यादा (परिमाण) रखनी हो, रखकर उसके उपरान्त का त्याग कर लेना चाहिये । जितना त्याग, उतनी ही शान्ति । चौदह नियम नियमित रूप से प्रतिदिन ग्रहण करने से समुद्र जितना पाप घट कर बूंद के बराबर रह जाता है ।

(१३६)

बारह भावना

१. अनित्य — राजा राणा छत्रपति, हाथिन के असवार ।
मरना सबको एक दिन, अपनी अपनी वार ।।

२. अशरण — दल बल देवी देवता, मात–पिता परिवार ।
मरती बिरियां जीवको, कोई न राखन हार ।।

३. संसार — दाम बिना निर्धन दुःखी, तृष्णा वश धनवान ।
कहूं न सुख संसार में, सब जग देख्यो छान ।।

४. एकत्व — आप अकेला अवतरे, मरे अकेला होय ।
यो कब हूं या जीव को, साथी सगा नहिं कोय ।।

५. अन्यत्व — जहां देह अपनी नही, तहां न अपना कोय ।
घर सम्पति पर प्रकट ये, पर हैं परिजन लोय ।।

६. अशुचि — दिपै चाम चादर मढ़ी, हाड़ पीजरा देह ।
भीतर या सम जगत में, और नही घिन गेह ।।

७. आस्रव — जग वासी घूमें सदा, मोह नींद के जोर ।
सब लूटे नही दीसता, कर्म चोर चहु ओर ।।

८. संवर — मोह नीद जब उपशमे, सत गुरु देय जगाय ।
कर्म चोर आवत रुके, तब कुछ बने उपाय ।।

९. निर्जरा — ज्ञान दीप तप तैल भर, घर शोवे भ्रम छोर ।
या विधि बिन निकसे नही, पैठे पूरब चोर ।।
पंच महाव्रत संचरण, समिति पच प्रकार ।
प्रबल पंच इन्द्रिय विजय, धार निर्जरा सार ।।

१०. लोक — चौदह राजु उत्तंग नभ, लोक पुरुष संठान ।
तामे जीव अनादि ते, भरमत है बिन ज्ञान ।।

११. बोधि-दुर्लभ तन-धन-कंचन राज सुख, सबहि सुलभ कर जान।
दुर्लभ है संसार मे, एक यथारथ ज्ञान ।।

१२. धर्म जांचे सुरतरु देय सुख, चिन्तत चिन्ता रैन ।
बिन जाचे बिन चिन्तये, धर्म सदा सुख दैन ।।

अनित्य अशरण संसार है एकत्व परपंख जाण ।
अशुचि आश्रव संवरा निर्जरा लोक बखाण ।।
बोधिदुर्लभ धर्म ये बारह भावना जाण ।
इनको भावे जो सदा क्यो न लहे निर्वाण ।।

(१४०)

श्री सामायिक सूत्र

श्री पंचपरमेष्ठी नमस्कार मन्त्र

णमो अरिहंताणं ।
णमो सिद्धाणं ।
णमो आयरियाणं ।
णमो उवज्झायाणं ।
णमो लोए सव्वसाहूणं ।

एसो पंच णमोक्कारो, सव्व पावप्पणासणो ।
मंगलाण च सव्वेसिं, पढमं हवइ मगल ।।

तिक्खुत्तो (गुरु वन्दन) का पाठ

तिक्खुत्तो, आयाहिणं, पयाहिण, करेमि, वंदामि, णमसामि, सक्कारेमि, सम्माणेमि, कल्लाण, मंगलं, देवयं, चेइयं, पज्जुवासामि, मत्थएण वंदामि ।

इच्छाकारेणं का पाठ

इच्छाकारेणं संदिसह भगवं ! इरियावहियं पडिक्कमामि, इच्छं । इच्छामि पडिक्कमिउं, इरियावहियाए, विराहणाए । गमणागमणे, पाणक्कमणे, बीयक्कमणे, हरियक्कमणे, ओसा-उत्तिग-पणग-दग-मट्टी-मक्कड़ा-संताणा-संक्कमणे । जे मे जीवा विराहिया-एगिंदिया, बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया, पंचिंदिया, अभिहया, वत्तिया, लेसिया, संघाइया, संघट्टिया, परियाविया, किलामिया, उद्दविया, ठाणाओ ठाणं संकामिया, जीवियाओ ववरोविया, तस्स मिच्छामि दुक्कडं ।

तस्स उत्तरी (आत्म शुद्धि) का पाठ

तस्स उत्तरी करणेणं, पायच्छित्त करणेणं, विसोहि करणेणं, विसल्ली करणेणं, पावाणं कम्माणं निग्घायणट्ठाए, ठामि, काउस्सग्गं । अन्नत्थ ऊससिएणं, निसस्सिएणं, खांसिएणं, छीएणं, जंभाइएणं, उड्डुएणं, वायनिसग्गेणं, भमलीए, पित्तमुच्छाए । सुहुमेहिं अंग संचालेहिं सुहुमेहि खेल संचालेहिं, सुहुमेहिं दिट्ठिसंचालेहिं, एवमाइएहिं, आगारेहिं, अभग्गो, अविराहिओ हुज्ज मे काउस्सग्गो । जाव अरिहंताणं, भगवंताणं, नमोक्कारेणं न पारेमि, ताव कायं ठाणेणं, मोणेणं झाणेणं, अप्पाणं वोसिरामि ।

लोगस्स (चौबीस जिन स्तुति) का पाठ

१. लोगस्स उज्जोयगरे, धम्मतित्थयरे जिणे ।
अरिहंते कित्तइस्सं, चउवीसं पि केवली ।।

२. उसभमजियं च वंदे, संभवमभिणंदणं च सुमइं च ।
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे ।।

३. सुविहिं च पुप्फदतं, सीयल-सिज्जंस-वासुपुज्जं च ।
विमलमणंतं च जिणं, धम्मं संतिं च वंदामि ।।

४. कुन्थुं अरं च मल्लि, वन्दे मुणिसुव्वयं नमिजिणं च ।
वन्दामि रिट्ठनेमिं, पास तह वद्धमाणं च ।।

५. एवं मए अभित्थुआ, विहुयरयमला पहीणजरमरणा ।
चउवीसं पि जिणवरा, तित्थयरा मे पसीयतु ।।

६. कित्तिय वन्दिय महिया, जे ए लोगस्स उत्तमा सिद्धा ।
आरुग्ग बोहिलाभ समाहिवरमुत्तमं दिन्तु ।।

७. चन्देसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा ।
सागरवरगम्भीरा, सिद्धा सिद्धि मम दिसन्तु ।।

सामायिक लेने का पाठ

करेमि भन्ते ! सामाइयं सावज्ज जोगं पच्चक्खामि । जाव नियमं[1] पज्जुवासामि । दुविह तिविहेणं न करेमि न कारवेमि, मणसा वयसा कायसा । तस्स भन्ते ! पडिक्कमामि, निन्दामि गरिहामि अप्पाण वोसिरामि ।

नमोत्थुणं (शक्र स्तव) का पाठ

(अरिहन्त-सिद्ध-स्तुति)

१. नमोत्थु णं ! अरिहताणं भगवंताणं ।

२. आइगराणं तित्थयराणं सयंसंबुद्धाणं ।

३. पुरिसुत्तमाणं पुरिससीहाणं पुरिसवर—
पुण्डरियाणं पुरिसवर गंधहत्थीणं ।।

४. लोगुत्तमाणं लोगनाहाणं लोगहियाणं ।
लोगपईवाणं लोगपज्जोयगराणं ।।

५. अभयदयाणं, चक्खुदयाणं, मग्गदयाणं ।
सरण–दयाणं जीव दयाणं बोहिदयाणं ।।

---

१. जितनी सामायिक लेनी हो उनकी गिनती प्रकट कहकर आगे पाठ बोलना चाहिए । एक सामायिक एक मुहूर्त (४८ मिनट) की गिनी जाती है ।

६. धम्मदयाणं धम्मदेसयाणं धम्मनायगाणं।
धम्मसारहीणं धम्मवरचाउरंत-चक्कवट्टीणं ॥
७. दीवोताणं सरण-गइपइट्ठाणं अप्पडिहयवरनाण—
दंसणधराणं विअट्टछउमाणं ॥
८. जिणाणं जावयाणं तिन्नाणं तारयाणं।
बुद्धाणं बोहियाणं मुत्ताणं मोयगाणं ॥
९. सव्वण्णूणं सव्वदरिसिणं सिव-मयल-मरुय-मणंत-
मक्खय-मव्वाबाह-मपुणरावित्ति सिद्धिगइ नामधेयं ठाणं
संपत्ताणं[1] णमो जिणाणं जिय-भयाणं ॥

सामायिक पारने का पाठ

१ एयस्स नवमस्स सामाइय वयस्स पंच अइयारा जाणियव्वा न समायरियव्वा। तंजहा मणदुप्पणिहाणे, वयदुप्पणिहाणे, काय-दुप्पणिहाणे, सामाइयस्स सइ अकरणया, सामाइयस्स अणवट्ठियस्स करणया, तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

२. सामाइयं सम्मं काएणं न फासियं, न पालियं, न तीरियं, न किट्टियं, न सोहियं, न आराहियं, आणाए अणुपालियं न भवइ तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

३. सामायिक में दस मन के, दस वचन के, बारह काया के इन बत्तीस दोषो में से कोई दोष लगा हो तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

४. सामायिक मे स्त्री कथा, भात कथा, देश कथा, राज कथा इन चार विकथाओं मे से कोई विकथा की हो तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

५. सामायिक मे आहार संज्ञा, भय संज्ञा, मैथुन संज्ञा, परिग्रह संज्ञा इन चार सज्ञाओ मे से किसी का सेवन किया हो तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

६. सामायिक मे अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतिचार अनाचार सम्बन्धी जानते अजानते मन, वचन, काया से कोई दोष लगा हो तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

---

१. अरिहतस्तुति मे 'ठाण सम्पत्ताणं' के स्थान पर 'ठाणसंपाविउ कामाणं बोलें।

७. सामायिक व्रत विधि से लिया हो, विधि से पाला हो, विधि से करते हुए कोई अविधि हुई हो तो तस्स मिच्छामि दुक्कड ।

८. सामायिक मे काना, मात्रा, अनुस्वार, पद, अक्षर, ह्रस्व, दीर्घ, कम, ज्यादा पढा हो तो अनन्त सिद्ध केवली भगवान् की साक्षी से तस्स मिच्छामि दुक्कड ।

सामायिक लेने की विधि :—

पूंजनी से स्थान को पूंज कर और आसन बिछा कर बैठे । फिर मुख-वस्त्रिका बांध कर गुरुजी को तिक्खुतो के पाठ से तीन बार वन्दन करके चउवीसस्तव की आज्ञा लेकर नमस्कार-मन्त्र, इच्छाकारेणं एवं तस्सउत्तरी करणेणं का पाठ बोलें । फिर इच्छाकारेण के पाठ का ध्यान करे । नमो अरिहंताण कह कर ध्यान मे आर्त्तध्यान रौद्रध्यान ध्याया हो, धर्म ध्यान शुक्ल ध्यान न ध्याया हो, ध्यान मे मन, वचन, काया से कोई दोष लगा हो तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं यह कह कर ध्यान पाले । फिर लोगस्स का पाठ बोलकर गुरुजी महाराज विराजमान हो तो उनसे, यदि वे नही हो तो, उत्तर-पूर्व दिशा (ईशानकोण) की ओर मुंह करके शासनपति की आज्ञा लेकर करेमि भन्ते के पाठ से सामायिक लेवें । उसके पश्चात् बाया (डावा) घुटना खड़ा करके दो बार नमोत्थुणं का पाठ बोले ।

सामायिक पारने की विधि :—

नमस्कार—मन्त्र, इच्छाकारेणं, तस्स उत्तरी का पाठ बोल कर एक लोगस्स का ध्यान करना, फिर उपरोक्त रीति से ध्यान पाल कर एक लोगस्स प्रकट कहे फिर बायाँ (डावा) घुटना खडा करके दो बार नमोत्थुणं बोलकर एयस्स नवमस्स का पाठ बोलें और फिर तीन बार नमस्कार-मन्त्र का ध्यान करके सामायिक पालें ।

सामायिक के बत्तीस दोष :—

मन के दस दोष :—

१. विवेक बिना सामायिक करे तो अविवेक दोष ।

२. यशकीर्ति के लिए सामायिक करे तो यशोवांछा दोष ।
३. धनादि के लाभार्थ सामायिक करे तो लाभवांछा दोष ।
४. अहङ्कार युक्त सामायिक करे तो गर्व दोष ।
५. राज्यादिक के अपराध के भय से सामायिक करे तो भय दोष ।
६. सामायिक मे नियाणा करे तो निदान दोष ।
७. फल में सन्देह रख कर सामायिक करे तो संशय दोष ।
८. सामायिक मे क्रोध, मान, माया, लोभ करे तो रोष दोष ।
९. विनयपूर्वक सामायिक न करे, तथा सामायिक में देव, गुरु, धर्म की अविनय आशातना करे तो अविनय दोष ।
१०. भक्तिभावपूर्वक सामायिक न करके वेगारी की तरह सामायिक करे तो अवहुमान दोष ।

वचन के दस दोष :—

१. बुरे वचन बोले तो कुवचन दोष ।
२. विना विचारे बोले तो सहसात्कार दोष ।
३. राग-रागनियो से सम्बन्धित गाने गावे तो स्वच्छन्द दोष ।
४. सामायिक के पाठ और वाक्यों को संक्षिप्त करके बोले तो संक्षेप दोष ।
५. सामायिक में क्लेशकारी वचन बोले तो कलह दोष ।
६. स्त्री-पुरुष कथा, भोजन कथा, देश कथा, राज कथा इन चार कथाओ मे से कोई कथा करे तो विकथा दोष ।
७. सामायिक मे हंसी ठट्ठा करे तो हास्य दोष ।
८. सामायिक मे उतावला २ पाठ को अशुद्ध बोले तो अशुद्ध दोष ।
९. सामायिक मे उपयोग बिना बोले तो निरपेक्ष दोष ।
१०. अस्पष्ट-मुण-मुण बोले तो मुम्मण दोष ।

काया के १२ दोष :—

१. सामायिक में अयोग्य-अभिमान आदि के आसन से बैठे तो कुआसन दोष ।

२. सामायिक मे स्थिर ग्रासन पर न बैठे तथा ग्रासन बार-बार बदलता रहे तो चलासन दोष ।
३. सामायिक मे इधर उधर दृष्टि फेरे तो चलदृष्टि दोष ।
४. सामायिक मे सावद्य क्रिया, सीना पिरोना ग्रादि गृहकार्य करे तो सावद्य क्रिया दोष ।
५. सामायिक मे भीतादि का सहारा लेवे तो ग्रालम्बन दोष ।
६. सामायिक में बिना कारण हाथ पांव फैलावे समेटे तो ग्राकुंचन-प्रसारण दोष ।
७. सामायिक में ग्रङ्ग मोड़े तो ग्रालस्य दोष ।
८. सामायिक मे हाथ पैर की ग्रगुलियो का कड़का निकाले तो मोटन दोष ।
९. सामायिक मे मैल उतारे तो मल दोष ।
१०. गले या गाल पर हाथ लगाकर शोकासन से बैठे तो विमासण दोष ।
११. निद्रा लेवे तो निद्रा दोष ।
१२. विना कारण दूसरो के पास से वैयावृत्य (सेवा) करावे तो वैयावृत्य दोष ।

सामायिक का महत्व

जैन धर्म मे जीव दो प्रकार के बतलाए गये हैं (१) ससारी (२) सिद्ध । ससारी जीव ही ग्रपने ग्रनादि के लगे हुए कर्मो को क्षय करके सिद्ध ग्रवस्था को प्राप्त करता है । इस सिद्ध गति को पहुचने की ग्रनेक क्रियाग्रो मे सामायिक का एक महत्वपूर्ण स्थान है ।

सामायिक एक प्रकार का ग्राध्यात्मिक व्यायाम है जिससे वह ग्राते हुये कर्म दलिको का निरुधन करता है ग्रौर समभाव के द्वारा पूर्व सचित कर्मों का सेवन कर उनको नष्ट करता है । जिस प्रकार दवाई व पथ्य रोगी को रोग से मुक्त करते हैं ग्रौर शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, उसी प्रकार सामायिक नवीन कर्मो के बध को रोक करके ग्रौर पूर्व कृत कर्मो का क्षय करके जीव को मोक्ष का अधिकारी बनाता है । यह क्रिया ग्रात्मा को बाह्य भाव से हटाकर स्वभाव

में रमण कराती है। समभाव साधना ही सामायिक है और एक शब्द में कहें तो सामायिक मोक्ष की साधना का प्रथम व अन्तिम चरण है।

समता सर्व भूतेपु संयमः शुभ भावना ।
आर्त्त-रौद्र-परित्यागस्तद्धि सामायिकं व्रतम् ।।

अर्थात्—प्राणीमात्र मे समभाव रखना, संयम एवं शुभ भावनाओ में रमण करना, आर्त्त ध्यान एवं रौद्र ध्यान का त्याग कर देना—ये सामायिक व्रत के लक्षण है। इसी को सामायिक कहते है।

दिवसे दिवसे लक्ख, देई सुवण्णस्स खंडियं एगो ।
एगो पुण सामाइय, करेइ न पहुप्पए तस्स ।।

अर्थात्—ऐसी सामायिक की साधना करने वाले साधक व्यक्ति की वरावरी वह व्यक्ति भी नही कर सकता, जो व्यक्ति प्रतिदिन एक लाख स्वर्ण मुद्राओं का दान देकर पुण्यार्जन करता है।

"ॐ शान्ति प्रभु जय शान्ति प्रभु पार्श्वनाथ महावीर प्रभु" इस जाप की ११५८ मालाएं फेरने से १। लाख के जाप की पूर्ति होती है। इस जाप की बहुत बड़ी महिमा है।

—०—

खामेमि सव्वे जीवा, सव्वे जीवा खमन्तु मे।
मित्ति मे सव्व भूएसु, वेरं मज्झ न केणई ।।
(मैं करता क्षमा सब जीवो को, क्षमा करें सब जीव मुझे।
मैत्री भाव है सबसे मेरा, नहीं किसी से वैर मुझे ।।)

(१४१)

(आलोयणा-पाठ, तर्ज—विमल जिनेश्वर सेविये)

१. हिवे राणी पद्मावती, जीवराशि खिमावे।
जाणपणुं जग मे भलुं इण वेला जो आवे ।।

२. ते मुझ मिच्छामि दुक्कडं, अरिहंतो नी साख ।
जे मै जीव विराधिया, चौरासी लाख — ते०

३. सात लाख पृथ्वी तणा, साते अपकाय ।
सात लाख तेऊ तणा, साते वली वाय — ते०

४. दश लाख प्रत्येक वनस्पति, चउदे साधारण ।
बे-ती चौरिंद्रिय जीव नी, बे बे लाख विचार — ते०

५. देवता तिर्यंच नारकी, चार चार प्रकाशी ।
चौदह लाख मनुष्य ना, ये लाख चौरासी — ते०

६. इण भव परभव सेविया, जे पाप अठार ।
त्रिविध त्रिविध करि परिहरूं दुर्गति ना दातार — ते०

७. हिंसा कीधी जीव नी, बोल्या मृषावाद ।
दोष अदत्तादान ना, मैथुन उन्माद — ते०

८. परिग्रह मेल्यो कारमो, कीधो क्रोध विशेष ।
मान माया लोभ मै किया, वली राग ने द्वेष — ते०

९. कलह करी जीव दूहव्या, दीधा कूड़ा कलक ।
निन्दा कीधी पार की, रति अरति निःशक — ते०

१०. चाडी कीधी पार की, कीधो थापण मोसो ।
कुगुरु कुदेव कुधर्म नो, भलो आण्यो भरोसो — ते०

११. खटीक ने भवे मैं किया, जीव ना वध घात ।
चिड़ीमार भवे चिड़कला, मार्या दिन ने रात — ते०

१२. काजी मुल्ला ने भवे, पढी मन्त्र कठोर ।
जीव अनेक जिबह किया, कीधा पाप अघोर — ते०

१३. माछी ने भवे माछला, झाल्या जल वास ।
धीवर भील कोली भवे, मृग पाड़्या पास — ते०

१४. कोटवाल ने भवे मैं किया, आकरा कर दण्ड ।
बन्दीवान मराविया, कोरड़ा छड़ी दण्ड — ते०

१५. परमाधामी ने भवे, दीवा नारकी दुःख।
छेदन भेदन वेदना, ताड़न अतितिक्ख – ते०

१६. कुंभार ने भवे मैं घणा, नीमाह पचाव्या।
तेली भवे तिल पीलिया, पापे पिण्ड भराव्या – ते०

१७. हाली-भवे हल खेड़िया, फोड्या पृथ्वी ना पेट।
सूड़ निनाण किया घणां, दीवी बलदां चपेट – ते०

१८. माली भवे रूंख रोपिया, नाना विध वृक्ष।
मूल पत्र फल लता, फूललाग्या पाप ज लक्ष – ते०

१९. अवोवाइया ने भवे, भरिया अधिका भार।
पोठी पूठे कीड़ा पड्या दया न आणी लिगार – ते०

२०. छीपा ने भवे छेतर्‌या कीधा रांगण पास।
अग्नि आरंभ किया घणा, धातुवाद अभ्यास – ते०

२१. शूर पणे रण जूझता, मार्‌या माणस वृन्द।
मदिरा मांस माखण भख्या खाधा मूल ने कन्द – ते०

२२. खाण खणावी धातुनी, सर पाणी उलीच्या।
आरम्भ कीधा अति घणा, पोते पापज संच्या – ते०

२३. अङ्गार कर्म किया वली, वन में दव दीधा।
सौगन्ध खाई वीतराग नी, कूड़ा दोषज दीधा – ते०

२४. बिल्ली भवे उन्दर गिल्या, गिलोरी हत्यारी।
मूढ़ गंवार तणे भवे, मैं जूं लीखां मारी – ते०

२५. भड़भूंजा तणे भवे, एकेन्द्रिय जीव।
जुवार चणा गेहूं सेकिया, पाड़ंता रीव – ते०

२६. खांडन पीसण गारना, किया आरम्भ अनेक।
रांधण इंधण अग्नि ना, कीवा पाप उद्वेग – ते०

२७. विकथा चार कीधी वली, सेव्या पच प्रमाद।
इष्ट वियोग पड़ाविया, रोवण विख वाद – ते०

२८. साधू अने श्रावक तणा, व्रत लेई ने भाग्या ।
मूल अने उत्तर गुण तणा, मुझ दूषण लाग्या – ते०

२६ सांप बिच्छू सिंह चीतरा, सिकरा ने समली (चील)।
हिंसक जीव तणे भवे, हिंसा कीधी सबली – ते०

३०. सुवावड़ी दूषण घणा, वली गर्भ गलाव्या ।
जीवाणी ढोली घणी, शील व्रत भंजाव्या – ते०

३१. भव अनन्त भमता थका, कीधो देह सम्बन्ध ।
त्रिविध त्रिविध करि वोसिरूं, तिणशुं प्रतिबन्ध – ते०

३२. भव अनन्त भमता थकां, कीधो परिग्रह सम्बन्ध ।
त्रिविध त्रिविध करि वोसिरूं, तिणशुं प्रतिबध – ते०

३३. भव अनन्त भमतां थका, कीधा कुटुम्ब सम्बन्ध ।
त्रिविध त्रिविध करि वोसिरूं, तिणशुं प्रतिबध – ते०

३४. इण विध इह भव पर भवे, कीधा पाप अखत्र ।
त्रिविध त्रिविध करि वोसिरूं, करू जन्म पवित्र – ते०

३५. इण विध यह आराधना, भावे करसे जेह ।
'समय सुन्दर' कहे पाप थी, वली छूट से तेह – ते०

(१४२)

वृहदालोयणा

१. सिद्ध श्री परमात्मा, अरिगंजन अरिहृत ।
इष्टदेव वदूं सदा, भयभजन भगवंत ।।

२ अरिहंत सिद्ध समरूं सदा, आचारज उवज्झाय ।
साधु सकल के चरण कूं, वंदूं शीश नमाय ।।

३. शासन नायक सुमरिये, भगवंत वीर जिनन्द ।
अलिय विघन दूरे हरे, आपे परमानन्द ।।

४. अंगूठे अमृत बसे, लब्धि तणा भंडार।
श्री गुरु गौतम सुमरिये, वांछित फल दातार॥
५. श्री गुरुदेव प्रसाद से, होत मनोरथ सिद्ध।
ज्यों जल वरसत वेलि तरु, फूल फलन की वृद्ध॥
६. पंच परमेष्टी देवको, भजनपूर पहिचान।
कर्म अरि भाजे सभी, होवे परम कल्याण॥
७. श्री जिनयुगपद कमल मे, मुझ मन भमर वसाय।
कब ऊगे वो दिन करू, श्रीमुख दर्शन पाय॥
८. प्रणमी पदपकज भणी, अरिगजन अरिहंत।
कथन करूँ अब जीव को, किंचित मुझ विरतंत॥
९. आरभ विषय कषाय वश, भमियो काल अनंत।
लख चौरासी योनि से, अब तारो भगवंत॥
१०. देव गुरु धर्म सूत्र मे, नव तत्वादिक जोय।
अधिका ओछा जे कह्या, मिच्छा दुक्कडं मोय॥
११. मोह अज्ञान मिथ्यात्व को, भरियो रोग अथाग।
वैद्यराज गुरु शरण से, औषध ज्ञान वैराग॥
१२. जे मैं जीव विराधिया, सेव्या पाप अठार।
प्रभो ! तुमारी साख से, वारंवार धिक्कार॥
१३. बुरा बुरा सब को कहूं, बुरा न दीसे कोय।
जो घट शोधूँ आपणो, तो मोसूं[1] बुरा न कोय॥
१४. कहवा में आवे नही, अवगुण भरया अनंत।
लिखवा में क्यों कर लिखूं, जानो श्री भगवंत॥
१५. करुणानिधि करुणा करी, कठिन कर्म मोय छेद।
मोह अज्ञान मिथ्यात्व को, करजो ग्रंथि भेद[2]॥

---

१ मेरे से, २ कर्मों की गांठ को तोड़ना।

१६ पतित उधारण नाथजी, अपनो विरुद विचार।
भूल चूक सब माहरी, खमिये बारंबार ।।

१७. माफ करो सब माहरां, आज तलक ना दोष।
दीन दयाल देवो मुझे, श्रद्धा शील सतोष ।।

१८. आत्म निंदा शुद्ध भणी, गुणवंत वंदन भाव।
रागद्वेष पतला करी, सब से खिमत खिमाव ।।

१९. छूटूं पिछला पाप से, नवा न बांघू कोय।
श्री गुरुदेव प्रसाद से, सफ़ल मनोरथ होय ।।

२०. परिग्रह ममता तजि करी, पंच महाव्रत धार।
अंत समय आलोयणा, करूं संथारो सार ।।

२१. तीन मनोरथ[1] ए कह्या, जो ध्यावे[2] नित्य मन्न।
शक्ति सार वरते सही, पावे शिवसुख धन्न ।।

२२. अरिहंत देव निर्ग्रन्थ गुरु, संवर निर्जरा धर्म।
केवलिभाषित शासतर, यही जैनमत मर्म ।।

२३. आरंभ विषय कषाय तज, शुद्ध समकित व्रत धार।
जिन आज्ञा परमाण कर, निश्चय खेवो पार ।।

२४. खिण[3] निकमो रहणो नही करणो आतम काम।
भणणो गुणणो सीखणो, रमणो ज्ञान आराम[4] ।।

२५. अरिहंत सिद्ध सब साधुजी, जिन आज्ञा धर्मसार।
मगलिक उत्तम सदा, निश्चय शरणा चार ।।

२६. घडी घडी पल पल सदा, प्रभु सुमिरण को चाव।
नरभव सफलो जो करे, दान शील तप भाव ।।

—०—

१. मन की अभिलाप, २. चिन्तन करना, ३. थोड़ी देर भी, ४. वगीचा।

१. सिद्धां जैसो जीव है, जीव सो ही सिद्ध होय ।
कर्म मैल को आंतरो, बूझै[1] विरला कोय ।।
२. कर्म पुद्गल रूप है, जीव रूप है ज्ञान ।
दो मिल कर बहुरूप है, विछड़यां[2] पद निरवाण ।।
३. जीव करम भिन्न भिन्न करो, मनुष्य जनम को पाय ।
ज्ञानातम वैराग्य से, धीरज ध्यान लगाय ।।
४. द्रव्य थकी जीव एक है, क्षेत्र असंख्य प्रमाण ।
काल थकी सर्वदा रहे, भावे दर्शन ज्ञान ।।
५. गर्भित[3] पुद्गल पिंड में, अलख[4] अमूरति[5] देव ।
फिरे सहज भव चक्र मे, यह अनादि की टेव[6] ।।
६. फूल अतर घी दूध मे, तिल मे तेल छिपाय ।
यूं चेतन जड़ करम संग, बध्यो ममत दु.ख पाय ।
७. जो जो पुद्गल की दशा, ते निज माने हंस[7] ।।
या ही भरम विभाव ते, बढे करम को वश ।।
८. रतन बंध्यो गठड़ी विषे, सूर्य छिप्यो घन मांय ।
सिंह पिंजरा मे दियो, जोर चले कछु नांय ।।
९. ज्यों बन्दर मदिरा पीयां, विच्छू डकित गात ।
भूत लग्यो कौतुक करे, त्यो कर्मो का उत्पात ।।
१०. कर्म संग जीव मूढ है, पावे नाना रूप ।
कर्मरूप मल के टले, चेतन सिद्ध सरूप ।।
११. शुद्ध चेतन उज्ज्वल दरव रह्यो कर्म मल छाय ।
तप संयम से धोवतां ज्ञान ज्योति वढ़ जाय ।।
१२. ज्ञान थकी जाने सकल, दर्शन श्रद्धा रूप ।
चारित्र से आवत रुके, तपस्या क्षपण सरूप ।।

---

१. समझे, २. अलग होना, ३. मिला हुआ, ४. दिखाई न देने वाला, ५. आकार रहित, ६. आदत, ७. आत्मा ।

१३. कर्म रूप मल[1] के शुधे, चेतन चांदी रूप।
निर्मल ज्योति प्रगट भयां, केवल ज्ञान अनूप[2] ।।

१४. मूसी पावक सोहगी फूका तणो उपाय।
राम चरण चारु मिल्यां, मैल कनक[3] को जाय ।।

१५. कर्मरूप बादल मिटे, प्रगटे चेतन चन्द।
ज्ञानरूप गुण चादनी, निर्मल ज्योति अमन्द[4] ।।

१६. राग द्वेष दो बीज से, कर्म बन्ध की व्याध[5] ।
ज्ञानातम वैराग्य से, पावे मुक्ति समाध ।।

१७. अवसर बीत्यो जात है, अपने वश कछु होत।
पुण्य छतां पुण्य होत है, दीपक दीपक ज्योत ।।

१८. कल्प वृक्ष चिन्तामणि, इस भव मे सुखकार।
ज्ञान वृद्धि इन से अधिक, भव दुःख भंजनहार ।।

१९. राई मात्र घट वध नही, देख्या केवल ज्ञान।
यह निश्चय कर जान के, तजिये परथम[6] ध्यान ।।

२०. दूजा[7] कूं कभी न चिंतिये, कर्मबन्ध बहु दोष।
तीजा[8] चौथा[9] ध्याय के, करिये मन सन्तोष ।।

२१. गई वस्तु सोचे नही, आगम वाछा नाय।
वर्तमान वर्ते सदा, सो ज्ञानी जग माय ।।

२२. अहो समदृष्टि जीवडा, करे कुटुम्ब प्रतिपाल।
अन्तर्गत न्यारो रहे, ज्यो धाय खिलावे बाल ।।

२३. सुख दुःख दोनु वसत है, ज्ञानी के घट माय।
गिरि[10] सर[11] दीसे दर्पण[12] मे, भार भीजवो नाय ।।

---

१ मैल, २. उपमा रहित, ३ सोना, ४ उत्कृष्ट, ५ पीडा, ६ आर्त्त ध्यान ७. रौद्रध्यान, ८ धर्म ध्यान, ९. शुक्ल ध्यान, १०. पर्वत, ११. तालाव, १२. काच ।

२४. जो जो पुद्गल फरसना, निश्चय फरसे सोय।
ममता समता भाव से, करमबन्ध खय होय ॥
२५. वांध्या सोही भोगवे, कर्म शुभाशुभ भाव।
फल निर्जरा होत है, यह समाधि चित चाव ॥
२६. वांध्या बिन भुगते नही, बिन भुगत्यां न छुड़ाय।
आप ही करता भोगता, आप ही दूर कराय ॥
२७. पथ[1] कुपथ[2] घट वध करी, रोग हानि वृद्धि थाय।
यूं पुण्य पाप किरिया करी, सुख दुःख जग में पाय ॥
२८. सुख दियां सुख होत है, दुःख दियां दुःख होय।
आप हणे नही अवर कूं, तो अपने हणे न कोय ॥
२९. ज्ञान गरीबी गुरु वचन, नरम वचन निर्दोष।
इनकूं कभी न छांड़िये, श्रद्धा शील सन्तोष ॥
३०. सत मत छोड़ो हो नरां, लक्ष्मी चौगुनी होय।
सुख दुःख रेखा कर्म की, टाली टले न कोय ॥
३१. गोधन गज धन रतन धन, कंचन खान सुखान।
जब आवे सन्तोष धन, सब धन धूल समान ॥
३२. शील रतन मोटो रतन, सब रतनां की खान।
तीन लोक की सम्पदा, रही शील मे आन ॥
३३. शीले सर्प न आभड़े[3], शीले शीतल आग।
शीले अरि करि[4] केसरी[5], भय जावे सब भाग ॥
३४. शील रतन के पारखी, मीठा बोले वैन।
सब जग से ऊंचा रहे, जो नीचा राखे नैन ॥
३५. तन कर मन कर वचन कर, देत न काहु दुःख।
कर्म रोग पातक झड़े, देखत वा का मुख ॥

———

१. पथ्य-गुणकारी, २. कुपथ्य-अवगुण करने वाला, ३. डसे, ४. हाथी, ५. सिंह

१. पान खिरन्तो इम कहे, सुन तरुवर वनराय।
अब के बिछुड़े कब मिलें, दूर पड़ेंगे जाय॥
२. तब तरुवर उत्तर दियो, सुनो पत्र इक वात।
इस घर एही रीत है, इक आवत इक जात॥
३. वरस दिनो की गांठ को, उच्छव गाय बजाय।
मूरख नर समझे नही, वरस गाठ को जाय॥
४. पवन तणो विश्वास किण कारण तें दृढ कियो।
इनकी एही रीत, आवे के आवे नही॥
५. करज विराणा काढ के, खरच किया बहु दाम।
जब मुद्दत पूरी हुवे, देणा पडसी दाम॥
६. विन दियां छूटे नही, यह निश्चय कर मान।
हस हस के क्यो खरचिये, दाम बिराना जान॥
७. जीव हिंसा करतां थका, लागे मिष्ट अज्ञान।
ज्ञानी इम जाने सही, विष मिलियो पकवान॥
८. काम भोग प्यारा लगे, फल किंपाक समान।
मीठी खाज खुजावता, पीछे दु:ख की खान॥
९. जप तप संजम दोहिलो, औषध कड़वी जाण।
सुख कारण पीछे घणो, निश्चय पद निरवाण॥
१०. डाभ अणी[1] जल विंदुवो, सुख विषयन को चाव।
भवसागर दु:ख जल भर्यो, यह ससार स्वभाव॥
११. चढ उत्तंग[2] जहां से पतन, शिखर नही वो कूप[3]।
जिस सुख अंदर दु:ख बसे, सो सुख भी दु:ख रूप॥
१२. जब लग जिसके पुण्य का, पहुंचे नही करार।
तब लग उसकूं माफ है, अवगुण करे हजार॥

---

१. कुश के अग्र भाग पर, २. ऊंचा, ३. कुआ।

१३. पुण्य खीण जब होत है, उदय होत है पाप।
दाझे[1] बन की लाकड़ी, प्रजले आपों आप ॥

१४. पाप छिपायां ना छिपे, छिपे तो मोटा भाग।
दाबी दूबी ना रहे, रूई लपेटी आग ॥

१५. बहु बीती थोड़ी रही, अब तो सुरत संभार।
पर भव निश्चय जावणो, वृथा जन्म मत हार ॥

१६. चार कोश ग्रामान्तरे, खरची बांधे लार।
परभव निश्चय जावणो, करिये धर्म विचार ॥

१७. रज बिरज ऊंची गई, नरमाई के पाण।
पत्थर ठोकर खात है, करड़ाई के ताण ॥

१८. अवगुण उर धरिये नही, जो हुवे विरख[2] बबूल।
गुण लीजे 'कालू' कहे, नही छाया मे शूल ॥

१९. जैसी जापे वस्तु है, वैसी दे दिखलाय।
वांका बुरा न मानिये, वो लेन कहां से जाय ॥

२० गुरु कारीगर सारिखा, टांची वचन विचार।
पत्थर से प्रतिमा करे, पूजा लहे अपार ॥

२१. सन्तन की सेवा कियां, प्रभु रीझत[3] है आप।
जां का बाल खिलाइये, तां का रीझत बाप ॥

२२. भवसागर संसार में, दीपा श्री जिनराज।
उद्यम करी पहुचे तीरे, बैठ धर्म की जहाज ॥

२३. निज आतम कूं दमन कर, पर आतम कूं चीह्न[4]।
परमातम को भजन कर, सोई मत परवीन ॥

२४. समझूं शके पाप से, अणसमझूं हरषंत।
वे लूखा वे चीकणा, इण विध कर्म बधंत ॥

---

१. जलना, २. वृक्ष, ३ खुश होना, ४. पहिचान।

२५. समझ सार संसार मे, समझूं टाले दोष।
समझ समझ कर जीव ही, गया अनन्ता मोक्ष ॥
२६. उपशम विषय कषाय नो, संवर तीनूं योग।
किरिया जतन विवेक से, मिटे कुकर्म दु:ख रोग ॥
२७. रोग मिटे समता वधे, समकित व्रत आराध।
निर्वैरी सब जीव का, पावे मुक्ति समाध ॥
—इति भूल चूक मिच्छामि दुक्कडं ॥

———

१. सिद्ध श्री परमात्मा अरिगजन अरिहत।
इष्टदेव वन्दूं सदा, भयभंजन भगवन्त ॥
२. अनन्त चौबीसी जिन नमूं, सिद्ध अनन्ता क्रोड।
वर्तमान जिनवर सभी, केवली दो क्रोड़ी नव क्रोड़ ॥
३. गणधरादिक सर्व साधुजी, समकित व्रत गुणधार।
यथायोग्य वन्दन करू, जिन आज्ञा अनुसार ॥
(प्रथम एक नवकार गिनना)
४. पंच परमेष्ठी देव को, भजनपूर पहिचान।
कर्म अरि भाजे सभी, शिवसुख मगल थान ॥
५. अरिहंत सिद्ध समरू सदा, आचारज उवज्झाय।
साधु सकल के चरण कूं, वन्दूं शीष नमाय ॥
६. शासन नायक सुमरिये, वर्द्धमान जिन चन्द।
अलिय विधन दूरे हरे, आपे परमानन्द ॥
७. अगुष्ठे अमृत वसे, लब्धि तणा भंडार।
श्री गुरु गौतम सुमरिये, वाछित फल दातार ॥
८. श्री जिन युगपद् कमल मे, मुझ मन भ्रमर वसाय।
कब ऊगे वो दिन करू, श्री मुख दर्शन पाय ॥

९. प्रणमी पद पंकज भणी, अरिगंजन अरिहन्त ।
कथन करूं अब जीव को, किंचित् मुझ विरतन्त ।।
हूं अपराधी अनादि को, जनम जनम गुनाह किया भरपूर के ।
लूटीया प्राण छकाय ना, सेविया पाप अठारह क्रूर के ।।
—श्री मुनि सुव्रत साहिबा०

आज दिन तक इस भव में और पहिले संख्यात, असंख्यात अनन्त भवों मे कुगुरु कुदेव और कुधर्म की सद्दहणा परूपना फरसना सेवनादिक सम्बन्धी पाप दोष लगा उनका मिच्छामि दुक्कडं । मैंने अज्ञानपन से, मिथ्यात्वपन से, अव्रतपन से, कषायपन से, अशुभयोग से प्रमाद करके अपछंदा अविनीतपन किया, श्री अरिहंत भगवन्त वीतरागदेव, केवलज्ञानी, गणधरदेव, आचार्यजी महाराज, धर्माचार्यजी महाराज, उपाध्यायजी महाराज, साधुजी महाराज, आर्याजी महाराज तथा सम्यग्दृष्टि, स्वधर्मी श्रावक और श्राविका इन उत्तम पुरुषों की तथा शास्त्र, सूत्रपाठ, अर्थ, परमार्थ और धर्म सम्बन्धी समस्त पदार्थों की अभक्ति, अविनय, अशातना आदि की, कराई, अनुमोदी, मन वचन काया से, द्रव्य क्षेत्र काल भाव से सम्यक् प्रकार विनय भक्ति आराधना पालना फरसना सेवनादिक यथायोग्य अनुक्रम से नही की, नही कराई, नहीं अनुमोदी तो मुझे धिक्कार धिक्कार वारम्वार मिच्छामि दुक्कडं । मेरी भूल चूक अवगुण अपराध सब मुझे माफ करो, मैं मन वचन काया करके खमाता हूं ।

१. मैं अपराधी गुरुदेव को, तीन भुवन को चोर ।
ठगूं विराना माल मैं, हा हा कर्म कठोर ।।
२. कामी कपटी लालची, अपछन्दा अविनीत ।
अविवेकी क्रोधी कठिन, महापापी 'रणजीत'[1] ।।
३. जे मैं जीव विराधिया, सेव्या पाप अठार ।
नाथ ! तुमारी साख से वारम्वार धिक्कार ।।

---

[1]. पाठक यहां अपना अपना नाम बोलें ।

पहला पाप प्राणातिपात—मैंने छकायपन से छकाय की बिराधना की, पृथ्वी–अप–तेउ–वायु–वनस्पतिकाय, वेइन्द्रिय तेइन्द्रिय चउरिन्द्रिय पचेन्द्रिय सन्नी असन्नी गर्भज, चौदह प्रकार के सम्मूर्च्छिम आदि त्रस स्थावर जीवो की विराधना मन वचन काया से की, कराई, अनुमोदी, उठते वैंठते सोते हिलते डुलते शस्त्र वस्त्र मकानादिक उपकरण उठाते धरते लेते देते, वर्तते वर्तावते, अप्पडिलेहणा दुप्पडिलेहणा सम्बन्धी, अप्रमार्ज्जना दु.प्रमार्ज्जना संबंधी न्यूनाधिक विपरीत पडिलेहणा संबंधी और आहार विहार आदि अनेक प्रकार के कर्त्तव्यों मे सख्यात, असंख्यात और निगोद आसरी अनन्त जीवों के जितने प्राण लूटे उन सब जीवो का मैं पापी अपराधी हू, निश्चय करके बदले का देनदार हूं, सब जीव मेरे प्रति माफ करो, मेरी भूल चूक अवगुण अपराध सब माफ करो।

देवसी रायसी पक्खी चउमासी और सम्वत्सरी सम्बन्धी वारम्वार मिच्छामि दुक्कडं, वारम्बार मैं खमाता हूं वे सव जीव मुझे क्षमा करें।

खामेमि सव्वे जीवा, सव्वे जीवा खमतु मे।
मित्ति मे सव्वभूएसु, वेरं मज्झं न केणइ ॥

वह दिन धन्य होगा जिस दिन मैं छ: काय के वैर वदले से निवृत्त होऊंगा, समस्त चौरासी लाख जीवा योनि को अभयदान देऊंगा वह दिन मेरा परम कल्याण का होगा।

—दोहा—

सुख दियां सुख होत है, दु:ख दियां दु.ख होय।
आप हणे नही अवर कूं, आप कूं हणे न कोय ॥

दूजा पाप मृषावाद—झूठ वोलना। क्रोध के वश, मान के वश, माया के वश, लोभ के वश, हास्य करके, भय के वश, मृषा (झूठ) वचन वोला, निन्दा विकथा की, कर्कश कठोर मर्म वचन वोला, इत्यादि अनेक प्रकार से मृषावाद झूठ बोला, वुलवाया और अनुमोदा, उनका मन वचन काया से मिच्छामि दुक्कडं।

—दोहा—

थापनमोसा मैं किया, करी विश्वासघात।
परनारी धन चोरीया, प्रकट कह्यो नहीं जात ।।

वह मुझे धिक्कार धिक्कार वारम्वार मिच्छामि दुक्कडं। वह दिन धन्य होवेगा जिस दिन मैं सर्व प्रकार से मृषावाद का त्याग करूंगा, वह दिन मेरा कल्याणरूप होवेगा।

तीसरा पाप अदत्तादान—विना दी हुई वस्तु चोरी करके लेना। यह बड़ी चोरी लौकिक विरुद्ध है। अल्प चोरी मकान सम्वन्धी अनेक प्रकार के कर्तव्यों मे उपयोग सहित या विना उपयोग से अदत्तादान, चोरी मन वचन काया से की, कराई और अनुमोदी तथा धर्म सम्वन्धी ज्ञान दर्शन चारित्र और तप श्री भगवन्त गुरुदेव की विना आज्ञा किया उसका मुझे धिक्कार धिक्कार वारम्वार मिच्छामि दुक्कड। वह दिन मेरा धन्य होगा जिस दिन सर्व प्रकार से अदत्तादान का त्याग करूंगा वह दिन मेरा परम कल्याण का होवेगा।

चौथा पाप मैथुन सेवन करना – मैथुन सेवन करने के लिये मन वचन और काया का योग प्रवर्ताया, नववाड़ सहित ब्रह्मचर्य नही पाला, नववाड़ मे अशुद्धपन में प्रवृत्ति हुई, मैंने सेवन किया, दूसरो से सेवन करवाया और सेवन करने वाले को अच्छा समझा, उसका मन वचन काया से मुझे धिक्कार धिक्कार वारम्वार मिच्छामि दुक्कडं। वह दिन मेरा धन्य होगा जिस दिन मैं नववाड़ सहित ब्रह्मचर्य-शील-रत्न आराधूंगा। यानि सर्वथा प्रकार से काम विकार से निवर्तूंगा वह दिन मेरा परम कल्याण का होवेगा।

पांचवा परिग्रह—सचित्त परिग्रह तो दास दासी द्विपद चतुष्पद (पशु) आदि अनेक प्रकार के और अचित्त परिग्रह सोना चांदी वस्त्र आभूषण आदि अनेक प्रकार के हैं उनकी ममता मूर्च्छा की, क्षेत्र घर आदि नव प्रकार के बाह्य परिग्रह और चौदह प्रकार के आभ्यन्तर परिग्रह को रखा, रखवाया और अनुमोदा तथा रात्रि भोजन अभक्ष्य आहारादि सम्वन्वी पाप दोष सेव्या होय तो उसका मुझे धिक्कार धिक्कार बारम्वार मिच्छामि दुक्कडं। वह दिन मेरा

धन्य होवेगा जिस दिन सब प्रकार से परिग्रह का त्याग कर संसार के प्रपंच से निवर्तूंगा, वह दिन मेरा परम कल्याण रूप होवेगा।

छठा क्रोध—क्रोध करके अपनी आत्मा को तथा पर आत्मा को दुःखी की।

सातवां मान—अहंकार भाव लाया, तीन गारव और आठ मद आदि किया।

आठवां माया—धर्म सम्बन्धी तथा संसार सम्बन्धी अनेक कर्त्तव्यो में कपट किया।

नवमा लोभ—मूर्च्छा भाव लाया, आशा तृष्णा वाच्छा आदि की।

दसवां राग—मनपसन्द वस्तु से स्नेह किया।

ग्यारहवां द्वेष—अपसन्द वस्तु देख कर उस पर द्वेष किया।

बारहवां कलह—अप्रशस्त (खराब) वचन बोल कर क्लेश उत्पन्न किया।

तेरहवां अभ्याख्यान—झूठा कलंक दिया।

चौदहवां पैशुन्य—दूसरे की चुगली की।

पन्द्रहवा परपरिवाद—दूसरे का अवगुणवाद (निन्दावाद) बोला।

सोलहवां रति अरति—पांच इन्द्रिय के २३ विषय और २४० विकार हैं, इनमे मन के पसन्द पर राग किया और अपसन्द पर द्वेष किया तथा सयम तप आदि पर अरति की तथा आरंभादिक असयम प्रमाद मे रति भाव किया।

सतरहवां माया मृषावाद—कपट सहित झूठ बोला।

अठारहवां मिथ्यादर्शनशल्य—श्री जिनेश्वर देव के मार्ग मे शंका कंखा आदि विपरीत प्ररूपणा की। यहां १८ पाप स्थानो की आलोचना विशेष विस्तार पूर्वक अपनी इच्छानुसार करनी चाहिये।

इस प्रकार अठारह पापस्थान द्रव्य से क्षेत्र से काल से भाव से जानते अजानते मन वचन और काया से सेवन किया, कराया और अनुमोदा, दिवा

वा राई वा एगओ वा परिसागओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा इस भव में पहिले के संख्यात, असंख्यात, अनन्त भवों में भवभ्रमण करते आज दिन तक राग द्वेष विषय कषाय आलस प्रमाद आदि पौद्गलिक प्रपंच परगुणपर्याय की विकल्प भूल की, ज्ञान की विराधना की, दर्शन की विराधना की, चारित्र की विराधना की, चारित्राचारित्र की, तप की विराधना की, शुद्ध श्रद्धा शील सन्तोष क्षमा आदि निज स्वरूप की विराधना की, उपशम, विवेक, संवर, सामायिक, पौषध, पडिक्कमणा, ध्यान, मौन आदि व्रत पच्चक्खाण दान शील तप वगैरह की विराधना की, परम कल्याणकारी इन बोलों की आराधना पालनादिक मन वचन और काया से नही की, नही कराई और नहीं अनुमोदी। छह आवश्यक को सम्यक् प्रकार विधि उपयोग सहित आराधा नही, पाला नही, फरसा नही, विधि उपयोग रहित निरादरपने से किया किन्तु आदर सत्कार भाव भक्ति सहित नही किया, ज्ञान के चौदह, समकित के पांच, बारह व्रतों के साठ, कर्मादान के पन्द्रह, संलेखणा के पांच ऐसे निन्नाणवे अतिचारो में तथा १२४ अतिचारो मे तथा साधुजी के १२५ अतिचारो मे तथा बावन अनाचार का श्रद्धानादिक मे विराधना आदि जो कोई अतिक्रम व्यक्तिक्रम अतिचार आदि सेवन किया, सेवन कराया, अनुमोदा जानते अजानते मन वचन काया से उनका मुझे धिक्कार धिक्कार बारम्बार मिच्छामि दुक्कडं।

मैंने जीव को अजीव श्रद्धया, प्ररूप्या, अजीव को जीव श्रद्धया प्ररूप्या, धर्म को अधर्म और अधर्म को धर्म श्रद्धया प्ररूप्या तथा साधुजी को असाधु और असाधु को साधु श्रद्धया प्ररूप्या तथा उत्तम पुरुष साधु मुनिराज महासतियाजी की सेवा भक्ति मान्यता आदि यथा विधि नहीं की, नही कराई, नहीं अनुमोदी तथा असाधुओ की सेवा भक्ति मान्यता आदि का पक्ष किया, मुक्तिमार्ग में संसार का मार्ग यावत् पच्चीस मिथ्यात्व में किसी मिथ्यात्व का सेवन किया, सेवन कराया, अनुमोदा मन वचन और काया से, पच्चीस कषाय सम्बन्धी, पच्चीस क्रिया सम्बन्धी, तेतीस आशातना सम्बन्धी, ध्यान के १९ दोष, वन्दना के ३२ दोष, सामायिक के ३२ दोष, पौषध के १८ दोष सम्बन्धी मन वचन

और काया से जो कोई पाप दोष लगा, लगाया, अनुमोदा उसका मुझे धिक्कार धिक्कार बारम्बार मिच्छामि दुक्कडं । महामोहनीय कर्मबन्ध के तीस स्थानों को मन वचन और काया से सेवन किया, सेवन कराया, अनुमोदा शील की नववाड तथा आठ प्रवचन माता की विराधनादि, श्रावक के इक्कीस गुण और बारह व्रत की विराधनादि मन वचन और काया से की, कराई, अनुमोदी तथा तीन अशुभ लेश्या के लक्षणो की और बोलो की विराधना की चर्चा वार्ता वगैरह मे श्री जिनेश्वर देव का मार्ग लोपा, गोपा, नही माना, अछते की थापना की, छते की थापना नही की और अछते का निषेध नही किया, छते की थापना और अछते का निषेध करने का नियम नही किया, कलुषता की तथा छ प्रकार के ज्ञानावरणीय बन्ध का बोल, ऐसे ही छ प्रकार के दर्शनावरणीय बन्ध का बोल, आठ कर्म की अशुभ प्रकृति वध का बोल, पचपन कारणो से पाप की बयासी प्रकृति बांधी, बंधाई, अनुमोदी, मन वचन काया करके उनका मुझे धिक्कार धिक्कार बारम्बार मिच्छामि दुक्कडं । एक एक बोल से लगा कर कोड़ाकोड़ी यावत् संख्याता असंख्याता अनन्ता अनन्त बोलो मे से जानने योग्य बोलों को सम्यक् प्रकार जाना नही, श्रद्धया नही, प्ररूप्या नही, तथा विपरीत-पने से श्रद्धा आदि की, कराई, अनुमोदी, मन वचन काया से उनका मुझे धिक्कार धिक्कार बारम्बार मिच्छामि दुक्कडं ।

एक एक बोल से यावत् अनन्ता बोलो मे छोड़ने योग्य बोल को छोड़ा नही, उनको मन वचन काया से सेवन किया, सेवन कराया और अनुमोदा उनका मुझे धिक्कार धिक्कार बारम्बार मिच्छामि दुक्कडं । एक एक बोल से लगा कर जाव अनन्तां अनन्त बोलो मे आदरने योग्य बोलों को आदरा नही, आराधा नही, पाला नही, फरसा नही, विराधना खंडना आदि की, कराई, अनुमोदी, मन वचन काया से उनका मुझे धिक्कार धिक्कार बारम्बार मिच्छामि दुक्कडं । श्री जिन भगवन्तजी महाराज आपकी आज्ञा मे जो जो प्रमाद किया और सम्यक् प्रकार उद्यम नही किया, नही कराया, नहीं अनुमोदा मन वचन काया करके तथा अनाज्ञा मे उद्यम किया, कराया, अनुमोदा, एक अक्षर के

अनन्तवें भाग मात्र दूसरा कोई स्वप्नमात्र में भी श्री भगवन्त महाराज आपकी आज्ञा से न्यूनाधिक विपरीत प्रवर्ता होऊं तो उनका मुझे धिक्कार धिक्कार वारम्वार मिच्छामि दुक्कडं ।

---

१. श्रद्धा अशुद्ध प्ररूपणा, करी फरसना सोय ।
अनजाने पक्षपात मे, मिच्छा दुक्कडं मोय ।।

२. सूत्र अर्थ जानूं नही, अल्पवुद्धि अनजान ।
जिनभाषित सव शास्त्र का, अर्थ पाठ परमाण ।।

३. देव गुरु धर्म सूत्र कूं, नव तत्वादिक जोय ।
अधिका ओछा जे कह्या, मिच्छा दुक्कडं मोय ।।

४. हूं मगसेलीयो[1] हो रह्यो, नहीं ज्ञान रस भीझ ।
गुरु सेवा न करी सकूं, किम मुझ कारज सीझ ।।

५. जाने देखे जे सुने, देवे सेवे मोय ।
अपराधी उन सबन का, वदला देसूं सोय ।।

६. गवन करूं वुगचा रतन, दरव भाव सव कोय ।
लोकन मे प्रगट करूं, सूई पाई मोय ।।

७. जैनधर्म शुद्ध पाय के, वरते विषय कषाय ।
एह अचंभा हो रह्या, जल में लागी लाय ।।

८. जितनी वस्तु जगत में, नीच नीच में नीच ।
सब से मैं पापी बुरो, फसूं मोह के बीच ।।

९. एक कनक अरु कामिनी, दो मोटी तलवार ।
उठयो थो जिन भजन कूं, विच मैं लीयो मार ।।

१० मैं महापापी छांड के संसार छार, छार ही का विहार करूं,
अगला कुछ धोय कीच फेर कीच वीच रहूं, विषय सुख चाहूं मन्न,
प्रभुता बवारी है । करत फकीरी ऐसी,
अमीरी की आश करूं, काहे कूं धिक्कार सिर पगड़ी उतारी है ।

११. त्याग न कर संग्रह करू, विषय वचन जिम आहार।
तुलसी ए मुझ पतित कूं बारम्बार धिक्कार॥

१२. राग द्वेष दो बीज है, कर्म बंध फल देत।
इनकी फासी मे बंध्यो, छूटू नही अचेत॥

१३. रतन बंध्यो गठड़ी विषे, भानु छिप्यो घन मांय।
सिंह पिंजरा मे दियो, जोर चले कछु नाय॥

१४. बुरा बुरा सब को कहू, बुरा न दीसे कोय।
जो घट शोधूं आपणो तो मोसूं बुरा न कोय॥

१५. कामी कपटी लालची, कठिन लोह को दाम।
तुम पारस परसग थी, सुवर्ण थासूं स्वाम॥

१६ मैं जपहीन हूं तपहीन हू, प्रभु हीन सबर समगतं। हे दयाल!
कृपाल करुणानिधि, आयो तुम शरणागत। प्रभु आयो तुम शरणागत।

१७. नही विद्या नही वचन बल, नही धीरज गुण ज्ञान।
तुलसीदास गरीब की, पत राखो भगवान्॥

१८. विषय कषाय अनादि को, भरियो रोग अगाध।
वैद्यराज गुरु शरण से, पाऊ चित्त समाध॥

१९. कहवा मे आवे नही, अवगुण भरिया अनन्त।
लिखवा मे क्यो कर लिखूं, जाणो श्री भगवन्त॥

२०. आठ कर्म प्रबल करी, भमियो जीव अनादि।
आठ कर्म छेदन करी, पावे मुक्ति समाधि॥

२१. पथ कुपथ कारण करी, रोग हानि वृद्धि थाय।
इम पुण्य पाप किरिया करी, सुख दु:ख जग मे पाय॥

२२. बाध्या विन भुगते नही, बिन भुगत्यां न छुटाय।
आपही करता भोगता, आपे दूर कराय॥

२३. सुसाया से अविवेक हूं, आख मीच अधियार।
मकड़ी जाल बिछाय के, फसूं आप धिक्कार॥

२४. सर्व भक्षी जिम अग्नि हूं, तपियो विषय कषाय।
अपच्छंदा अविनीत मैं, धर्मी ठग दुःख दाय ॥

२५. कहा भयो घर छाड़ि के, तजियो न माया संग।
नाग तजी जिम कांचली, विष नहीं तजियो अंग ॥

२६. आलस विषय कषाय वश, आरम्भ परिग्रह काज।
योनि चौरासी लख भम्यो, अब तारो महाराज ॥

२७. आतम् निन्दा शुद्ध भणी, गुणवन्त वन्दन भाव।
राग द्वेष उपशम करी, सब से खमत खिमाव ॥

२८. पुत्र कुपुत्रज मैं हुओ, अवगुण भरया अनन्त।
या हित वृद्धि विचार के, माफ करो भगवन्त ॥

२९. शासनपति वर्द्धमानजी, तुम लग मेरी दौड़।
जैसे समुद्र जहाज बिन, सूझत और न ठौर ॥

३०. भव भ्रमण संसार दुःख, ताका वार न पार।
निर्लोभी सतगुरु बिना, कौन उतारे पार ॥

३१. भव सागर ससार मे, दीपा श्री जिनराज।
उद्यम करि पहुंचे तीरे, बैठो धर्म जहाज ॥

३२. पतित उद्धारण नाथजी, अपनो विरुद विचार।
भूल चूक सब माहरी, खमिये बारम्बार ॥

३३. माफ करो सब मांहरा, आज तलक ना दोष।
दीन दयाल देवो मुझे, श्रद्धा शील सन्तोष ॥

३४. देव अरिहंत गुरु निर्ग्रन्थ, संवर निर्जरा धर्म।
केवलि भाषित सासतर, यही जैन मत मर्म ॥

३५. इस अपार संसार में, शरण नही अरु कोय।
या ते तुम पद कमल ही, भक्त सहायी होय ॥

३६. छूटूं पिछला पाप से, नवा न बंधूं कोय।
श्री गुरुदेव प्रसाद से, सफल मनोरथ होय ॥

३७ आरम्भ परिग्रह तजी करी, समकित व्रत आराध ।
अन्त अवसर आलोय के, अनशन चित्त समाध ।।

३८. तीन मनोरथ ए कह्या, जे ध्यावे नित्य मन्न ।
शक्ति सार वरते सही, पावे शिवसुख धन्न ।।

श्री पंच परमेष्ठी भगवन्त गुरुदेव महाराजजी आपकी आज्ञा है सम्यक् ज्ञान दर्शन चारित्र तप संयम संवर निर्जरा मुक्ति मार्ग यथा शक्ति से शुद्ध उपयोग सहित आराधने पालने फरसने सेवने की आज्ञा है, बारम्बार शुभयोग सम्बन्धी सज्झाय ध्यानादिक अभिग्रह नियम पच्चक्खाणादिक करने कराने की समिति गुप्ति प्रमुख सर्व प्रकारे आज्ञा है ।

१. निश्चय चित्त शुद्ध मुख पढ़त, तीन योग थिर थाय ।
दुर्लभ दीसे कायरा, हलुकर्मी चित भाय ।।

२. अक्षर पद हीणो अधिक, भूल चूक कही होय ।
अरिहन्त सिद्ध आतम साख से, मिच्छा दुक्कडं मोय ।।
भूल चूक मिच्छामि दुक्कडं ।

---

(१४३)

'आलोयणा'

हो नाथ जी ! पाप आलोऊं पाछला
केई भातरा, दिन रातरा

१. किया पंचेन्द्रिय विनाश, मार्या गल देई पाश, घणा खाया मद मास ।
दीनानाथजी ! सुणो बात जी, जोडूं हाथ जी,
ते मुझ मिच्छामि दुक्कडं ।।टेर।।

२, हो नाथ जी ! लूट्या छः कायारा प्राण ने, केई जाण ने, केई अजाण ने ।
नहीं जाणी पर पीड़ा, दाब्या कुन्थुआ ने कीड़ा,
चाव्या पानाहन्दा बीड़ा—दीनानाथजी ॥

३. हो नाथ जी ! वनस्पति तीन जातरी, केई भांतरी, छमकी सांतरी ।
छेद्या पान फल फूल, सेक्या गाजर कन्द मूल,
भर्या लूण अनुकूल—दीनानाथजी ॥

४. अहो नाथजी ! आचार कीना हाथ सूं, चीर्या दांत सूं, घणी खात सूं ।
मांहे घाल्या है मसाला, खाया भर भर प्याला,
आया लीलण फूलण जाला—दीनानाथजी ॥

५. अहो नाथजी ! पाणी उलीच्या तलाव रा, कूआ वावड़ी, नदी नाव रा ।
फोड़ी सरवरिया री पाल, तोड़ी तरवरिया री डाल,
वरफ गड़ा दिया गाल—दीनानाथजी ॥

६. अहो नाथजी ! अधर आकाशरा झेलिया, भर भर मेलिया,
ऊना ठण्डा भेलिया ।
अर्थे अनर्थे दिया ढोल, कीनो अणगल सु अंगोल,
जाणे माण्डी भैंसा रोल—दीनानाथजी ॥

७. अहो नाथजी ! माता सु पुत्र विछोहिया, घणा-रोइया, दूधां धोइया ।
कोस्या नानडिया रा बाल, पर पेटां वाली झाल,
तोड्या पंखीड़ारा माल—दीनानाथजी ॥

८. अहो नाथजी ! जूं माकड़ ने माखियां, रोकी राखिया रास्ते नांखियां ।
तड़के मांचा दिया मेल, मांथे ऊनां पाणी ढोल,
आगे होसी घणी हेल—दीनानाथजी ॥

९. अहो नाथजी ! सियाले सिगड़ी करी, खीरां भरी, चौडे धरी ।
माय पड़ पड़ मरिया जीव, पाप किया निश दीव,
दीनी नरकां केरी नीव—दीनानाथजी ॥

१०. अहो नाथजी ! उनाले वायु बिजाविया, फूल बिछाविया,
जल सीचाविया ।
कीनी बागां मांही गोठ, खाया चूरमा ने रोठ,
बांधी पाप तणी पोट—दीनानाथजी ।।

११. अहो नाथजी ! चौमासे हल हाकिया, बैल भूखा राखिया,
मार्या चाबख्या ।
फोड्या जमी तणा पेट, माये सांप सपलेट,
दया नही आणी ढेट—दीनानाथजी ।।

१२. अहो नाथजी ! जूना नवा कर बेचिया, सुलिया सचिया, नही सोचिया ।
अणजोया लिया पीस, ईल्यां मांरी दस बीस,
आगे रोसी देई चीस—दीनानाथजी ।।

१३. अहो नाथजी ! दूध दही आछ चाछना, शरबत दाखनां, केरी पाकना ।
घाली बरतन तेल, लिया उघाड़ा ई मेल,
कीडीया आई रेल पेल—दीनानाथजी ।।

१४. अहो नाथजी ! कूड़ कपट छल ताकिया, छाने राखिया, नही भाखिया ।
मुख बोले घणी झूठ, धाडा पाड़ लिया लूट,
जन्म मंत्र मारी मूठ—दीनानाथजी ।।

१५. अहो नाथजी ! परनारी धन चोरिया, खेली होलिया, गाई डोरिया ।
देख्या तमाशा ने तीज, ताल्या पीटी होई हीज,
गाल्यां गाई घणी रीझ—दीनानाथजी ।।

१६. अहो नाथजी ! अवगुणवाद गुरा तणा, बोल्याघणा, असुहावणा ।
दु:ख दिया मैं अज्ञानी निन्दा कीनी छानी छानी,
नही दीनो अन्न पानी—दीनानाथजी ।।

१७. अहो नाथजी ! भोजन भली भली भातरा, आधी रातरा खाया सातरा ।
पिया अणछाण्या इ पानी, मन, करुणा नही आणी,
पर पीड़ा न पिछाणी—दीनानाथजी ।।

१८. अहो नाथजी ! सासु शोक सुवासणी, पाडोसण भणी, सताई घणी।
मुख सूं बोली मीठी गाल, कई कूड़ा दिया आल,
चाली छलकारी चाल—दीनानाथजी ॥

१६. अहो नाथजी ! संशय या म्हें मोटका केई छोटका, हुआ खोटका।
करी छाने राख्या पाप, सो तो देख रह्या आप,
म्हारे थे ही माय वाप—दीनानाथजी ॥

२०. अहो नाथजी ! स्त्री सूं भांत पड़ाविया, गर्म गलाविया,
जीव जलाविया।
मारी जूं फोड़ी लीख, वेठी पापी रे नजीक,
नही मानी गुरु सीख—दीनानाथजी ॥

२१. अहो नाथजी ! थापण राखी पार की, केई हजार की, साहूकार की।
देता किया सिर पीठ, मांग्यां कह्यो गयो नीठ,
लिया समूचाई गिट—दीनानाथजी ॥

२२. अहो नाथजी ! तप जप संयम शील री, देता दान री, भणता ज्ञानरी।
दीनी मोटी अन्तराय, तेतो भुगती नही जाय,
पडियो करसी हाय हाय—दीनानाथजी ॥

२३. अहो नाथजी ! मात पिता गुरु देवां तणो, अविनय पणो, कियो घणो।
वसियो चौरासी रे मांय, ज्यासुं कियो वैर भाव,
खमो खमो चित चाव—दीनानाथजी ॥

२४. अहो नाथजी ! सार करी ने संभारज्यो, मती विसारज्यो,
पार उतारज्यो।
संवत् ऊगणीसे वासठ, झाको मती करो हठ,
दर्शन दीज्यो अव झठ—दीनानाथजी ॥

२५. अहो नाथजी ! आलोयणा इम कीजिए, मिच्छामि दुक्कड़ं दीजिए,
करम छीजिए।
जयपुर माहे "जड़ाव" आणी उज्जल भाव,
ढ़ाल कीनी धर चाव—दीनानाथजी ॥

(१४४)

अनगारी संलेखना

उपसर्गे दुर्भिक्षे जरसि रुजायाञ्च नि.प्रतीकारे ।
धर्मार्थे तनुविमोचनमाहु. सलेखनामार्याः ।।
—(रत्नकरण्डकश्रावकाचार)

अर्थात्—प्राणान्तकारी उपसर्ग के आने पर, अन्न-पानी की प्राप्ति न हो सके ऐसे दुर्भिक्ष के पड़ने पर, वृद्धावस्था के कारण, शरीर के अत्यन्त ही जीर्ण हो जाने पर, असाध्य रोग उत्पन्न हो जाने पर, इस प्रकार का संकट आ जाने पर कि जब प्राण बचने का कोई उपाय न हो—तब, अथवा निमित्त ज्ञान आदि के द्वारा अपनी आयु का निश्चित रूप से अन्त समीप आया जान कर, प्राणान्त सकट के उपस्थित होने पर अथवा अपने धर्म की रक्षा के लिए उद्यत होने के फल-स्वरूप प्राणान्त निकट जानकर शरीर के त्याग करने का नाम संलेखना तप है । इस विषय मे गणधरो ने कहा है—

सलेहणा हि दुविहा, अब्भन्तरिया य वाहिरा चेव ।
अब्भन्तरा कसाएसु, बाहिरा होइ हु सरीरे ।।२११।।
—(भगवती आराधना)

अर्थात्—क्रोध आदि कषायो का त्याग करना आभ्यन्तर सलेखना है और शरीर का त्याग करना बाह्य संलेखना है । इस प्रकार सलेखना दो तरह की है ।

संलेखना की विधि—संलेखना को 'अपच्छिम मरणतिय सलेहणा झूसणा आराहणा' भी कहते है । जब मृत्यु निकट आ जाय तो उसे सुधारने के लिए धर्म सेवन पूर्वक शरीर का त्याग करने के लिए सावधान हो जाना चाहिए । जिनकी मनोकामना ससार के कामो से निवृत्त हो गई है, अर्थात् जिन्हे अब संसार का कोई भी कार्य नही करना है, वही आत्मार्थ साधन करने के लिए अर्थात् संथारा करने के लिए तैयार हो सकते हैं । जो सलेखना

करने को उद्यत हुआ है उसका कर्त्तव्य है कि—पहले इस भव मे सम्यक्त्व और व्रतों को ग्रहण करने के पश्चात् सम्यक्त्व में और व्रतों में जो जो अतिचार लगे हों, उनकी उपयोगपूर्वक गवेषणा करे। अतिचारों की गवेषणा करने पर स्ववश, परवश या मोहवश जो जो अतिचार लगे हों, उन सब छोटे-बड़े अतिचारो की आलोचना करने के लिए आचार्य, उपाध्याय अथवा साधु, जो उस अवसर पर निकट में विराजमान हों, उनके समक्ष निवेदन कर दें। कदाचित आलोचना सुनने योग्य साधु मौजूद न हों तो गम्भीरता आदि गुणों से युक्त साध्वीजी के सामने अपने दोषों को प्रकट करे। अगर साध्वीजी का योग भी न मिले तो उक्त गुणयुक्त श्रावक के समक्ष और श्रावक भी मौजूद न हो तो श्राविका के सामने अपने दोषों को प्रकट कर दे। कदाचित् श्राविका भी न हो तो जंगल में जाकर पूर्व तथा उत्तर दिशा की ओर मुख करके, सीमन्धर स्वामी को नमस्कार करके, हाथ जोड़ कर खड़ा हो और पुकार कर कहें—"प्रभो ! मैंने अमुक-अमुक अनाचीर्ण का आचरण किया है, मैं अपनी समझ के अनुसार उसका प्रायश्चित आपकी साक्षी से स्वीकार करता हूं अगर वह न्यून या अधिक हो तो 'तस्स मिच्छामि दुक्कडं'।

इस प्रकार निशल्य होकर फिर संथारा करे। जैसे काले रंग का कोयला आग मे पड़ कर श्वेत वर्ण की राख के रूप मे परिणत हो जाता है, उसी प्रकार सथारा रूपी अग्नि मे झोंकने से आत्मा भी पाप की कालिमा को त्याग कर उज्ज्वल हो जाती है। अतएव संथारा करने के इच्छुक साधक को ऐसे स्थान पर जाना चाहिए जहां खान-पान भोग-विलास के पदार्थ विद्यमान न हों, संसार-व्यवहार सम्बन्धी शब्द और दृश्य सुनने तथा देखने में न आवें। जहां त्रस एवं स्थावर जीवो की हिंसा होने की सम्भावना न हो। ऐसे उपाश्रय, पौषधशाला आदि स्थानो मे अथवा जंगल, पहाड़, गुफा आदि स्थानों मे जायं। वहां जाकर जहां चित्त की समाधि का योग हो ऐसे शिला आदि स्थानो को रजोहरण से आहिस्ते-आहिस्ते प्रमार्जन करे। कचरे को किसी पाटी आदि पर ले ले और निर्जीव जगह देख कर विधिपूर्वक परठ दे। फिर

लघुनीति और बड़ी नीति, श्लेष्म और पित्त आदि को परठने की भूमिका का प्रतिलेखन करे। वह भूमि हरितकाय, अंकुर, चीटी आदि के बिल वगैरह से रहित होनी चाहिए। उसे सूक्ष्म दृष्टि से देख कर फिर संथारा करने की जगह आ जाय।

इतना सब कर चुकने के पश्चात् प्रतिलेखन और प्रमार्जन करने मे तथा गमन-आगमन करने में जो पाप लगा हो, उसकी निवृत्ति के लिए पूर्वोक्त विधि के अनुसार 'इच्छाकारेण' का तथा 'तस्सउत्तरी' का पाठ कह कर 'इच्छाकारेण' का कायोत्सर्ग करे, तत्पश्चात् 'लोगस्स' का पाठ बोले। फिर निम्नलिखित शब्द कहे—प्रतिलेखना मे पृथ्वीकाय आदि किसी भी काय की विराधना की हो या कोई भी दोष लगा हो तो 'तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।'

इसके पश्चात् अगर शरीर कष्ट सहन करने मे समर्थ हो तो जमीन पर या शिला पर बिछौना करके उस पर सथारा करे। अगर शरीर असमर्थ प्रतीत हो तो गेहू, चावल, कोद्रव, राल आदि, पराल या घास, जो साफ और सूखा हो और जिसमे धान्य के दाने बिलकुल न हो, मिल जाय तो उसे लाकर उसका ३।। हाथ लम्बा और सवा हाथ चौडा बिछौना करे। उसे श्वेत वस्त्र से ढक कर उसके ऊपर पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके, पर्यङ्क आसन (पालथी मार कर) आदि किसी सुखमय आसन से बैठे। अगर बिना सहारे बैठने की शक्ति न हो तो भीत (दीवार) आदि किसी वस्तु का सहारा लेकर बैठे। अथवा लेटे-लेटे ही इच्छानुसार आसन करे। फिर दोनो हाथ जोड कर दसो अंगुलियां एकत्र करे। जिस प्रकार अन्य मतावलम्बी आरती घुमाते हैं, उसी प्रकार जोड़े हुए हाथो को दाहिनी ओर से बाईं ओर उतारते हुए तीन बार घुमावे। फिर मस्तक पर स्थापित करे। तत्पश्चात् निम्नलिखित 'नमुत्थु णं' के पाठ का उच्चारण करे:—

नमुत्थु णं—नमस्कार हो
अरिहंताणं भगवंताणं—अरिहन्त भगवान् को
आइगराणं—धर्म की आदि करने वाले

तित्थयराणं—तीर्थ की स्थापना करने वाले
सयं संवुद्धाणं—स्वयं ही वोध को प्राप्त
पुरिसुत्तमाणं—पुरुषो में उत्तम
पुरिससीहाणं—पुरुषों मे सिंह के समान
पुरिसवरपुंडरीयाणं—पुरुषों में प्रधान पुण्डरीक कमल के समान
पुरिसवरगंधहत्थीण—पुरुषो मे गंधहस्ती के समान
लोगुत्तमाणं—लोक में उत्तम
लोगनाहाण—लोक के नाथ
लोगहियाणं—लोक के हितकर्त्ता
लोगपईवाण—लोक मे दीपक के समान प्रकाश करने वाले
लोगपज्जोयगराण—लोक मे उद्योत करने वाले
अभयदयाण—अभयदान के दाता
चक्खुदयाणं—ज्ञान रूप चक्षु के देने वाले
मग्गदयाण—मोक्ष-मार्ग के दाता
सरणदयाणं—शरणदाता
जीवदयाणं—जीवन दान देने वाले
वोहिदयाणं—वोधि वीज-सम्यक्त्व के दाता
धम्मदयाणं—धर्म के दाता
धम्मदेसयाणं—धर्म का उपदेश करने वाले
धम्मनायगाणं—धर्म के नायक
धम्मसारहीण—धर्म रूपी रथ के सारथी
धम्मवरचाउरंतचक्कवट्टीणं—धर्म की चारों दिशाओ का शासन करने वाले चक्रवर्ती के समान
दीवो ताणं सरण गइ-पइट्ठाणं—द्वीप के समान, शरणभूत, गतिरूप और प्रतिष्ठा रूप
अप्पडिहयवरणाणंदंसणधराणं—अप्रतिहत ज्ञान-दर्शन के धारक

विअट्टछउमाणं—छद्म (कषाय) से सर्वथा निवृत्त

जिणाणं—राग द्वेष आदि शत्रुओ को स्वयं जीतने वाले

जावयाण—दूसरो को जिताने वाले

तिण्णाणं—स्वयं संसार सागर से तिरे हुए

तारयाण—दूसरो को तारने वाले

बुद्धाणं—स्वय तत्त्व के ज्ञाता

बोहियाणं—दूसरो को तत्त्वज्ञान देने वाले

मुत्ताणं—स्वयं कर्मों से छूटे हुए

मोयगाणं—दूसरों को कर्मों से छुड़ाने वाले

सव्वन्नूणं—सर्वज्ञ

सव्वदरिसीणं—सर्वदर्शी, तथा

सिवमयलमरुअं—उपद्रवरहित, अचल और रोगहीन

अणंतमक्खय—अनन्त और अक्षय

अव्वावाहमपुणराविति—बाधा रहित तथा पुनर्जन्म से रहित

सिद्धिगइनामधेयं ठाण—सिद्धिगति नामक स्थान को

संपत्ताणं—प्राप्त हुए

नमो जिणाणं—जिन भगवान् को नमस्कार हो

जीय भयाणं—जीवो को अभय देनेवाले

यह 'नमुत्थुण' सिद्ध भगवान् के लिए कहा। इसी प्रकार दूसरी बार अरिहन्त भगवान् के लिए कहना चाहिए। अन्तर यह है कि 'ठाणं सपत्ताणं' की जगह 'ठाणं संपाविउकामाणं' ऐसा बोलना चाहिए। इसका अर्थ है—'सिद्धि स्थान को प्राप्त होने वालो को।' फिर 'नमुत्थुण मम धम्मगुरु-धम्मायरिय धम्मोवदेसगस्स जाव संपाविउकामस्स' अर्थात् मेरे धर्मगुरु, धर्माचार्य और धर्मोपदेशक यावत् मोक्ष प्राप्त करने के अभिलाषी आचार्य महाराज को नमस्कार हो।

इस प्रकार वन्दना-नमस्कार करके, पूर्व में आचरण किये हुए सम्यक्त्व और व्रतों मे आज इस समय तक, जानते-अजानते, स्ववश, परवश भी कोई अतिचार लगा हो, उसकी आलोचना-विचारणा करके उससे निवृत्त होता हूं। आत्मा की साक्षी से उसकी निन्दा करता हूं, गुरु की साक्षी से उसकी गर्हा करता हूं।

इस तरह कह कर भविष्य के लिए प्रत्याख्यान करता हूं। माया, मिथ्यात्व और निदान, इन तीनो शल्यो का सर्वथा परित्याग करता हूं इस प्रकार अपने अन्त.करण को पूरी तरह निर्मल बनाकर 'सव्वं पाणाइवायं पच्चक्खामि' अर्थात् हिसा का सर्वथा त्याग करता हूं, 'सव्वं मुसावायं पच्चक्खामि' मृषावाद का सर्वथा त्याग करता हूं, 'सव्वं अदिण्णादाणं पक्चक्खामि' अदत्तादान का सर्वथा त्याग करता हूं, 'सव्वं मेहुणं पच्चक्खामि' मैथुन का सर्वथा त्याग करता हूं, 'सव्वं परिग्गहं पच्चक्खामि, परिग्रह का सर्वथा त्याग करता हूं, 'सव्वं कोहं माण मायं लोहं पच्चक्खामि' अर्थात् क्रोध, मान, माया, लोभ का सर्वथा त्याग करता हूं, 'रागद्दोसं, कलहं, अब्भक्खाणं, पेसुन्न' परपरिवायं, रइमरइं, मायामोसं, मिच्छादंसणसल्लं, अकरणिज्जं, जोगं पच्चक्खामि' सब राग, द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशुन्य, परपरिवाद, रति, अरति, मायामृषा, मिथ्यादर्शनशल्य और अकरणीय योग का प्रत्याख्यान करता हूं। 'जावज्जीवं तिविह तिविहेण' जीवन पर्यन्त तीन करण तीन योग से, 'न करेमि न कारवेमि, करंत पि अन्न न समणुजाणामि मणसा, वयसा कायसा' अर्थात् उक्त अठारह ही पापो का सेवन न करूंगा, न कराऊंगा और न करने वाले की अनुमोदना करूंगा; मन से, वचन से काय से। इस तरह अठारह ही पापो का त्याग करता हू।

तत्पश्चात्—'सव्वं असणं, पाणं, खाइमं, साइम चउव्विह पि आहारं पच्चक्खामि' अर्थात् सर्वथा प्रकार से–विना किसी आगार के अन्न, पानी पक्वान्न, मुखवास का तथा (पि-अपि शब्द से) सूंघने की वस्तु का, आंख में

डालने के अंजन आदि का भी प्रत्याख्यान करता हूं। इस तरह चारों ही प्रकार के आहार का सर्वथा परित्याग कर देता हूं।

आहार का त्याग करने के पश्चात् निम्नलिखित पाठ का उच्चारण करके शरीर का भी प्रत्याख्यान कर देता हूं :—

जं पि यं इम सरीरं—यह जो मेरा शरीर
इट्ठ—इष्ट रहा
कंतं—सती को पति के समान वल्लभ रहा है
पियं—प्यारा
मणुण्णं—मनोज्ञ
मणाम—मनोरम
धिज्ज—धैर्यदाता
विसासियं—विश्वसनीय
सम्मयं—माननीय
बहुमयं—लोभी को धन के समान बहुत माननीय
अणुमय—अनुमत-दुर्गुणी समझ कर भी भला माना
भंडकरंडगसमाणं—जिसे आभूषणो की पेटी की तरह हिफाजत से रक्खा
रयणकरंडगभूयं—रत्नो के पिटारे के समान माना, (और जिसके विषय मे यह सावधानी रक्खी कि—)
मा णं सीया—इसे सर्दी न लग जाय
मा णं उण्हा—गर्मी न लग जाय
मा ण खुहा—भूख का कष्ट न हो
मा णं पिवासा—प्यास का कष्ट न हो
मा ण वाला साप (आदि विषैला कीडा) न काट खाय
मा णं चोरा—चोर (आदि) कष्ट न पहुचावे
मा णं दंसमसगा—डांस-मच्छर न काटे

मा णं वाहियं पित्तियं—वात पित्त
कप्फियं संभीयं सन्निवाइयं—कफ, श्लेष्म, सन्निपात आदि
विविहा रोगायंका परिसहा उवसग्गा—विविध प्रकार के रोगों और
आतंकों, परीषहों और उपसर्गों तथा अप्रिय
फासा फुसंतु—स्पर्शों का संयोग न हो (उसी शरीर को अब)
चरमेहिं उस्सासनीसासेहि वोसिरामि—अन्तिम श्वासोच्छ्वास पर्यन्त
त्याग करता हूं अर्थात् शारीरिक ममत्व का त्याग करता हूं
कालं अणवकंखमाणे—जल्दी मृत्यु हो जाय, ऐसी इच्छा न करता हुआ
विहरामि—विचरता हू।

(१) **इहलोगासंसप्पओगे**—इस संथारे के फलस्वरूप, मेरी कीर्ति, ख्याति, प्रतिष्ठा हो, लोग मुझे बड़ा त्यागी, वैरागी समझें, धन्य धन्य कहे, इस प्रकार इस लोक सम्बन्धी आकाक्षा करने से अतिचार लगता है।*

(२) **परलोगासंसप्पओगे**—मृत्यु के पश्चात् मुझे इन्द्र का पद मिले, उत्कृष्ट ऋद्धि का धारक देव बनूं, चक्रवर्त्ती या राजा होऊ, सुन्दर शरीर की प्राप्ति हो, संसार के भोगोपभोग प्राप्त हों, इत्यादि-परलोक सम्बन्धी आकांक्षा करने से यह अतिचार लगता है।*

(३) **जीवियासंसप्पओगे**—संथारे मे अपनी महिमा पूजा होती देख कर वहुत समय तक जीवित रहने की इच्छा करने से भी अतिचार लगता है।*

(४) **मरणासंसप्पओगे**—क्षुधा, तृषा, आदि की पीड़ा से व्याकुल होकर जल्दी मर जाने की इच्छा करने से भी अतिचार लगता है।*

(५) **कामभोगासंसप्पओगे**—काम-भोगों की इच्छा करने से भी अतिचार लगता है।*

---

* अधिक जीना या जल्दी मरना किसी की इच्छा के अधीन नही है। इच्छा करने से आयु कम ज्यादा नही हो सकती, सिर्फ कर्म का बन्ध होता है। अतएव व्यर्थ कर्म बन्ध नही करना चाहिये।

सलेखनाव्रत जीवन का अंतिम और महान् व्रत है। वह मृत्यु को सुधारने की उत्कृष्ट कला है। इस कला की साधना अतीव सावधानी के साथ करनी चाहिए। उक्त पांच अतिचारों मे से किसी भी अतिचार का सेवन नही करना चाहिए। सथारे का प्रधान फल आत्मशुद्धि और आत्मकल्याण है। उससे आनुषंगिक फल के रूप मे जो सासारिक सुख प्राप्त होने वाले है, वे तो इच्छा न करने पर भी स्वतः प्राप्त हो जाते हैं। उन फलो की इच्छा करने से व्रत मलिन हो जाता है और व्रत का प्रधान फल मारा जाता है। अतएव किसी भी प्रकार की सासारिक कामना नही रखते हुए, जिनेन्द्र भगवान् के गुणो मे ही अपने चित्त को रमाकर, ससार के अनित्य स्वरूप का विचार करते हुए, धर्म ध्यान मे ही संथारे का समय व्यतीत करना चाहिए। कहा भी है—

किं वहुना लिखितेन, सक्षेपादिदमुच्यते।
त्यागो विषयमात्रस्य, कर्त्तव्योऽखिलमुमुक्षुभिः॥

अर्थात्—अधिक लिखने से क्या लाभ ! सक्षेप मे यही कहना पर्याप्त है कि मोक्ष की अभिलाषा रखने वालो को विषय मात्र का त्याग कर देना चाहिए।

---

(१४५)

समाधि-मरण के ७३ बोल

जीव-अजीव की पहचान

जीव-ज्ञानादि चेतना सहित, निश्चल नय से सिद्ध समान व्यवहार नय से पुंण्य पाप का भोक्ता है।

धर्मास्ति, अधर्मास्ति आदि पांच द्रव्य अजीव, चेतन-रहित, जड़ स्वभाव है।

जीव का विशेष रूप

१. एगोऽहं—मैं अकेला हू।
२. सासओ अप्पा—मेरी आत्मा शाश्वत है।

३. नाण दंसण संजुओ—मैं ज्ञान दर्शन से युक्त हूं।
सेसा मे वाहिरा भावा–वाकी सब पदार्थ बाहरी हैं।

४. सव्वे संजोग लक्खणा—सबों में संयोग वियोग रहा हुआ है।

५. संयोगमूलो जीवाणं पत्ता दुख परंपरा—संयोग में मूच्छित होना दुःख की परम्परा का कारण है, पुद्गलों का संयोग सम्बन्ध मेरे स्वरूप से भिन्न है।

६. तम्हा संजोग संवंधं सव्वं तिविहेण वोसिरे—इसलिये सब बाहरी संयोगो का तीन करण तीन योग से त्याग करता हूं।

७. मैं चेतन हूं, पुद्गल का स्वभाव अचेतन है।

८. मैं अरूपी हूं, पुद्गल रूपी है।

९. मैं अमूर्त्त हूं, पुद्गल मूर्त्त है।

१०. मैं स्वाभाविक हूं, पुद्गल विभाविक है।

११. मैं शुचि-पवित्र हूं, पुद्गल अशुचि-अपवित्र है।

१२. मैं शाश्वत हूं, पुद्गल अशाश्वत है।

१३. मेरा स्वरूप ज्ञानादि है, पुद्गल पूरण गलन स्वभाव वाला है।

१४. मैं अचलित स्वरूप वाला हूं, पुद्गल चलित रूप वाला है।

१५. मैं ज्ञानादि स्वरूप वाला हूं, पुद्गल वर्णादि रूप है।

१६. शुद्धोऽहं—मैं शुद्ध मिर्मल हूं।

१७. वुद्धोऽहँ—मैं वुद्ध हूं, ज्ञानानन्द रूप हूं।

१८. निर्विकल्पोऽहं—मैं विकल्प रहित हूं।

१९. देहातीतोऽहं—मैं शरीरादि से रहित हूं।

२०. मैं रागद्वेष, अज्ञान, आश्रव से भिन्न हूं,

२१. मैं ज्ञानादि वीर्यमय रूप हूं।

२२. मैं शुद्ध हूं, कर्म मल से रहित हूं।

२३. मैं निरंजन निराकार हूं ।
२४. मैं अविनाशी हूं ।
२५. मैं अजर-जरा बुढापा रहित हूं ।
२६. मैं अनादि हूं—मेरी आदि-आरम्भ नही है ।
२७ मैं अनन्त—अन्त रहित हूं ।
२८. मैं अक्षय—नाश रहित हूं ।
२९. मै अक्षर—कभी नष्ट न होने वाला हूं ।
३०. मैं अचल हूं ।
३१. मैं अकल्प्य हूं—मेरी कल्पना नही की जा सकती ।
३२. मैं अमल—कर्ममल रहित, द्रव्य एवं भावमल से रहित हूं ।
३३. मैं अगम अगोचर हू ।
३४. मै अनामी हू—मेरा नाम नही है ।
३५. मैं अरूपी हूं—विभाव दशा में भी रूप रहित हूं ।
३६. मैं अकर्मी—कर्म रहित हूं ।
३७. मैं अवन्धक हूं—मेरे किसी प्रकार का बन्धन नही है ।
३८. मैं अनुदय—उदय भाव रहित हूं ।
३९. मैं अयोगी—योगो से रहित हूं ।
४०. मै अभोगी—भोगों से रहित हू ।
४१. मैं अरोगी हूं ।
४२. मैं अभेदी हूं—किसी के द्वारा मै भेदा नही जा सकता ।
४३. मैं अवेदी हू—वेद रहित हूं ।
४४. मैं अछेदी हूं—मैं किसी के द्वारा छेदा नही जा सकता ।
४५. मै अदाह्य हूं—मुझे अग्नि जला नही सकती ।
४६. मै अक्लेद्य हूं—मुझे पानी गला नही सकता ।
मै अशोष्य हूं—मुझे कोई सुखा नही सकता ।

४७. मैं अखेदी हूं—खेद रहित हूं।

४८. मैं असखा हूं—मेरा वाहरी कोई मित्र नहीं है। मेरी आत्मा ही मेरा मित्र है।

४९. मैं सवल हू—मुझे कोई बांध या छोड़ नही सकता।

५०. मैं अलेशी हूं—लेश्या रहित हूं। लेश्या पुद्गल है, मैं ज्ञानानन्द हूं।

५१.. मैं अशरीरी—शरीर रहित हूं, यह शरीर मेरा नही है, मैं शरीर से भिन्न हूं।

५२ मैं अभाषी हूं।

५३. मैं अनाहारी हूं—आहार करना मेरा स्वभाव नही है।

५४. मैं अव्यावाध—अनन्त सुख वाला हूं।

५५. मै अनवगाही स्वरूप हूं—द्रव्य मेरे में अवगाहन नही कर सकता है।

५६. मैं अगुरु लघु गुण वाला हूं—मैं न हल्का हूं और न भारी हूं।

५७ मैं अपरिणामी हूं—मेरे में कोई परिवर्तन नहीं होता।

५८. मैं अतीन्द्रिय हूं—मेरे मे इन्द्रियो का विकार नही है।

५९. मैं अप्राणी हूं—द्रव्य प्राण रहित हूं।

६०. मैं अयोनि हूं।

६१. मैं असंसारी हूं—पूर्ण आत्माराम हूं-आत्मा के गुणों में रमण करने वाला हूं।

६२. मैं अमर हूं—जन्म मरण से रहित हूं।

६३. मैं अपार हूं—सव परम्परा से रहित हूं।

६४. मैं अव्यापी—अपने स्वरूप में व्याप्त हूं-वैभाविक परिणामों मे एवं जड़ पुद्गल में व्याप्त नही हूं।

६५. मैं अनास्ति हूं—मेरे स्वद्रव्यादि सदा विद्यमान है।

६६. मै अकम्प्य हूं—संसार मे ऐसी कोई शक्ति नही जो मुझे कम्पा सके, मैं अनन्त शक्ति वाला हूं।

६७. मैं अविरोध हूं—कर्म शत्रु मुझे रूंध नहीं सकते। मेरे पारिणामिक भाव हैं।

६८. मैं अनाश्रवी—निर्लेप हूं।

६९. मै अलख हू—मेरे स्वरूप को छद्मस्थ नही लख (देख) सकता।

७०. मै अशोक हू—शोक रहित हू। नीरोगी और अमर हूं।

७१. मै अलौकिक हू—लौकिक मार्ग से रहित हू।

७२. मैं लोकालोक के स्वरूप का ज्ञाता हू, एक समय मे लोकालोक के स्वरूप को जानने मे समर्थ हू।

७३. मैं चिदानन्द हूं—ज्ञान गुण मे आनन्द मानने वाला हूं-ज्ञान मे वर्तता हूं।

आप अकेला जन्म ले, मरण अकेला होय।
जग मे अपने जीव का, साथी सगा न कोय॥

मैं अकेला हूं, मेरा कोई नही है। मैं भी किसी का नहीं हू। आत्मा शाश्वत है, ज्ञानदर्शन स्वरूप है। संसार के शेष समस्त पदार्थ मुझ से भिन्न हैं, वे संयोग से उत्पन्न होते और वियोग से बिखर जाते है। फिर पुद्गल से संयोग वियोग होने पर सुखी-दुःखी होने की क्या आवश्यकता है ? जहा अपनापन या ममता है, वहा आपदा भी है, जहा चिन्ता है, वहा शोक भी है, परन्तु यह महान् दुष्ट रोग सम्यग्ज्ञान के विना नही मिट सकता।

अतः हे प्रभो ! मुझ मे ऐसी भावना पैदा हो कि मैं संसार को असार समझ कर हमेशा अपने हृदय को वैराग्य भावना से भरता रहूं।

समाधि मरण भावना

जो सम्यग्दृष्टि आत्मतत्त्व वेत्ता पुरुष है, वे यो विचारते है कि यह प्रत्यक्ष दुर्गन्धमय सप्त धातुओ से वना हुआ पिण्ड जिसके अन्दर अज्ञानी जीव अनेक प्रकार के दु ख और क्लेश पाते हुए भी इस पर अधिकाधिक ममत्व करके अकाम मरण मर कर नरक तिर्यञ्चादिक गति को प्राप्त हो जाते हैं,

जहा असंख्यात और अनन्त जन्म मरण करते हुए महान् दुःख भोगते हैं, फिर भी दुःख का अन्त सहज में नहीं आता। इस लिए मुझे उचित है कि मैं अब अज्ञानता का त्याग करके जो स्वर्ण अवसर प्राप्त हुआ है, उसका लाभ लेकर समाधि मरण मरूं तो मुझे यह क्लेश-कष्ट नही भोगना पड़ेगा, अपितु समाधि सहित शुद्ध परिणामों के द्वारा या तो इसी भव से मुक्ति प्राप्त कर सकूंगा, ताकि बारम्बार ऐसा दुःख न उठाना पड़े, या यदि सर्वकर्मों का क्षय नही हुआ तो दिव्य वैक्रिय शरीर धारण कर दिव्य सुखों का उपभोग करूंगा। अतः मृत्यु को दुःख-दाता नही, किन्तु सुखदाता मित्र ही क्यो न मानूं।

सम्यग्दृष्टि अपनी आत्मा को बोध देता है कि हे आत्मन् ! मरना तो मुझे अवश्यम्भावी है, जिसने जन्म लिया है, वह अवश्य ही मरेगा। परन्तु यह मरण राग-द्वेष रहित, समाधि सहित, धर्मध्यान पूर्वक अनशन धारण करके होगा तो मुझे नरक तिर्यञ्चादि गतियो मे जाकर दुःख न देखना पड़ेगा, अपितु मैं समाधिमरण से स्वर्ग में देवों का स्वामी इन्द्र तथा अहमिन्द्र होकर महान सुखों का भोक्ता बनूंगा और शीघ्र ही निकट भविष्य में सब दुःखो का अन्त करने वाली सिद्धगति को प्राप्त करूंगा।

हे प्रभो ! इतने दिन मैं जानता था कि यह शरीर मेरा है, इसलिए इसको खिला कर, पिला कर, शीत ताप से बचा कर, सार सम्भाल कर मैं हर प्रकार से इसकी हिफाजत करता था, किन्तु अब मुझे सत्य भान हुआ कि यह शरीर न तो किसी का हुआ और न किसी का होगा, जो मेरा होता तो मेरे हुक्म में क्यों नहीं चलता, प्रत्यक्ष मे रोग, जरा और मृत्यु को प्राप्त क्यों होता ?

रे आत्मन् ! इस रोग को देख कर जो तूं घबराता हो, सचमुच ही रोग तुझे खराब लगता हो, इस दु.ख से कंटाल गया हो तो अब इन बाह्य औषधियों का सेवन करना छोड़ ! क्योकि जो रोग है, वह कर्माधीन है और औषधियों मे कर्म को दूर करने की शक्ति नही। कदाचित् तेरा उपादान सुधरा हो, असाता वेदनीय का जोर कम पडा हो तो औषधि के निमित्त से एकाध

रोग दूर हो सकता है। इससे क्या हुआ ? मिटा हुआ रोग तो संख्याता असंख्याता काल मे फिर हो जाता है। परन्तु जिनेन्द्र भगवान रूप सर्व रोग और सर्व चिकित्सा के ज्ञाता महावैद्यराज की फरमाई हुई समाधिमरण रूप महा औषधि का सेवन करने से नष्ट हुआ जन्म मरण रूपी रोग फिर नही हो सकता। अतः उस औषधि का तूं सेवन कर, जिससे सब आधि, व्याधि, उपाधि नष्ट होकर अजर, अमर, अनन्त, अक्षय और अव्याबाध सुख की तुझे प्राप्ति हो। अगर वेदना का उठाव ज्यादा होता हो, पीड़ा ज्यादा होती हो तो सकल्प विकल्प और हाय, विलाप न करते हुए अपनी आत्मा को इस तरह समझा कि जैसे तीव्र ताप लगने से सोना निर्मल हो जाता है, वैसे ही इस तीव्र वेदना के कारण यदि इसे शान्त भाव से हाय विलाप रहित होकर सहन करूंगा तो मेरी आत्मा पर लगा हुआ अशुभ कर्म रूप मैल शीघ्र ही दूर हो जायगा। हाय-हाय करने से उदय मे आये हुए कर्मों का जोर तो कम होता ही नही, उल्टा अधिक नवीन कर्मो का बन्ध होता है। अतः हाय-हाय न करते हुए समभाव से ही क्यों न सहन करूं ?

हे चैतन्य ! तूंने नरक में परवशपणे अनन्त वेदना सहन की। परन्तु सम्यक्त्व बिना कुछ गरज नही सरी। जितनी निर्जरा सागरो तक वेदना सहन करने से हुई, उतनी ही नही, उससे अनन्त गुणी अधिक निर्जरा, जो तूं इस समय समभाव रखकर सहन करेगा, तो तुझे होगी। यह जैन सिद्धान्त का अभिप्राय है।

स्वर्ग एव मोक्षादि सुख के देने मे समाधि-मरण के सिवाय संसार मे कोई भी अन्य समर्थ नही है। इसलिए यह अवसर मुझे चूकना नही चाहिए। मरण तो इस आत्मा ने अनन्ती बार किये है। परन्तु विषय कषाय के वश होकर, आशा-तृष्णा सहित, असमाधि मरण किये। इससे मेरी कोई गरज नही सरी, उल्टी भवभ्रमण की सन्तति बढी, चतुर्गति मे गोते खाये। अब सद्गुरु की कृपा से मुझे वास्तविक ज्ञान हुआ है, सो अब सावधान होकर वाछा, तृष्णा रहित बनकर समाधिमरण की आराधना करूं।

यदि कोई परचक्री राजा किसी राजा को पकड़ कर पिंजरे में डाल देता है, जहा उसे खान-पानादि के अनेक कष्ट उठाने पड़ते हैं, वह पराधीन बन जाता है उसका कुछ भी जोर नहीं चलता है। उस समय उसकी खबर उसके किसी जबरदस्त मित्र राजा को मिलने पर जैसे वह अपने मित्र को परचक्री राजा की परतन्त्रता से छुड़ाकर सुखी कर देता है, उसी प्रकार कर्म रूपी शत्रु ने मुझे इस देह रूपी पिंजरे मे डाल कर, श्वासोच्छ्वास, क्षुधा, तृषा, ताड़न, तर्जन, रोग, शोक, शीत, ताप, दु.ख और पराधीनता से बाध दिया है। इस बन्धन से छुडाने वाला यह मृत्यु नामक मित्र ही है, जिसकी कृपा से मै स्वतन्त्र और सुखी बन सकूंगा।

चिन्तवन भावना

यह शरीर मेरा नही है, मैं किसी काल मे इस शरीर का नही हूं। यह शरीर स्थूल तथा क्षण भगुर है और मैं स्थिर तथा चैतन्य स्वरूप हूं। जन्म जरा मरण से उत्पन्न हुआ तथा रोग आधि-व्याधि से प्रकट हुआ दु:ख इस देह को होता है, मुझे नही। संसार मे सम्पत्ति या विपत्ति संयोग या वियोग से जो कुछ सुख-दुःख उत्पन्न होते है, वे सब पूर्व जन्म मे उपार्जन किये गये पुण्य-पाप के फल है।

यह मेरा किया हुआ ऋण ही है जो मैंने पहले असाता वेदनीय कर्म बाधा था। इस समय यह असाता वेद कर मैं उसी ऋण से हल्का हो रहा हू। इस प्रकार मन मे दृढता धारण करूं।

मै (चैतन्य) एक ज्ञायिक स्वभाव वाला हू, उसी का कर्ता-भोक्ता, और अनुभविता हू, सो ज्ञायिक का स्वभाव तो अविनाशी है। उसका किसी भी तरह विनाश नही होता। त्रिकाल मे अबाधित है फिर यह शरीर रहा तो क्या और गया तो क्या? रहते और जाते मेरा स्वभाव एक-सा है और एक-सा रहेगा, तब शरीर का विनाश होता देख चिन्ता किस बात की करूं?

---

(१४६)

दस पच्चक्खाण सूत्र

१. नमोक्कार सहियं

(नवकारसी)

उग्गए सूरे नमोक्कार सहियं पच्चक्खामि चउव्विहं पि आहारं असरा, पाणं, खाइमं, साइमं, अन्नत्थऽणाभोगेण, सहसागारेणं वोसिरामि ।

२. पोरिसि सूत्र

(पोरसी)

उग्गए सूरे पोरिसि पच्चक्खामि, चउव्विहं पि आहारं असणं, पाण, खाइम, साइमं, अन्नत्थणाभोगेणं, सहसागारेणं, पच्छन्नकालेणं, दिसामोहेणं, साहुवयणेणं, सव्व समाहिवत्तियागारेण वोसिरामि ।

३. पुरिमड्ढ सूत्र

(दो पोरसी)

उग्गए सूरे पुरिमड्ढ पच्चक्खामि । चउव्विह पि आहार असण, पाण, खाइम, साइमं, अन्नत्थऽणाभोगेण, सहसागारेण, पच्छन्नकालेणं, दिसामोहेण साहुवयणेणं महत्तरागारेण, सव्व समाहिवत्तियागारेण वोसिरामि ।

४. एगासण सूत्र

एगासणं पच्चखामि तिविहपि आहार असणं, खाइमं साइम अन्नत्थ-ऽणाभोगेणं सहसागारेण, सागारियागारेणं, आकुंचण पसारणेणं गुरुअब्भुट्ठा-णेण, परिट्ठावणियागारेण, महत्तरागारेण, सव्व समाहिवत्तियागारेणं वोसिरामि ।

५. एगट्ठाण सूत्र

एगासण एगट्ठाण पच्चक्खामि, तिविहपि आहार असणं खाइम, साइमं, अन्नत्थऽणाभोगेणं, सहसागारेणं, सागारियागारेण, गुरुअब्भुट्ठाणेणं, परिट्ठा-वणियागारेणं, महत्तरागारेण सव्वसमाहिवत्तियागारेण वोसिरामि ।

६. आयंबिल सूत्र

आयंबिलं पच्चक्खामि, अन्नत्थऽणाभोगेणं, सहसागारेणं, लेवालेवेणं, उक्खित्त विवेगेणं, गिहि-संसट्ठेणं, परिट्ठावणियागारेणं महत्तरागारेणं सव्व-समाहिवत्तियारेणं वोसिरामि ।

७. अभत्तट्ठ सूत्र (उपवास)

उग्गए सूरे अभत्तट्ठं पच्चक्खामि, चउव्विहंपि आहारं असणं, पाणं, खाइमं, साइमं, अन्नत्थऽणाभोगेणं, सहसागारेणं, परिट्ठावणियागारेणं, महत्त-रागारेणं, सव्वसमाहिवत्तियागारेण वोसिरामि ।

८. दिवसचरिम सूत्र

दिवसचरिमं पच्चक्खामि, चउव्विहं पि आहारं-असणं, पाण, खाइमं, साइमं, अन्नत्थऽणाभोगेणं, सहसागारेणं, महत्तरागारेणं सव्व समाहिवत्ति-यागारेणं वोसिरामि ।

९. अभिग्गह सूत्र

अभिग्गहं पच्चक्खामि, चउव्विहं पि आहारं असणं, पाणं, खाइमं, साइमं, अन्नत्थऽणाभोगेण, सहसागारेणं, महत्तरागारेणं सव्व समाहिवत्ति-यागारेणं वोसिरामि ।

१०. विगइय सूत्र

विगइओ पच्चक्खामि, अन्नत्थऽणाभोगेणं, सहसागारेणं, लेवालेवेणं, गिहत्थ संसट्ठेणं, उक्खित्तविवेगेणं, पडुच्चमक्खिएणं, परिट्ठावणियागारेणं, महत्तरागारेणं, सव्व समाहिवत्तियागारेण वोसिरामि ।

११. प्रत्याख्यानपारण सूत्र

उग्गए सूरे नमोक्कारसहियं.................पच्चक्खाणं कयं तं पच्चक्खाणं सम्मं मणेण, वायाए, कायेण फासिय, पालियं, तीरियं, किट्टियं, सोहियं, आराहियं । जं च न आराहियं, तस्स मिच्छामि दुक्कड ।

सूचना—रिक्त स्थान का अभिप्राय यह है कि जो पच्चक्खाण (प्रत्याख्यान) किया हो, उसका नाम बोले, जैसे कि नमोक्कार सहिय, पोरिसी, एगासणं आदि ।

१२. सागारी संथारा करने का हिन्दी पाठ

आहार, शरीर, उपधी, पचखूं पाप अठार ।
मरण पाऊँ तो वोसिरे, जीऊँ तो आगार ।।

सूचना—जब कोई अचानक संकट-काल आ जाए, या बीमारी आदि की भयंकर स्थिति हो, तो सागारी संथारा ऊपर के पाठ से किया जाता है । रात को सोते समय भी प्रात.काल उठने तक सागारी सथारा किया जाता है । सागारी सथारा तीन बार नवकार मत्र पढकर पारना चाहिए ।

१३. ११वां पौषध व्रत लेने का पाठ

एक्कारसं पोसहोववासव्वयं, असण-पाण-खाइम-साइम-पच्चक्खाणं, अबभ पच्चक्खाण, मणिसुवण्णाइ - पच्चक्खाणं, मालावण्णग - विलेवणाइ-पच्चक्खाणं, सत्थ - मूसलाइ - सावज्ज जोग पच्चक्खाण ।

जाव अहोरत्तं पज्जुवासामि दुविह तिविहेण न करेमि, न कारवेमि, मणसा, वयसा, कायसा, तस्स भते पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि ।

सूचना—पौषध लेने और पारने की विधि सामायिक की विधि के अनुसार ही है । गृहस्थोचित वस्त्र कोट, पेंट पाजामा और पगडी आदि उतार कर, शुद्ध दुपट्टा और धोती आदि धारण करके पौषध व्रत लेना चाहिए । नवकार मत्र से लेकर सब पाठ सामायिक ग्रहण करने के अनुसार ही पढने चाहिए । केवल जहा सामायिक मे 'करेमि भंते' बोला जाता है वहा ऊपर लिखित पौषध लेने का पाठ बोलना चाहिए । इसी प्रकार पौषध पारते समय जहां सामायिक पारने का 'एयस्स नवमस्स' पाठ बोला जाता है, वहा नीचे लिखा पौषध पारने का पाठ बोलना चाहिए ।

१४. पौषध व्रत पारने का पाठ

एक्कारसस्स पोसहोववासव्वयस्स पंच अइयारा जाणियव्वा, न समायरियव्वा, तंजहा—

अप्पडिलेहियं-दुप्पडिलेहियं-सिज्झा संथारए, अप्पमज्झियं-दुप्पमज्झियं सिज्जा संथारए, अप्पडिलेहियं दुप्पडिलेहियं उच्चार पासवण भूमि, अप्पमज्जियं दुप्पमज्जियं उच्चार पासवण भूमि, पोसहोववासस्स सम्मं अणुपालणा न कया तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

१५. संवर करने का पाठ

द्रव्य से पांच आस्रव सेवन का पच्चक्खाण, क्षेत्र से..........काल से ....भाव से उपयोगसहित, गुण से निर्जरा के हेतु तथा जब तक पांच नवकार महामन्त्र न पढ़ लूं तब तक दुविहं तिविहेणं न करेमि न कारवेमि, मणसा वयसा कायसा, तस्स भंते ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि।

सूचना—क्षेत्र और काल के स्थान मे जो जगह छोड़ी है, वहां क्रमशः जितने क्षेत्र की मर्यादा करनी हो, उतने क्षेत्र का परिमाण और जितने काल का संवर करना हो, उतने काल का परिमाण मूल पाठ में ही कह देना चाहिए। सात बार नवकार मन्त्र पढ़कर संवर खोलना चाहिए।

---

(१४७)

चौबीस तीर्थङ्कर कल्याणक तप

चैत्र

तीर्थङ्कर	तिथि	कल्याणक	मतान्तरेण तिथि
२३	वदि ४	च्यवन	
२३	वदि ४	केवल	

(८)

८	वदि	५	च्यवन
१	वदि	८	जन्म
१	वदि	६	दीक्षा
१७	सुदि	३	केवल
१४	सुदि	५	मोक्ष
२	सुदि	५	मोक्ष
३	सुदि	५	मोक्ष
५	सुदि	६	मोक्ष
५	सुदि	११	केवल
२४	सुदि	१३	जन्म
६	सुदि	१५	केवल

वैशाख

१७	वदि	१	मोक्ष
१०	वदि	२	मोक्ष
१७	वदि	५	दीक्षा
१०	वदि	६	च्यवन
२१	वदि	१०	मोक्ष
१४	वदि	१३	जन्म
१४	वदि	१४	दीक्षा
१४	वदि	१४	केवल
१७	वदि	१४	जन्म
४	सुदि	४	च्यवन
१५	सुदि	७	च्यवन
४	सुदि	८	मोक्ष
५	सुदि	८	जन्म
५	सुदि	६	दीक्षा

२४	सुदि १०	केवल
२३	सुदि १२	च्यवन
२	सुदि १३	च्यवन

जेठ

११	वदि ६	च्यवन
२०	वदि ८	जन्म
२०	वदि ९	मोक्ष
१६	वदि १३	जन्म
१६	वदि १३	मोक्ष
१६	वदि १४	दीक्षा
१५	सुदि ५	मोक्ष
१२	सुदि ९	च्यवन
७	सुदि १२	जन्म
७	सुदि १३	दीक्षा

असाढ़

१	वदि ४	च्यवन
१३	वदि ७	मोक्ष
२१	वदि ९	दीक्षा
२४	सुदि ६	च्यवन
२२	सुदि ८	मोक्ष
१२	सुदि १४	मोक्ष

श्रावण

११	वदि ३	मोक्ष
१४	वदि ७	च्यवन
२१	वदि ८	जन्म
१७	वदि ९	च्यवन

५	सुदि	२	च्यवन	
२२	सुदि	५	जन्म	
२२	सुदि	६	दीक्षा	
२३	सुदि	८	मोक्ष	
२०	सुदि	१५	च्यवन	

भादवा

१६	वदि	७	च्यवन	
८	वदि	७	मोक्ष	
७	वदि	८	च्यवन	
९	सुदि	९	मोक्ष	

आसोज

२२	वदि	३०	केवल	
२१	सुदि	१४	जन्म	

कार्तिक

३	वदि	५	केवलज्ञान	
२२	वदि	१२	च्यवन	
६	वदि	१२	जन्म	
६	वदि	१३	दीक्षा	(१२)
२४	वदी	३०	मोक्ष	
९	सुदि	३	केवल	(२)
१८	सुदि	१२	केवल	

मिगसर

९	वदि	५	जन्म	
९	वदि	६	दीक्षा	
२४	वदि	१०	दीक्षा	
६	वदि	११	मोक्ष	

१८	सुदि १०	जन्म
१८	सुदि १०	मोक्ष
१८	सुदि ११	दीक्षा
१९	सुदि ११	जन्म
१९	सुदि ११	दीक्षा
१९	सुदि ११	केवल
२१	सुदि ११	केवल
३	सुदि १४	जन्म
३	सुदि १५	दीक्षा

पौष

२३	वदि १०	जन्म
२३	वदि ११	दीक्षा
८	वदि १२	जन्म
८	वदि १३	दीक्षा
१०	वदि १४	केवल
१३	सुदि ६	केवल
१६	सुदि ९	केवल
२	सुदि ११	केवल
४	सुदि १४	केवल
१५	सुदि १५	केवल

माघ

६	वदि ६	च्यवन
१०	वदि १२	जन्म
१०	वदि १२	दीक्षा
१	वदि १३	मोक्ष
११	वदि ३०	केवल

४ सुहि २ जन्म
१२ सुदि २ केवल
१५ सुदि ३ जन्म
१३ सुदि ३ जन्म
१३ सुदि ४ दीक्षा
२ सुदि ८ जन्म
२ सुदि ९ दीक्षा
४ सुदि १२ दीक्षा
१५ सुदि १३ दीक्षा

फाल्गुण

७ वदि ६ केवल
७ वदि ७ मोक्ष
८ वदि ७ केवल
९ वदि ९ च्यवन
१ वदि ११ केवल
२० वदि १२ केवल
११ वदि १२ जन्म
११ वदि १३ दीक्षा (३०)
१२ वदि १४ जन्म
१२ वदि ३० दीक्षा
१८ सुदि २ च्यवन (१)
१९ सुदि ४ च्यवन
३ सुदि ८ च्यवन
२० सुदि १२ दीक्षा
१९ सुदि १२ मोक्ष

(१४८)

तिथि आदि का विचार

जैन ज्योतिष में पन्द्रह तिथियों के पांच प्रकार बताए गए हैं :—नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता और पूर्णा। इनमें रिक्ता ४, ९, १४ शुभ कार्य में वर्जनीय है, बाकी सब शुभ हैं। कौन से दिन कौन-सी तिथि होती है, इसके लिए नीचे का यंत्र देखिये—

१	६	११	नन्दा
२	७	१२	भद्रा
३	८	१३	जया
४	९	१४	रिक्ता
५	१०	१५	पूर्णा

सिद्धि-योग

नन्दा तिथि को शुक्रवार हो, भद्रा को बुद्धवार हो, जया को मंगलवार हो, रिक्ता को शनिवार और पूर्णा को गुरुवार हो, तो सिद्धि योग माना जाता है। सिद्धि योग में किए हुए शुभ कार्य सफल होते हैं। यन्त्र से स्पष्टतया समझ लीजिए कि कौन-सी तिथि और कौन-से बार को सिद्धि-योग होता है।

सिद्धि-योग

१	६	११	शुक्रवार
२	७	१२	बुद्धवार
३	८	१३	मंगलवार
४	९	१४	शनिवार
५	१०	१५	गुरुवार

मृत्यु-योग

१	६	११	रवि, मगल
२	७	१२	सोम, गुरु
३	८	१३	बुधवार
४	९	१४	शुक्रवार
५	१०	१५	शनिवार

सूचना— मृत्यु-योग अशुभ माना जाता है, इसलिए कोई भी शुभ कार्य इन दिनों मे प्रारम्भ नही करना चाहिये ।

सूर्य-दग्धा तिथि—धन तथा मीन संक्रान्ति की दूज, वृष तथा कुम्भ की चौथ, मेप तथा कर्क की छठ, कन्या तथा मिथुन की आठम, वृश्चिक तथा सिंह की दशमी, मकर तथा तुला संक्रान्ति की वारस सूर्यदग्धा तिथि होती है। इन तिथियो का सभी शुभ कार्यों मे निषेध है।

चन्द्र-दग्धा तिथि—धन तथा कुम्भ राशि का चन्द्रमा होने पर दूज, मेप तथा मिथुन राशि का चन्द्रमा होने पर चौथ, तुला तथा सिंह राशि का चन्द्रमा होने पर छठ, मीन तथा मकर राशि का चन्द्रमा होने पर आठम, वृप तथा कर्क राशि का चन्द्रमा होने पर दशमी, वृश्चिक तथा कन्या राशि का चन्द्रमा होने पर वारस चन्द्र-दग्धा तिथि मानी जाती है। शुभ कार्य आरम्भ करते समय इनका भी निषेध है।

अमृत-सिद्धि-योग—रविवार को हस्त नक्षत्र हो, गुरुवार को पुण्य हो, बुधवार को अनुराधा हो, शनिवार को रोहिणी हो, सोमवार को मृगशिर हो, शुक्रवार को रेवती हो, और मंगलवार को अश्विनी नक्षत्र हो—तो अमृत सिद्धि योग वनता है। इस योग मे किए गए कार्य शीघ्र सिद्ध हो जाते हैं।

विजय-योग—विजय योग नित्य प्रति आता है। प्रत्येक दिन के चार प्रहर होते हैं। उनमें पहले दो प्रहर की आखिरी घड़ी और आगे के दो प्रहर की पहली घड़ी, विजय योग की होती है। इस योग में किये हुए कार्य सफल होते हैं। जैन ज्योतिष मे इसकी बड़ी महिमा है।

चन्द्रविचार—राशि	दिशा
मेप, सिंह, धनु	पूर्व मे

वृष, कन्या, मकर	दक्षिण मे
मिथुन, तुला, कुम्भ	पश्चिम मे
वृश्चिक, कर्क, मीन	उत्तर मे

सूचना :—यात्रा मे सम्मुख चन्द्रमा हो तो अर्थ का लाभ होता है, दाहिनी तरफ हो तो सुख तथा सम्पत्ति, पीठ पीछे हो तो प्राणो की पीड़ा और बाई तरफ हो तो धन का क्षय होता है।

दिशा-शूल विचार—सोम और शनिवार	—	पूर्व दिशा मे
गुरुवार	—	दक्षिण दिशा मे
रवि और शुक्रवार	—	पश्चिम दिशा मे
बुध और मगलवार	—	उत्तर दिशा मे

सूचना :—यात्रा मे यानि परदेश गमन मे दिशा-शूल सामने और दाहिने अच्छा नही होता है। यदि किसी आवश्यक कार्य के लिए दिशा-शूल के होते भी जाना पडे तो एक प्राचीन कथन के अनुसार नीचे लिखी वस्तुओ का वार के क्रम से सेवन करें।

गुड़ मगल, बुध खांड, वृहस्पति राई खाजे,
शुक्र वायबिडग, शनिश्चर दही खाजे।
रवि तावूल लीजे, सोम दर्पण देखीजे, एत्ता कर,
आवश्यक हो तो दिशा शूल भी जाजे॥

दिन का चौघड़िया

रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल
चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल
शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल

सूचना :—ऊपर के कोष्टक से यह समझना चाहिये कि जिस दिन जो वार हो, उस दिन उसी वार के नीचे लिखा हुआ चौघड़िया (चार घड़ी का समय) सूर्योदय के समय मे वैठता है वह पहला चौघड़िया समझना चाहिये। उसके उतरने के वाद उस वार से छठे वार का चौघड़िया वैठता है वह उस वार का दूसरा चौघड़िया समझना चाहिये। दूसरे के उतरने के वाद उस छठे वार से छठे वार का चौघडिया वैठता है, वह उस वार का तीसरा चौघड़िया समझना चाहिये। यही क्रम आगे भी समझना।

उदाहरण के लिए देखिये—रविवार के दिन पहला उद्वेग नामक चौघड़िया है। उसके उतरने के वाद रविवार से छठा वार शुक्र है, जिसका

चौघड़िया चल है, सो यह रविवार का दूसरा चौघड़िया हुआ, इसी क्रम से प्रत्येक वार के दिन भर का चौघड़िया जान लेना चाहिये।

एक चौघड़िया डेढ़ घण्टे तक रहता है; अर्थात् सवेरे के छह बजे से लेकर शाम के छह बजे तक बारह घण्टो मे आठ चौघडिये व्यतीत होते हैं। इनमें से अमृत, शुभ, और लाभ ये तीन चौघडिये उत्तम हैं। तथा उद्वेग, रोग, काल, ये तीन चौघड़िये अशुभ हैं। चल नामक चौघड़िया मध्यम है। कोई भी शुभ कार्य अच्छे चौघडियो मे करना अच्छा माना जाता है।

रात्रि का चौघड़िया

रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग
चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल
लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल
शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ

सूचना :—इस कोष्ठक मे पहले कोष्ठक से केवल इतना ही अन्तर है कि एक बार के पहिले चौघडिये के उतरने के बाद उस वार से पाचवें वार

का दूसरा चौघड़िया बैठता है यानि आरम्भ होता है। शेष सब विषय ऊपर दिन के चौघड़िया के अनुसार ही है।

सब कामों में वर्जित ज्वालामुखी योग—प्रतिपदा तिथि (एकम) को मूल नक्षत्र, पंचमी को भरणी, अष्टमी को कृत्तिका, नौमी को रोहिणी, दसमी को अश्लेषा नक्षत्र हो तो ज्वालामुखी योग होता है।

दिशाओं मे वर्जित नक्षत्र—रोहिणी नक्षत्र हो तो पूर्व मे, श्रवण हो तो पश्चिम मे, चित्रा हो तो दक्षिण मे और हस्त हो तो उत्तर दिशा मे नही जाना चाहिये।

किस दिशा में कौन-सा वार लाभप्रद—मंगल और बुधवार पूर्व दिशा मे, सोम और शनिवार दक्षिण दिशा मे, गुरुवार पश्चिम दिशा मे, रविवार और शुक्रवार उत्तर दिशा मे यात्रा हेतु लाभप्रद माना जाता है।

---

(१४६)

चौबीस तीर्थङ्करों के नाम

१. श्री ऋषभ देवजी
२. ,, अजितनाथजी
३. ,, संभवनाथजी
४ ,, अभिनंदनजी
५. ,, सुमतिनाथजी
६ ,, पद्मप्रभुजी
७. ,, सुपार्श्वनाथजी
८. ,, चन्द्रप्रभुजी
६. ,, सुविधिनाथजी
१०. ,, शीतलनाथजी
११. ,, श्रेयासनाथजी
१२. ,, वासुपूज्यजी
१३. श्री विमलनाथजी
१४. ,, अनन्तनाथजी
१५. ,, धर्मनाथजी
१६. ,, शान्तिनाथजी
१७. ,, कुन्थुनाथजी
१८. ,, अरहनाथजी
१६. ,, मल्लिनाथजी
२०. ,, मुनि सुव्रतजी

२१. श्री नमिनाथजी
२२. ,, अरिष्टनेमिजी
२३. श्री पार्श्वनाथजी
२४ ,, महावीरस्वामीजी

बीस विहरमानों के नाम

१ श्री सीमंधरस्वामी
२. ,, युगमधरस्वामी
३. ,, बाहुस्वामी
४. ,, सुबाहुस्वामी
५ ,, स्वयंप्रभस्वामी
६. ,, अनंतवीर्यस्वामी
७ ,, ऋषभाननस्वामी
८. ,, सूरप्रभस्वामी
९. ,, सुजातस्वामी
१० ,, वज्रधरस्वामी
११ श्री चंद्राननस्वामी
१२ ,, चंद्रबाहुस्वामी
१३ ,, भुजगस्वामी
१४. ,, ईश्वरस्वामी
१५. ,, विशालधरस्वामी
१६. ,, नेमीश्वरस्वामी
१७ ,, वीरसेनस्वामी
१८. ,, महाभद्रस्वामी
१९. ,, देवयशस्वामी
२०. ,, अजितवीर्यस्वामी

ग्यारह गणधरों के नाम

१. श्री इन्द्रभूतिजी
२. ,, अग्निभूतिजी
३. ,, वायुभूतिजी
४ ,, व्यक्तस्वामीजी
५. ,, सुधर्मास्वामीजी
६ श्री मण्डितपुत्रजी
७ ,, मौर्यपुत्रजी
८ ,, अकंपितजी
९ ,, अचलभूतिजी
१० ,, मेतार्यजी
११ ,, प्रभासजी

सोलह सतियों के नाम

१ श्री ब्राह्मीजी
२. ,, सुन्दरीजी
३. ,, कौशल्याजी
४. श्री सीताजी
५ ,, राजुलमतीजी
६ ,, कुन्तीजी

७. श्री द्रौपदीजी
८ ,, चन्दनबालाजी
९ ,, मृगावतीजी
१० ,, पुष्प चूलाजी
(श्री चेलनाजी)
११ श्री प्रभावतीजी
१२. श्री सुभद्राजी
१३. ,, दमयंतीजी
१४. ,, सुलसाजी
१५. ,, शिवादेवीजी
१६. ,, पद्मावतीजी

आनुपूर्वी

जहा १ है वहां णमो अरिहंताणं कहें ।
जहां २ है वहां णमो सिद्धाणं कहें ।
जहा ३ है वहां णमो आयरियाणं कहे ।
जहां ४ है वहां णमो उवज्झायाणं कहें ।
जहां ५ है वहां णमो लोऐ सव्व साहूणं कहे ।

आनुपूर्वी पढ़ने का फल

आनुपूर्वी गुणजो जोय छम्मासी तप नो फल होय ।
सदेह मत आणो लीगार निर्मल मने जपो नवकार ॥
जिनवाणी का सार है, मन्त्रराज नवकार ।
भाव सहित जपिये सदा यही जैन आचार ॥
मन्त्रराज नवकार हृदय मे, शान्ति सुधारस बरसाता ।
लौकिक जीवन सुखमय करके, अजर-अमर पद पहुंचाता ॥
अशुभ कर्म के हरण कूं मन्त्र बड़ो नवकार ।
वाणी द्वादश अग में देख लियो तत्व सार ॥

————

3

१	३	४	२	५
३	१	४	२	५
१	४	३	२	५
४	१	३	२	५
३	४	१	२	५
४	३	१	२	५

4

२	३	४	१	५
३	२	४	१	५
२	४	३	१	५
४	२	३	१	५
३	४	२	१	५
४	३	२	१	५

5

१	२	३	५	४
२	१	३	५	४
१	३	२	५	४
३	१	२	५	४
२	३	१	५	४
३	२	१	५	४

6

१	२	५	३	४
२	१	५	३	४
१	५	२	३	४
५	१	२	३	४
२	५	१	३	४
५	२	१	३	४

8

२	३	५	१	४
३	२	५	१	४
२	५	३	१	४
५	२	३	१	४
३	५	२	१	४
५	३	२	१	४

7

१	३	५	२	४
३	१	५	२	४
१	५	३	२	४
५	१	३	२	४
३	५	१	२	४
५	३	१	२	४

9

१	२	४	५	३
२	१	४	५	३
१	४	२	५	३
४	१	२	५	३
२	४	१	५	३
४	२	१	५	३

10

१	२	५	४	३
२	१	५	४	३
१	५	२	४	३
५	१	२	४	३
२	५	१	४	३
५	२	१	४	३

12

२	४	५	१	३
४	२	५	१	३
२	५	४	१	३
५	२	४	१	३
४	५	२	१	३
५	४	२	१	३

11

१	४	५	२	३
४	१	५	२	३
१	५	४	२	३
५	१	४	२	३
४	५	१	२	३
५	४	१	२	३

14

२	२	२	२	२	२
४	४	४	४	४	४
५	५	३	३	१	१
३	१	५	१	५	३
१	३	१	५	३	५

13

२	२	२	२	२	२
५	५	५	५	५	५
४	४	३	३	१	१
३	१	४	१	४	३
१	३	१	४	३	४

15

१	४	५	३	२
४	१	५	३	२
१	५	४	३	२
५	१	४	३	२
४	५	१	३	२
५	४	१	३	२

16

३	४	५	१	२
४	३	५	१	२
३	५	४	१	२
५	३	४	१	२
४	५	३	१	२
५	४	३	१	२

18

२	३	५	४	१
३	२	५	४	१
२	५	३	४	१
५	२	३	४	१
३	५	२	४	१
५	३	२	४	१

17

२	३	४	५	१
३	२	४	५	१
२	४	३	५	१
४	२	३	५	१
३	४	२	५	१
४	३	२	५	१

20

१	१	१	१	१	१
२	२	२	२	२	२
५	५	४	४	३	३
४	३	५	३	५	४
३	४	३	५	४	५

19

१	१	१	१	१	१
३	३	३	३	३	३
५	५	४	४	२	२
४	२	५	२	५	४
२	४	२	५	४	५

(१५०)

अस्वाध्याय के ३४ कारण

(क) आकाश सम्बन्धी अस्वाध्याय की काल मर्यादा

१. बड़ा तारा टूटे तो	.... एक पहर तक
२. उदय अस्त के समय लाल दिशा हो तो	... जब तक रहे
३. अकाल मे मेघ गर्जना हो तो	.... दो पहर तक
४. अकाल मे बिजली चमके तो	एक पहर तक
५. अकाल मे बिजली कडके तो	.... दो पहर तक
६. शुक्ल पक्ष की एकम् दूज व तीज की रातें	... एक पहर रात्रि तक
७. आकाश मे यक्ष का चिह्न हो तो	.... जब तक दिखाई दे
८. काली धूअर हो तो	.... जब तक रहे
९. सफेद धूअर हो तो	.... जब तक रहे
१०. आकाश मण्डल धूलि से आच्छादित हो तो	.... जब तक रहे

(ख) औदारिक एवं ग्रहण सम्बन्धी

११. तिर्यञ्च जीवो के हड्डी, रक्त एव मास ६० हाथ के भीतर हो तो	.... जब तक रहे
१२. मनुष्य के हड्डी, रक्त एवं मास १०० हाथ के भीतर हो तो	.... जब तक रहे
१३. मनुष्य की हड्डी, यदि जली या धुली न हो तो	.... १२ वर्ष तक
१४. अशुचि की दुर्गन्ध	... जब तक आए या दिखाई दे तब तक
१५. श्मशान भूमि	सो हाथ से कम दूर हो तो

१६. चन्द्र ग्रहण खण्ड अवस्था में	....	८ पहर तक
पूर्ण अवस्था में		१२ पहर तक
१७. सूर्य ग्रहण खण्ड अवस्था मे	....	१२ पहर तक
पूर्ण अवस्था में		१६ पहर तक
१८. राजा अथवा गणाधिपति का अवसान होने पर	....	जब तक उत्तराधिकारी घोषित न हो तब तक
१९. युद्ध स्थान के निकट	....	जब तक युद्ध चले तब तक
२०. उपाश्रय अथवा स्वाध्याय स्थान मे पंचेन्द्रिय का शव पड़ा होने पर	....	जब तक पड़ा रहे तब तक

(ग) अन्य

२१. आषाढ मास की पूर्णिमा	....	१ दिन रात
२२. भाद्रपद मास की पूर्णिमा	....	१ दिन रात
२३. आश्विन मास की पूर्णिमा	....	१ दिन रात
२४. कार्तिक मास की पूर्णिमा	....	१ दिन रात
२५ चैत्र मास की पूर्णिमा	....	१ दिन रात
२६ आषाढ़ पूर्णिमा के वाद की प्रतिपदा	....	१ दिन रात
२७. भाद्रपद पूर्णिमा के वाद की प्रतिपदा	....	१ दिन रात
२८. आश्विन पूर्णिमा के वाद की प्रतिपदा	....	१ दिन रात
२९. कार्तिक पूर्णिमा के वाद की प्रतिपदा	....	१ दिन रात
३०. चैत्र पूर्णिमा के वाद की प्रतिपदा	....	१ दिन रात
३१. प्रातः	....	१ मुहूर्त्त भर
३२. मध्याह्न	...	१ मुहूर्त्त भर
३३. संध्या	....	१ मुहूर्त्त भर
३४. अर्द्ध रात्रि	...	१ मुहूर्त्त भर

नोट.– (१) उपरोक्त अस्वाध्याय के ३४ कारणों के समय को छोड कर वाकी समय मे स्वाध्याय करना चाहिये। खुले मुंह नही वोलना चाहिये एव दीपक के उजाले मे नही वाचना चाहिये।

(२) मेघ गर्जनादि मे अकाल आर्द्रा नक्षत्र से पूर्व और स्वाति नक्षत्र से वाद का माना गया है।

---

(१५१)

शिवमस्तु सर्वजगत. परहित-निरता' भवन्तु भूतगणा. ।
दोषाः प्रयान्तु नाश, सर्वत्र सुखी भवतु लोकः ॥